# मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश, सत्यानंद भोक्ता ने किया पदभार ग्रहण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कई दिनों की उठापटकके बाद मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस में हलचल देखने को मिली। हेमंत सोरेन कैबिनेट के कई मंत्रियों ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। यहां पहली बार मंत्री बने इरफान असांरी और दीपिका पांडेय सिंह ने अपने-अपने मंत्रालय में योगदान दिया, वहीं सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता ने भी अपने-अपने मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया। इन मंत्रियों को उनके पुराने विभाग ही मिले हैं।

## इरफान और दीपिका ने भी संभाली कमान,अधिकारियों को किया अलर्ट

### अधिकारियों को ईडी-फिडी से डरने की जरूरत नहीं : इरफान



ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि समय बहुत कम है और कार्य अधिक है। इसलिए 24 गुणा 7 कार्य करना है। सभी अधिकारियों को काम करना होगा। किसी भी अधिकारी को ईडी-फिडी से डरने की जरूरत नहीं है। हेमंत सरकार में जो जिम्मेवारी मिली है, उसे समय रहते पूरा करना है। सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 4.50 लाख आवासहीन गरीब परिवार को आवास निर्माण कर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आदिम जनजाति के ग्रामों को सड़क से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत जिन ग्रामों को अभी तक सम्पर्क पथ से नहीं जोड़ा गया उन ग्रामों को जल्द ही सड़क निर्माण कर सम्पर्क कराया जाएगा। बिरसा हरित ग्राम योजनान्तर्गत 1 लाख एकड़ भूमि के सिंचित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### कई प्रक्रियाएं सरल बनाने की कोशिश : बन्ना



मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। बन्ना गुप्ता ने एक बार फिर से स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री के पद पर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह ने मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मेरा विभाग मानवता का विभाग है। लोगों को बेहतर सेवा मिल सके। हर कोई स्वास्थ रहे यही कामना करता हूं। कई प्रक्रियाओं को सरल बनाने जा रहा हूं, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। बन्ना गुप्ता ने ईडी के संबंध में कहा कि ईडी सुप्रीम कोर्ट जाकर संवैधानिक प्रक्रिया का पालन कर रही है। हेमंत सोरेन पहले से और मजबूत हो गये है। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का भी सहयोग है।

### हर पंचायत में 15 नलकूप जल्द : मिथिलेश



पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने नेपाल हाउस मंत्रालय में मंगलवार को पदभार संभाला। ठाकुर ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी चुनौती हर घर नल जल योजना के तहत घरों तक पानी पहुंचाना है। झारखंड सरकार हर पंचायत में 15-15 नलकूप की स्थापना कर रही है। योजना को मंजूरी मिल गयी है। अब ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

### 20 हजार युवाओं को जल्द रोजगार : भोक्ता



सत्यानंद भोक्ता झारखंड सरकार में पांचवी बार मंत्री बने है। मंत्रालय में पदभार ग्रहण करने के बाद भोक्ता ने कहा कि विभाग लगातार राज्य के युवाओं के रोजगार को लेकर गंभीर है और उस दिशा में कार्य भी किया जा रहा। वाले दिनों राज्य के 20000 युवक-युवतियों को रोजगार दिया जाएगा।

### किसानों का दो लाख लोन माफ जल्द : दीपिका



कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। नेपाल हाउस मंत्रालय में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पदभार ग्रहण करते ही दीपिका एक्शन में नजर आईं। पद संभालने के बाद जोहार लाइव से बातचीत में दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार के पास कम समय बचे है। ऐसे में सभी योजनाओं को धरातल पर उतराने की कोशिश होगी। उन्होंने कहा कि पहले विधायक थीं तब भी किसानों की समस्या को दूर करने का काम करती थीं। मंत्री ने कहा कि हाल ही में सरकार ने किसानों का दो लाख रुपये लोन माफ करने का फैसला लिया है। वह इसे जल्द पूरा करने का काम करेंगी। कहा कि झारखंड का कोई भी किसान अब बदहाल नहीं रहेगा। सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि खेती सिंचाई पर निर्भर है। किसानों तक पानी पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। मेरा प्रयास होगा कि राज्य के किसानों का जीवन आसान हो। किसानों की खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए कृषि विभाग के अंदर इंटर डिपार्टमेंट बनाने की कोशिश होगी, जो विभाग और किसानों के बीच सामंजस्य स्थापित करे। दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि कृषि विभाग के में काम करने वाले लोग भी अपनी मांगें सरकार के पास रखते रहे हैं। विभाग में काम करने वालों की भी समस्याओं को दूर करने उनकी प्राथमिकता है।


**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार**
Sadar Hospital Campus, Latehar.
E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

ज्ञापांक-................/ दिनांक-................/

**निविदा शुद्धि-सूचना**

जिला लातेहार अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अधीन सिविल सर्जन, लातेहार के विभागीय कार्यो के दैनिक उपयोग हेतु बाह्यस्रोत (Outsource) के तहत किराये पर वाहन लिये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा प्रकाशित की गई थी जिसका पी0आर0 नं0 327194 Health Med Edu and Family Welfare (24-25#D है। प्रकाशित निविदा के तहत निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि-06.07.2024 निर्धारित थी। अंतिम तिथि तक मात्र 02 (दो) निविदा प्राप्त होनें की स्थिति में निविदा समर्पित करनें की अंतिम तिथि दिनांक-13.07.2024 तक विस्तारित की जाती है एवं निविदा खुलनें की तिथि-15.07.2024 निर्धारित की जाती है।

निविदा की सभी शर्ते यथावत रहेंगी। वैसे निविदादाता जिनके द्वारा निविदा समर्पित की जा चुकी है, उन्हें अलग से निविदा समर्पित करनें की आवश्यकता नही है।

Note: Further details can be seen, downloaded through website http://latehar.nic.in.

PR 329014 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER DRINKING WATER AND SANITATION DIVISION, RANCHI EAST, RANCHI**

**E-Request For Proposal Notice**
**1st Call**

e-Tender Notice No.– LAB/DWSD/12/2024-25 Dated – 08/07/2024

| Sl. | कार्य का नाम | EXPRESSION OF INTEREST FROM TECHNICAL MANPOWER PROVIDING AGENCIES FOR PROVIDING HUMAN RESOURCES IN ZONE 3 (SAHEBGUNJ, GODDA, PAKUR, DUMKA, JAMTARA, DEOGHAR, GIRIDIH, DHANBAD AND BOKARO) WATER TESTING LABORATORIES OF JHARKHAND UNDER DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT, JHARKHAND |
|---|---|---|
| 2. | परिमाण विपत्र मुल्य एव अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मुल्य (10,000) एवं अग्रधन की राशि (4,00,000) |
| 3 | वेबसाइट में निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | 15.07.2024 at 1:00PM से। |
| 4 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 18.07.2024 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM |
| 5 | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 24.07.2024 at 5:00PM |
| 6 | ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.07.2024 at 2:00PM |
| 7 | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division- Ranchi East, Ranchi - 834002 |
| 8 | ई-मेल | eedwsd.ranchieast@gmail.com |
| 9 | ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या | 9431687981 |

NB:- For Details
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई-गवर्नैंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।

PR 329042 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)


## झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी का बैठक मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर अतिथि झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नवनियुक्त मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं इरफान अंसारी मौजूद थे। बैठक में झारखंड प्रभारी इशिता सेढ़ा ने अगले तीन माह के लिए युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों को टास्क दिया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड कमिटी में सुधार कर के 7 दिनों के भीतर पूर्ण कमिटी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हम युवा कांग्रेस के साथ खड़े हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में युवाओं के दम पर चुनाव जीतेंगे। वहीं मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि मैं युवा कांग्रेस का ही प्रोडक्ट हूँ और मेरे जीत में युवा कांग्रेस का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे बखूबी निभाऊंगी और युवा कांग्रेस के साथी को जहां मेरी जरूरत पड़ेगी वहां साथ रहूंगी। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि युवा कांग्रेस के साथ इससे जुड़े हर कार्यकर्त्ता को मजबूत करने की आवश्यकता है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अभिजीत राज ने कहा कि अगले एक महीने में प्रखंड से पंचायत तक संगठन को ले जाएंगे और सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को हर घर तक पहुंचाने का कार्य करेगें। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जिताने का कार्य करेंगे।

## राज्य को ठगबंधन सरकार से मुक्ति दिलाने का लें संकल्प : सुनील सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/बरहेट।** भाजपा के पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कार्यकर्ताओं से गठबंधन सरकार को ध्वस्त करने की अपील की है। श्री सोरेन मंगलवार को बूथ स्तर के कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा केलिये जूझता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है।इनका मान सम्मान बढ़ाना नेतृत्व का कर्तव्य है। राज्य की भ्रष्ट, निकम्मी गठबंधन सरकार से मुक्ति दिलाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह धोखेबाज सरकार है। इसने युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता का वादा कर वोट तो प्राप्त किया लेकिन सत्ता में आते ही भुला दिया। सदन में मुख्यमंत्री ने 5 लाख नौकरी देने, बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही। लेकिन नौकरी देने के नाम पर नौकरियों की बोली लगाई गई। प्रश्न पत्र लाखों में बेचे गये। जेपीएससी जेएसएससी की सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। उन्होंने कहा कि राज्य में खनिज संसाधनों, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। बिना पैसे का कोई काम नही होता है। भ्रष्टाचार के कारण राज्य के पूर्व मंत्री जेल में हैं। मुख्यमंत्री बेल पर बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के 52 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की बढ़त हुई है। एनडीए ने 9 लोकसभा सीट जीता है।

## खबर एक नजर में

### हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा, 13 वर्षों के बाद भी धनबाद में रिंग रोड क्यों नहीं बनी?

**रांची।** धनबाद में वर्ष 2011 मे प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने को झारखंड हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। इससे संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मौखिक कहा कि 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी धनबाद में रिंग रोड के निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया, इसके लिए जमीन भी राज्य सरकार ने लोगों से अधिग्रहित कर ली है। जमीन अधिग्रहण को लेकर मुआवजा के रूप में सरकार ने 76 करोड़ रुपए भी खर्च कर दिया है, लेकिन अब तक इसका निर्माण कार्य क्यों नहीं शुरू किया गया? जमीन अधिग्रहण होने से कई लोगों की जमीन चली गई, लेकिन वर्षों बाद भी उनकी जमीन का सदुपयोग नहीं हुआ। कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि धनबाद में रिंग रोड बनाने को लेकर क्या कार्रवाई की गई? मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 16 मई 2011 को राज्य सरकार ने धनबाद में रिंग रोड बनाने के लिए अधिसूचना निकली थी। सरकार की एजेंसी झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार को रिंग रोड बनाने की जिम्मेदारी मिली थी। लेकिन रिंग रोड के लिए कोई प्लान नहीं बनाया गया और इसका निर्माण कार्य 13 वर्षों के बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हुआ है। सरकार की ओर से वर्ष 2011 में ही धनबाद के धनसार, झरिया, मनाइटाड़ आदि जगह में लोगों की जमीन ली गई थी, जिसमें जमीन अधिग्रहण के मद में राज्य सरकार की ओर से 76 करोड़ रुपए की राशि को खर्च की गई थी।

### छवि रंजन की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 30 को

**रांची।** सेना की कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़े के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को जेल से निकलने के लिए इंतजार करना होगा। उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका पर 30 जुलाई को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की खंडपीठ में सोमवार को सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख सूचीबद्ध की गई है। निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन ने पीएमएलए कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के बाद झारखंड हाईकोर्ट में जमानत की गुहार लगाई थी। वहां से भी राहत नहीं मिलने पर सुप्रीम कोर्ट में जमानत की गुहार लगाते हुए नवंबर 2023 में एसएलपी दाखिल की है, जिस पर सुनवाई जारी है। छवि रंजन को ईडी ने सेना की कब्जेवाली जमीन के फर्जीवाड़े में संलिप्त होने के आधार पर 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है।

### बायो मेडिकल वेस्ट के उचित निष्पादन मामले की सुनवाई 16 को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी और जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ में मंगलवार को अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के उचित निष्पादन को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। मामले में अगली सुनवाई 16 जुलाई को निर्धारित की गई है। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से पूछा था कि राज्य में अब तक कितने सरकारी और निजी अस्पताल चल रहे हैं। कितने निबंधित हैं और कितने बिना निबंधन के चल रहे हैं। निजी अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट को निष्पादित करने के लिए डिस्पोजल सेंटर भेजा जाता है या नहीं। इस संबंध में झारखंड ह्यूमन राइट कॉन्फ्रेंस नामक संस्था की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि निजी अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्ट को निष्पादित करने की मशीन नहीं है। इसलिए, मेडिकल कचरा सड़क पर ही फेंक दिया जाता है। ऐसा करना मनुष्य एवं जानवरों के लिए घातक है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता समावेश भंजदेव ने पक्ष रखा।

### मारपीट के दोषी को छह माह कैद की सजा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी परिधि शर्मा की अदालत ने नौ साल पुराने मारपीट करने एवं आपराधिक धमकी देने से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुये अभियुक्त त्रिलोकी गोंझू को दोषी पाकर छह महीने साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त सिल्ली के लुपुंग पंचायत के मुखिया सीमा कुमारी का भाई है। उस पर प्रभात कुमार सिंह के साथ मारपीट करने का आरोप था। घटना को लेकर प्रभात कुमार सिंह ने 16 अक्तूबर 2015 को सिल्ली थाना में कांड संख्या 104/2015 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर पड़ी राज्य सरकार : भाजपा

**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार की नाकामियों एवं कुकृत्यों के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी सरकार में वापस नहीं आयेगी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि अब यह राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर पड़े हैं और दिन में ही बड़े.बड़े सपने देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार के बारे में प्रचलित कहावत है कि कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नहीं। बेरोजगार, किसान, महिला, युवा, मध्यम वर्ग सब इस सरकार के गलत निर्णयों और भ्रष्टाचार का शिकार हुये है। यह सरकार अब दोबारा सत्ता में कभी नहीं आने वाली है।वैसे भी एनडीए को पिछले लोकसभा चुनाव में 52 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी।वहीं सत्ताधारी गठबंधन 27 सीटों पर सिमट गया था।

उन्होंने कहा कि इस सरकार को बाबूलाल मरांडी जी का खौफ हमेशा सर चढ़ कर बोलता है। इन लोगों को सोते जागते बाबूलाल ही याद आते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग आज बाबूलाल मरांडी को कभी मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब नहीं देखने की बात कह रहे हैं, वह अगले चुनाव के बाद बेरोजगार हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो गलत बयानी पर उतर आई है। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट और सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट निर्णय है की बेल के समय की गई टिप्पणियां किसी केस के मेरिट का आधार नहीं हो सकता। झामुमो यह कैसे भूल रही है कि इसी हाईकोर्ट की डबल बेंच जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश कर रहे थे, उसने 3 मई को केस संख्या 68/2024 में टिप्पणी करते हुये कहा था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जमीन लूट के प्रथम दृष्टया प्रमाण मिलते हैं। उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने ईडी की प्रारंभिक कार्रवाई को सही ठहराया था। उन्होंने कहा कि भाजपा अभी भी मानती है कि मंत्री हफीजुल हसन का जो शपथ ग्रहण था, वह बिल्कुल असंवैधानिक था और यह मामला अभी राज्यपाल के पास लंबित है ।

लेकिन, गठबंधन उनका फैसला आने से पहले क्लीन चिट दे रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी सीमा से बड़े पैमाने पर जो घुसपैठिये भीतर घुस आये हैं। उनका राज्य सरकार राजनीतिक संरक्षण दे रही है। उनसे राजनीतिक घुसपैठ भी करा रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने जब झामुमो को घुसपैठ के मुद्दे पर शीशा दिखाया तो इनको मिर्ची लग गई।


**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of Additional Class Room in Existing Secondary and Higher Secondary Schools located in 05 different Districts of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 31.07.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/725/2022/Part II/2469 Ranchi, Date : 08.07.2024

Sd/- (Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 328997 Jharkhand Education Project Council (24-25)_D

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com

**-TENDER NOTICE**
**NIT No. – 80/PR/ JUSNL/ 2024-25**

e-Tenders are invited from reputed financially sounds and experienced manufacturers /authorized Channel partner/authorized Dealer only having adequate experience for Manufacturing & supply of materials detailed as below : - : -

| Name of work | Procurement of 220 kV, 132 kV & 33 kV Potential Transformer for various Grid Sub-Station in JUSNL |
|---|---|
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 1,19,89,410.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 2,40,000.00On line mode |
| Delivery | Delivery should completed within (04) Four months from the date of issue of Letter of Intent |
| e-Tender fee | Rs. 15,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 12.07.2024 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 12.07.2024 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 01.08.2024 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 02.08.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (8987421011) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP) JUSNL, Ranchi

PR.NO.329103 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D


## नक्सलियों को आज कोल्हान बंद, अलर्ट पर पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कोल्हान में पुलिस के हाथ हर मोर्चे पर नाकाम हो रहे नक्सलियों ने आज बंद का आह्वान किया है। 10 जुलाई को भाकपा माओवादियों ने कोल्हान बंद का ऐलान किया है। बंद के मद्देनजर झारखंड पुलिस के द्वारा कोल्हान में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। डीजीपी अजय कुमार के निर्देश पर नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है।

**कोल्हान में लगातार मिल रही है शिकस्त :** भाकपा माओवादियों के दक्षिणी जोनल कमेटी के प्रवक्ता अशोक ने प्रेस रिलीज जारी कर बंद का एलान किया है। प्रेस रिलीज में यह बताया गया है कि ऑपरेशन कगार के तहत झारखंड पुलिस और अर्धसैनिक बलों के द्वारा ऑपरेशन क्लीन चला कर हमारे छह साथियों को बर्बर तरीके से मार डाला। पुलिस के द्वारा किये गये इस नरसंहार के खिलाफ 10 जुलाई को कोल्हान बंद का एलान किया जाता है। प्रेस, चिकित्सा, एंबुलेंस, बच्चों और मरीजों के अतिरिक्त इमरजेंसी सेवाओं को बंद से नक्सलियों ने मुक्त रखा है।

**नक्सलियों को उठाना पड़ा है नुकसान**

झारखंड के कोल्हान के बीहड़ों में नक्सलियों को पिछले पिछले 11 महीनों में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नक्सलियों के दर्जनों कैंपों को नष्ट किया गया है। उनके हथियार और गोला बारूद पर भी पुलिस के द्वारा बड़ा प्रहार किया गया है। 10 जून 2024 को सारंडा में झारखंड पुलिस ने नक्सलियों को सबसे बड़ा नुकसान पहुंचाया। एक साथ छह नक्सलियों को मार गिराया गया था, जिसमें दो इनामी थे। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि लगातार अपने प्रभाव क्षेत्र में हार की वजह से नक्सली बौखलाए हुए हैं, यही वजह है कि अब बंद का ऐलान कर रहे हैं। डीजीपी के अनुसार झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट और कोल्हान में लगातार अपने आप को और मजबूत कर रही है।

**अभियान तेज, जवान अलर्ट :** पुलिस मुख्यालय के द्वारा कोल्हान में अभियान चलाया जा रहा है। जवानों को अलर्ट किया गया है। उन्हें हिदायत दी गई है कि किसी भी ट्रैप में बिना फंसे, नक्सली अपने बंद को सफल बनाने के लिए पुलिस पर हमला भी कर सकते हैं ऐसे में हर अभियान को पूरी सतर्कता के साथ चलाया जाए। कोल्हान से गुजरने वाले रेलवे रूट पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### कोल्हान में बड़े नक्सली नेता मौजूद, पर धार को पुलिस ने कर दिया है कुंद

वर्तमान में भाकपा माओवादियों का सबसे मजबूत दल सारंडा में डेरा डाले हुए है। सारंडा में माओवादियों के केंद्रीय कमेटी मेंबर और एक करोड़ के इनामी अनल दा, 25 - 25 लाख के इनामी सैक सदस्य अनमोल, अजय महतो, चमन उर्फ लंबू के अलावा 15 लाख का इनामी रीजनल कमांडर अमित मुंडा भी मौजूद है।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
10.07.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 356



12 आयुष्मान खुराना का गाना 'रह जा' रिलीज

## न्यूज डायरी

### संघ प्रमुख मोहन भागवत रांची पहुंचे, कल से बैठक




**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत मंगलवार को रांची पहुंचे। वह सरला बिरला विवि में 12 से शुरू हो रही तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांच प्रचारक बैठक में शामिल होंगे। रांची स्टेशन से ही वह आयोजन स्थल पर पहुंचे। वे 17 जुलाई तक रांची प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान 12 से 14 जुलाई तक अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में शामिल होंगे। बैठक में संघ प्रमुख भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत सभी प्रमुख पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहेंगे।

### प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ रमेश शरण नहीं रहे

**रांची।** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और झारखंड के विनोबा भावे विवि के पूर्व कुलपति डॉ रमेश शरण का सोमवार देर रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने दुख व्यक्त किया है और इसे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा, यह झारखंड के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

### गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के मुख्य कोच



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को क्रिकेटर गौतम गंभीर को टीम इंडिया का नया मुख्य कोच घोषित किया। बीसीसीआई सचिन जय शाह ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट में एक पोस्ट में लिखा, वह बेहद खुशी के साथ गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नये मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं। इस नयी यात्रा पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |




मोदी-पुतिन वार्ता में हर तरह के आतंकवाद की निंदा
# विश्व शांति बहाली में भारत हर सहयोग को तैयार : मोदी

**एजेंसी**

**मास्को, नयी दिल्ली।** रूस के दो दिवसीय दौरे के आखिरी दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने मॉस्को में राष्ट्रपित व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। मोदी ने कहा कि भारत वर्षों से आतंकवाद का सामना कर रहा है। आतंकवाद कितना भयानक और घिनौना है, हम 40 साल से झेल रहे हैं। मोदी ने कहा कि मॉस्को होने वाली आतंकी घटनाएं की भयावहता की हम कल्पना कर सकते हैं। ऐसे में हम सभी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हैं। भारत दुनिया भर में शांति बहाली के लिए हर तरह से सहयोग करने को तैयार है और यह संभव है। उन्होंने पेट्रोल डीजल को लेकर रूस के सहयोग की जमकर सराहना की। बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-रूस के बीच मजूबत संबंधों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने अपने दोस्त पुतिन का भव्य स्वागत और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, रूस का नाम सुनते ही हर भारतीय के मन में पहला शब्द आता है- भारत के सुख-दुख का साथी और भारत का भरोसेमंद दोस्त। हमारा रिश्ता परस्पर मित्रता और भरोसे पर बना है।

## मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान

### ये दोनों देशों की दोस्ती का प्रतीक : प्रधानमंत्री

पीएम मोदी को रूस के सबसे सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री को अपने देश के अत्यंत प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान -द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द अपोसल- से आधिकारिक रूप से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, रूस के सर्वोच्च (नागरिक) सम्मान से मुझे सम्मानित करने के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और रूस के बीच सदियों पुरानी गहरी मित्रता और आपसी विश्वास का सम्मान है। लोगों की साझेदारी पर आधारित हमारा आपसी सहयोग हमारे लोगों के बेहतर भविष्य की आशा और गारंटी बन रहा है।

(शेष पेज 11 पर)



**मैं हिंदुस्तान की मिट्टी की महक साथ लाया हूं : मोदी :** पीएम मोदी ने मास्को में भारतीय प्रवासियों से बात करते हुए कहा कि आज भारत बदल रहा है। विकास के नये प्रतिमान गढ़ रहा है। अपने संबोधन में पीएम ने कहा, मैं अकेला यहां नहीं आया हूं बल्कि हिंदुस्तान की मिट्टी की महक साथ लाया हूं।

(शेष पेज 11 पर)

सीएम ने की निर्माणाधीन कार्य प्रगति की समीक्षा
# नियुक्ति प्रक्रिया हर हाल में समय पर पूरी करें : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसी नियुक्तियां जो प्रक्रियाधीन हैं, उन्हें हर हाल में समय पर पूरा करे लें। सरकारी कार्यालयों में मानव संसाधन का अभाव होने से विभागीय कार्यक्षमता के साथ-साथ सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं-परियोजनाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सितंबर तक लगभग 30 हजार रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जाने का लक्ष्य है। इसे हर हाल में पूरा करने की दिशा में हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। श्री सोरेन ने मंगलवार निमार्णाधीन कांटाटोली फ्लाईओवर तथा सिरमटोली से मेकॉन चौक तक फ्लाईओवर निर्माण कार्य एवं पुलिस विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की अधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा की। बाद में उन्होंने मीडिया से भी बात की।



### फ्लाईओवर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करें

बैठक में सीएम ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिरमटोली से मेकॉन चौक तक बनाए जा रहे निमार्णाधीन फ्लाईओवर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करें। निर्माण कार्य में अगर कोई बाधा पहुंच रही है तो उसका जल्द समाधान निकालें। उन्होंने कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य भी जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा, अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार से निर्माण कार्य में विलंब न हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट सिटी रांची में ताज होटल तथा अपोलो अस्पताल का निर्माण किया जाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्य योजना तैयार करें तथा अपोलो अस्पताल स्थापित किये जाने निमित्त सभी जरूरी प्रक्रिया जल्द पूरा करें।


**पुलिस बहाली में तेजी लायें :** मुख्यमंत्री ने 5 हजार पुलिस तथा 583 उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रियाओं में भी तेजी लाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने सीएम को अवगत कराया कि 583 उत्पाद सिपाही की दौड़ प्रक्रिया जुलाई माह 2024 के अंत तक तथा 5 हजार पुलिस बहाली की दौड़ प्रक्रिया 15 अगस्त 2024 तक पूरी कर ली जायेगी।

**जनता दरबार अवश्य लगायें :** बैठक में श्री सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को रांची, जमशेदपुर तथा धनबाद शहर में पुलिसिंग व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित्त करने को कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि फील्ड लेवल पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र में जनता दरबार का आयोजन अवश्य करें। लोगों की समस्याएं सुने तथा निदान भी करें। पुलिस अपनी सक्रियता बढ़ाए, जिससे अपराधियों के मन में भय उत्पन्न हो। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, पथ निर्माण विभाग के अधिकारी समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

रिम्स भवन के जीर्णोद्धार और परिसर के कायाकल्प का निर्णय
# कैंसर मरीजों के लिए जल्द शुरू होगी इमरजेंसी सेवा

### जीबी की बैठक में 37 प्रस्तावों पर मुहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) शासी परिषद् (जीबी) की बैठक मंगलवार को कैंसर रोगियों के लिए इमरजेंसी सेवा शुरू करने समेत 783 करोड़ की लागत से रिम्स के जीर्णोद्धार को स्वीकृति दी गयी। रिम्स भवन के जीर्णोद्धार के साथ ही परिसर के कायाकल्प का भी निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इनमें 15 करोड़ की वित्तीय शक्ति स्वास्थ्य मंत्री को दी गयी। बैठक में 55वीं, 56वीं और 57वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के संपुष्टि भी की गयी।

**कैंसर मराजों को लाभ**

रिम्स जीबी की बैठक में कैंसर रोगियों के लिए इमरजेंसी सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया। इससे झारखंड समेत आसपास के पड़ोसी राज्यों के मरीजों को काफी सुविधा होगी। बैठक में कहा गया कि प्रशासनिक भवन के पहले और दूसरे तल्ले पर बड़े-बड़े हॉल का एल्यूमिनियम पार्टीशन कर एक केबिन आइसीएमआर इंटेंट (इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के इंडियन क्लिनिकल ट्रायल एंड एजुकेशन नेटवर्क) को आवंटित कर दिया जाये। बैठक में रिम्स के विकास, चिकित्सकों के प्रमोशन, एमआरआइ, सीटी स्कैन सहित अन्य उपकरणों की खरीददारी पर निर्णय लिये गये। इसके अलावा प्रशासनिक कार्यों के सुगम संचालन के लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों की नियुक्ति पर भी निर्णय लिया गया।

**रेफर मरीजों के भर्ती लेने की प्रक्रिया पर भी फैसला :** साथ ही गंभीर रूप से बीमार प्राइवेट अस्पतालों से रेफर मरीजों के भर्ती लेने की प्रक्रिया पर भी फैसला हुआ। रांची में क्लिनिकल ट्रायल यूनिट खुलने का रास्ता साफ हो गया। रिम्स में रीजनल क्लिनिकल ट्रायल यूनिट शुरू किया जाएगा, ताकि सैंपल को टेस्टींग के लिए बाहर नहीं भेजना पड़े और रिर्पोट मिलने में भी सुविधा होगी।

(शेष पेज 11 पर)




# सीबीआइ ने बिहार से दो और को गिरफ्तार किया

### नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी की झारखंड में तलाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पटना, रांची। नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआइ का एक्शन लगातार जारी है। मंगलवार को सीबीआइ ने इस मामले में बिहार से दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में पहला व्यक्ति सन्नी खुद एक अभ्यर्थी है। वहीं दूसरा रंजीत नाम का शख्स किसी अन्य परीक्षार्थी का पिता है। इन दोनों की गिरफ्तारी नालंदा और गया जिला से की गयी है। वहीं सीबीआइ की टीम संजीव मुखिया और रॉकी की खोज में बिहार और झारखंड के कई छापामारी की। रॉकी और संजीव मुखिया के संबंध में कई लोगों से पूछताछ की गयी, पर दोनों के ठिकाने का अबतक पता नहीं चल पाया है। यही इस कांड का सरगना बताया जाता है।

**अब तक 11 गिरफ्तारी**

पेपर लीक मामले में इन दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ, इस मामले में अब तक कुल 11 गिरफ्तारियां हुई हैं। इनमें बिहार के छह लोग, झारखंड से तीन , महाराष्ट्र में लातूर, गुजरात में गोधरा और उत्तराखंड के देहरादुन के एक-एक को अब तक गिरफ्तार किया गया है।

इन सभी गिरफ्तारियों को पेपर लीक मामले की जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

**गया और नालंदा में छापा**

पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम मंगलवार को गया के बाराचट्टी थाना अंतर्गत हरैया गांव पहुंची। शिवनंदन कुमार ने 40 लाख रुपए में नीट पेपर एग्जाम में सफल होने के लिए माफियाओं के साथ डील की थी। 20 लाख रुपए एडवांस भी दे दिया था। बाकी देना था, किंतु इस बीच जब नीट का एग्जाम दे रहा था, तो इस समय हैकिंग की सेटिंग का खुलासा हुआ था और उसकी गिरफ्तारी हुई थी। शिवनंदन कुमार फिलहाल जेल में है। सीबीआई की टीम ने शिवनंदन के परिजनों से पूछताछ की। वहीं कुछ आवश्यक दस्तावेज सीबीआई की टीम साथ ले गयी। यहीं से एक को हिरासत में ले लिया। पटना के कंकड़बाग से सन्नी को गिरफ्तार किया है। सन्नी नीट परीक्षा में परीक्षार्थी था। वह मूल रूप से नालंदा का रहने वाला है।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने की धान रोपाई की शुरुआत



**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** प्रखंड स्थित अपने मोर्या फार्म हाउस में विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विधिवत पूजा अर्चना कर धान रोपाई की शुरुआत की। मौके पर अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, धर्मपाल महतो, गोपाल यादव, सुनील कुशवाहा, संतोष वर्मा, भगेश्वर राम चंद्रवंशी समेत कई लोग शामिल थे।

### दलित कांग्रेस अध्यक्ष ने किया जनसंपर्क



**पाटन पलामू।** छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के पंडवा प्रखंड के मुरमा पंचायत का दौरा कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया। दलित कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक पासवान ने पंचायतवासियों से जनसंपर्क के दौरान उनकी समस्या सुनी। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी कार्य की जानकारी लोगों को दी। श्री पासवान ने कहा कि कांग्रेस से गरीबों का कल्याण होगा। मौके पर मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, वीरेंद्र महतो, राजेंद्र महतो, संजय पासवान उपस्थित थे।

### विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 11 से मनेगा परिवार नियोजन पखवाड़ा



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी 11 जुलाई से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जायेगा। इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने दी। बताया कि पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन का स्थायी और अस्थायी दोनों साधन उपलब्ध रहेगा। उन्होंने सेवा पखवाड़ा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की।

### हरिहरगंज-पिपरा सुब्रतो कप फुटबॉल मैच आयोजित, विजेता हुए पुरस्कृत



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड में सुब्रतो कप फुटबॉल मैच खेला गया। इसमें सरकारी विद्यालयों के विभिन्न उम्र संभाग के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। हरिहरगंज के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता के समापन पर विजेता तथा उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रेखा कुमारी, यूएचएस खड़गपुर के प्राचार्य हरिद्वार प्रसाद, लेखापाल कमलेश कुमार, सीआरपी संजय गुप्ता व कई शिक्षक उपस्थित थे।

### पांडू में सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**पांडू पलामू।** प्रखंड के +2 कल्याण उवि खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय 63वां सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता खेली गयी। जिसमें विद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर 17 में बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पांडू और बालक वर्ग में +2 रतनाग उच्च विद्यालय के विजेता रहे। वही प्रतियोगिता का सफल संचालन पांडू बीइइओ महेंद्र प्रजापति, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पांडू सतीश कुमार तिवारी, कोच अनुपम तिवारी, लेखापाल मनीष प्रसाद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### भव्य आश्रम बनवाने का निर्णय



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सुठा पंचायत के करर खुर्द में रविदास आश्रम बनवााया जा रहा है जिसका कार्य निर्माणाधीन है। इसे लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रविदास महासभा के पलामू जिलाध्यक्ष डॉ सीमा ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श की गयी। साथ ही आश्रम को भव्य बनाने पर सहमति बनी। जिलाध्यक्ष ने आश्रम का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य में सहयोग देने की बात भी कही है। मौके पर सेवानिवृत बैंक मैनेजर श्यामलाल राम, विनोद कुमार, पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम, रामकिशुन राम, प्रदीप कुमार, राजकिशोर राम, रमेश राम, खेकू राम, सत्येंद्र कुमार थे।

### भाजपा नेत्री लवली गुप्ता के घर चोरी



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पुलिस लाईन रोड दुर्गा गैरेज के समीप भाजपा नेत्री लवली गुप्ता के घर चोरों ने बीती रात चोरी की। चोरों ने घर से एक लाख नकद समेत 25 लाख के जेवरात एवं सीसीटीवी कैमरे व डीबीआर भी अपने साथ ले गये। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, राजीव रंजन, राजेश कुमार एवं सोनू कुमार चौधरी ने जायजा लिया। वहीं पुलिस द्वारा स्लिफर डॉग का सहारा लिया गया। लवली ने बताया कि एक शादी समारोह में घर बंद कर रांची गये थे।

### फल थोक व्यवसाय महासंघ ने पलामू सांसद बीडी राम को सौंपा ज्ञाान



**मेदिनीनगर।** झारखंड सब्जी फल थोक व्यवसाय महासंघ के केंद्रीय संयोजक सह मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में पलामू जिला अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित सब्जी फल थोक विक्रेताओं को स्थायी रूप से बाजार समिति के अंतर्गत व्यवस्थित कर व्यस्त यातायात से निजात एवं सरकारी राजस्व की बढ़ोतरी आदि को लेकर प्रतिनिधिमंडल पलामू सांसद बीडी राम को ज्ञापन सौंपा। मौके पर नेताओं ने व्यवसायियों की समस्याओं से अवगत कराया। राकेश सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर स्थित सरकारी बस डिपो में अवस्थित तौर पर संबंधित प्रशासन द्वारा सब्जी एवं शहर के व्यस्ततम सड़कों पर फल के थोक व्यवसाईयों को व्यवस्थित किया गया है। जिससे आए दिन यातायात जाम आदि की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पूर्व में झड़क के बाद जिला प्रशासन द्वारा प्रात: 8:00 बजे तक ही बस डिपो में व्यापार करने का अनुमति दिया गया है, जिस कारण खुलकर व्यापार करने में काफी दिक्कत है। माल बच जाने पर कूड़ा कचरा में फेंकना पड़ता है।

# शहीद अमित शुक्ला पलामू ही नहीं ये नेशनल लॉस है : अरुणा शंकर

- शहीद कभी मरते नहीं, वे तो हमेशा अमर होते हैं : अरुणा शंकर
- इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की संवेदना प्रकट की

**खबर मन्त्र संवाददाता**





परिजनों से मिलकर घटना पर दुख जतातीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर सिंगरा निवासी शहीद अमित शुक्ला के परिजनों से मिलने उनके आवास पर गयी। उन्होंने इस घटना पर संवेदना प्रकट की। श्रीमती शंकर ने कहा कि शहीद अमित शुक्ला का जाना न सिर्फ उनके परिवार या पलामू का नुकसान है बल्कि हर शहीद नेशनल लॉस है।

श्रीमती शंकर ने उनकी धर्मपत्नी, बच्चों एवं परिवार जनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की संवेदना प्रकट की और कहा कि शहीद कभी मरते नहीं अमर होते हैं। हम सबों के बीच शहीद अमित शुक्ला हमेशा अमर रहेंगे।

# फर्जी एलपीसी मामले का मास्टर माइंड है सीआई : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर अंचल कार्यालय से निर्गत हुए फर्जी एलपीसी में सीआई महेंद्र राम का मुख्य करामात है। इसमें कंप्यूटर ऑपरेटर को इस्तेमाल किया गया वहीं और भी कई लोग शामिल है। परंतु इस खेल का मुख्य मास्टर माइंड सीआई महेंद्र राम है। जिसे प्रशासन को जॉच करके अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहीं। वे मंगलवार को अपने मौर्या फार्म हाउस नीलांबर पितांबरपुर पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।



मौर्या फार्म हाउस में प्रेस वार्ता करते पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता।

उन्होंने कहा कि नीलांबर पीताबंरपुर का अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। कार्यालय से जुड़े भ्रष्टाचार का मामला प्रतिदिन उजागर हो रहा है। कहीं खाता संख्या में छेड़छाड़ कर जमीन की रजिस्ट्री करा दी जाती है। तो कहीं ओबीसी के लिए निर्गत प्रमाण पत्र पर कई एकड़ जमीन की बंदोबस्ती हो जाती है। इतना ही नहीं लेस्लीगंज बाजार का सरकारी जमीन जिस पर सरकार ने 2014 तक कई बार अतिक्रमण हटाया। उसका भी गलत तरीके से एक व्यक्ति को बंदोबस्त कर दी जाती है। इस तरह से फर्जी एलपीसी बनाकर एवं कागजात में छेड़छाड़ कर करोड़ों रुपए के जमीन की हेरा फेरी किया गया है। उन्होंने कहा कि लोग बताते हैं कि एक एलपीसी के लिए लाखों रुपये लिया गया है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त पलामू से मिलकर वे इसमें संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी का मांग करेंगे तथा प्रशासन इसका सीबीआई जांच लिखे ताकि वर्षो से हो रहे जमीन के खेल का पर्दाफाश हो जाये। बाजार की अपनी जमीन होते हुए किसान रोड पर सब्जी बेच रहे हैं। इस मामले को विधानसभा में उठाए हैं। प्रशासन अंकुश नहीं लगाया तो जनता की परेशानी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अंचल के कई मामले उनके संज्ञान में आये हैं। वे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौप कर जांच की मांग करेंगे ताकि यहां का गड़बड़ झाला ठीक हो सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके। इस दौरान संजय चंद्रवंशी, सुनील कुशवाहा, लाल प्रसाद यादव, कमेश यादव आदि कई लोग उपस्थित थे।

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम : पूरे देश में चलेगा 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान**

# 35 से अधिक नवजात बच्चियों में बेबी केयर यूनिट का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिला केंद्रित विषयों पर पूरे देश में 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को एमएमसीएच के मातृ शिशु वार्ड में समाज कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषयक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ अनिल व समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान उपस्थित थे। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने 35 से अधिक नवजात बच्चियों के माताओं के बीच बेबी केयर यूनिट व फल का वितरण किया। किट में नवजात की जरूरत के सभी सामान उपलब्ध थे। सभी बच्चियों के अभिभावकों को स्तनपान की महत्व के विषय पर भी जागरूक किया गया।



लाभुकों को बेबी केयर यूनिट देते अधिकारी-पदाधिकारी।

### इन कार्यक्रमों का होगा आयोजन

महिला केंद्रित विषयों पर पूरे देश में 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह का रूटीन बनाया गया है जिसके तहत जिले में बाल विवाह, भ्रूण हत्या, बाल मजदूरी, लिंग भेद, डायन प्रथा के विषय पर कार्यक्रम किये जायेंगे। यह सभी कार्यक्रम विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चलाया जायेगा।

# सिलाई-कढ़ाई के प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर हो रही हैं महिलाएं : प्रेसिडेंट विजया शर्मा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

- रोटरी सहेली सेंटर में प्रशिक्षित महिलाओं के बीच बंटे प्रमाण पत्र

**मेदिनीनगर।** रोटरी सहेली सेंटर में कोर्स कंपलिटेसन और प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर रोटरी सहेली सेंटर की प्रेसिडेंट विजया शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। मौके पर प्रेसिडेंट श्रीमती विजया ने कहा कि रोटरी सहेली सेंटर द्वारा करीब 15 वर्षों से महिलाओं के लिए निःशुल्क कढ़ाई, बुनाई, सिलाई, कटाई का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण से महिलाओं में दक्षता और प्रतिभा में निखार आयेगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण पाकर स्वावलंबी व हुनरमंद बन रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पैसा कमाना नहीं बल्कि महिलाओं को कढ़ाई, बुनाई व सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी तो वे परिवार का भरण पोषण ठीक ढंग से कर सकती है। प्रशिक्षित महिलाएं छोटे छोटे रोजगार कर अपनी आय को भी बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि कोई भी महिला इस सेंटर में आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबी बन सकती है। मौके पर काफी संख्या में रोटरी सहेली सेंटर की महिलाएं शामिल थी।

### आंगनबाड़ी का अधूरा कार्य शीघ्र पूरा होगा : विनोद

**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा पंचायत में पुरनी बथान आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत के कार्य में अनियमितता का आरोप आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका के पति गोपाल राम एवं अन्य ग्रामीण ने लगाया था। इसे लेकर आंगनबाड़ी केंद्र के संवेदक विनोद राम ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में अभी कार्य जारी है। जो भी काम रह गया है उसे जल्द पूरा किया जायेगा। अभी तक किये गये कार्य आंगनबाड़ी केंद्र की न राशि निकली हुई है और न ही एमबी किया गया है। कहा कि सेविका पति गोपाल राम के द्वारा गलत आरोप लगाया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ता सत्ता के लिए नहीं, राष्ट्र के हित के लिए करते हैं संघर्ष : बीडी राम

- कार्यकर्ताओं के दम पर केंद्र में बनी भाजपा सरकार, अब राज्य में भी सरकार बनवाने का लें संकल्प : नीरा यादव
- कार्यकर्ता संगठन की रीढ़, इनकी बदौलत नेता बनते हैं विधायक सांसद : चंद्रवंशी
- विश्रामपुर के आरसीयू में भाजपा का अभिनंदन सह संकल्प सभा, कार्यकर्ता सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक व उपस्थित अन्य।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्व विद्यालय परिसर में मंगलवार को भाजपा का विस स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन सह संकल्प सभा का आयोजन हुआ। सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। सभा में लोक सभा चुनाव में बेहतर करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का संकल्प भी लिया गया।

**खास बातें :** कार्यक्रम प्रभारी डॉ नीरा यादव ने कहा कि भाजपा में ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है। इन्हीं संघर्षशील कार्यकर्ताओं के दम पर केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनी है। अब इन्हीं समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत राज्य में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। संतरी से लेकर मंत्री तक राज्य को लूट रहे हैं। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के कार्यक्रता परिवारवादी पार्टियों के लिए कार्य करते हैं और उनका लक्ष्य मात्र सत्ता हासिल करना होता है। जबकि भाजपा के कार्यक्रता राष्ट्रवादी पार्टी के सिपाही हैं, जो सत्ता के बजाय राष्ट्र हित के लिए संघर्ष करते हैं। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उनके परिवार ही सबकुछ है। उन्होंने लोस चुनाव में कार्यकर्ताओं के मेहनत की जम कर तारीफ की।

### दुर्गा बाड़ी में की गयी विपत्ततारिणी पूजा



**मेदिनीनगर।** बंगीय दुर्गा बाड़ी में मंगलवार को विपत्ततारिणी पूजा हुई। मुख्य पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी और मुख्य यजमान शिवनाथ चटर्जी ने पूजा करायी। दुर्गा बाड़ी ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा ने कहा कि हर वर्ष दुर्गा बाड़ी प्रांगण में विपत्ततारिणी पूजा की जाती है। मान्यता के अनुसार इस पूजा से परिवार में आने वाली विपत्तियां टल जाती हैं। विपदा से मुक्ति मिलती है। इसमें परिवार की शादीशुदा महिलाएं भाग लेती हैं। पूजा के बाद महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाती है और अपने परिवार के सदस्यों की बांहों में पूजे गये लाल धागा बांध कर विपदा से मुक्ति की दुआ करती है। श्री मोइत्रा ने बताया की दुर्गा पूजा की तैयारी भी शुरू हो गयी है। इसके लिए कई उप समितियां बनायी जायेगी। इसके लिए 14 जुलाई को शाम चार बजे से बैठक होगी। इसे सफल बनाने में सचिव दिवेंदु गुप्ता, गौतम बोस, सौभिक दत्ता, उज्ज्वल सेनगुप्ता, शिवेश मोइत्रा, वासुदेव गोस्वामी, बिपुल डे, दीप साहा का योगदान रहा।

### मनातू गोलीचालन का उद्‌भेदन, चार गिरफ्तार



**मनातू पलामू।** थाना क्षेत्र के मधेया स्थित दुबवाहारा के पास अज्ञात अपराधियों ने गोली चालन की घटना को अंजाम दिया था। इसमें दो लोग जख्मी हो गये थे। मामले में स्थानीय लोगों ने मनातू थाना को सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस गश्ती टीम जब उक्त स्थल पर पहुंची तो देखा कि आशीष कुमार व उसकी सास संगीता देवी को गोली लगी है। जिससे वे जख्मी होकर गिर पड़े हैं। उक्त दोनों को पुलिस ने मनातू अस्पताल में ईलाज कराने के बाद बेहतर ईलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि जख्मी लोगों के फर्द बयान पर तीन जुलाई को कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर एवं तकनीकी सहयोग से चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी।

## चौकीदार बहाली में आरक्षण नहीं देना अन्याय है: कमलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद पलामू।** चौकीदार बहाली में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किये जाने का हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पलामू में चौकीदार बहाली की निकले विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। विज्ञापन संख्या 01/2024 दिनांक 2 जुलाई 2024 के मुद्दे पर उन्होंने विज्ञापन संख्या 1/2024 को निरस्त कर आरक्षण देने की मांग की है। विधायक ने कहा कि चौकीदार का पद अनुसूचित जाति के लोगों को शुरू से दिया जाता रहा है। इस पद पर सेवानिवृत या अन्य कारण से सेवा में नहीं रहने वाले चौकीदार के ही रिश्तेदार या पुत्र पुत्री की नियुक्ति की जाती रही है।

## नीलांबर पीतांबरपुर में एलपीसी का खेल जारी

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड में रोजाना कोई न कोई जमीन से संबंधित खेल होना आम बात है। पहले जाली एल पी सी का मामला सामने आया। अभी उसकी जांच भी पूरी नहीं हुई, तब तक दूसरा मामला हरतुआ मौजा में जाली कागज बना कर राम जतन राम पिता भीखु महरा ने करीब 22 एकड़ की मलबनधी करा ली। फिर अभी एक नया मामला सामने आया कि उसी थाने के ढेला के चतुरी भुइयां पिता ठकुरी भुइयां की जमीन, खाता सं. 21, प्लॉट 1256, रकबा 13 डी, प्लॉट सं. 1257, रकबा 1 डी को शिवम् प्रकाश पिता हीरेंद्र सिन्हा के नाम मोटेशन कर दिया गया।

## पार्टी के संविधान के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे राजद के प्रदेश अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- चंदा तसील अध्यक्ष बन बैठे संजय यादव



**मेदिनीनगर।** राजद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पलामू जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा को पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। इससे क्षुब्ध होकर श्री विश्वकर्मा ने प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल का अपना एक संविधान होता है। उसी तरह राजद का भी एक संविधान है। जिसमें धारा 33 के तहत किसी से स्पष्टीकरण मांगा जाता है। फिर अनुशासन समिति में बात लायी जाती है। उसके बाद ही कोई कार्रवाई की जाती है। लेकिन राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने मुझे बिना कारण बताओ नोटिस जारी किये अनुशासन समिति की अनुशंसा लिये मुझे गलत तरीके से पार्टी से निष्कासित किया है। जो हिटलरशाही को दर्शाता है। प्रदेश अध्यक्ष ने मुझ पर गोपनीयता भंग करने व पार्टी विरोधी कार्य करने का आरोप लगाया है जो तथ्यहीन बात है।

# पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधे लगाना जरूरी है: डॉ एके सिंह

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मना वन-महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**





पौधे लगाते स्कूली बच्चे और पौधरोपण के प्रति प्रेरित करते ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थी।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वन-महोत्सव कार्यक्रम किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने वृक्ष की उपयोगिता की जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आधुनिकीकरण का सीधा प्रभाव हमारे वनों पर पड़ता है, जिसके चलते वनों की कटाई हो रही है। वनों के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए वन महोत्सव देशभर में मनाया जाता है। वन महोत्सव को एक राष्ट्रीय त्योहार घोषित किया गया है। वन महोत्सव भारत सरकार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रति वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि वृक्ष मनुष्य तथा जीव-जंतुओं के लिए वृक्ष बहुत लाभकारी है। वृक्षों की बहुत अधिक कटाई होने से वातावरण में असंतुलन हो गया है और मौसम में काफी परिवर्तन आया है, जिससे धरती के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। जीवन एवं पृथ्वी, जल-संरक्षण तथा पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्ष लगाना जरूरी है। अंत में उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन पर तथा समाज के सभी लोगों को अपने जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उसका संरक्षण भी आवश्यक रूप से करना चाहिए। समूह ए-कक्षा प्रथम एवं तृतीय के लिए स्लोगन, नृत्य, कला और भाषण आयोजित किया गया।

# किसान ब्रिगेड ने मां भगवती की पूजा कर लिया आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने अपने सभी सदस्यों के साथ हैदर नगर देवी मंदिर एवं गजना धाम मंदिर में माथा टेका और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर हुसैनाबाद विस क्षेत्र की जनता के सुख समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास के लिए मन्नत मांगी। उन्होंने प्रार्थना की है कि क्षेत्र में अमन चैन व खुशहाली बनी रहें इस वर्ष अच्छी बरसात हो जिससे किसान अच्छी फसल पैदा कर सके। उन्होंने माता रानी से शक्ति मांगा कि हुसैनाबाद विधानसभा से भय भुख और भ्रष्टाचार को दूर कर सकें और एक नई संकल्प के साथ नया हुसैनाबाद का निर्माण कर सके। उन्होंने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और हुसैनाबाद में विकास कार्य को गति देने के लिए साथ चलने का आह्वान किया। मौके पर पूर्व मुखिया शिवलाल राम, बसंत यादव, बद्रीनारायण सिंह, लक्ष्मण सिंह, बुटन यादव, राजकुमार प्रजापति, भोला पासवान, सुरेंद्र सिंह, सुदेश प्रजापति, पच्चु शर्मा, कमलेश सिंह, गणेश राम, भृगुनाथ सिंह, गणेश प्रजापति, लल्लू उपाध्याय, सुधीर सिंह, सत्यनारायण यादव, बिहारी सिंह, अवधेश सिंह, रविरंजन सिंह, डबल सिंह, अमित सिंह, भानु प्रताप, नीरज, शुभम, पियूष, पुष्कर, मनोहर सिंह आदि मौजूद थे।

# बैद्यनाथ राम के मंत्री बनने पर हुआ जोरदार स्वागत

## बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार के साथ-साथ झारखंड का विकास हमारी पहली प्राथमिकता







मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सूबे के शिक्षा एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम का नागरिक अभिनंदन जगह जगह पर हो रहा है। मौके पर पार्टी के कार्यकर्ता एवं महागठबंधन के लोगों द्वारा लातेहार दूध फैक्ट्री एवं जगह-जगह पर मंत्री बनने पर लातेहार आगमन के शुभ अवसर पर कार्यकर्ताओं ने माला एवं गुलदस्ता देकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, झामुमो के 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, जिला सचिव शमशुलहोदा, युवा नेता अंकित पांडेय ,मीडिया प्रभारी विशाल कुमार ने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि गर्व की बात है कि राज्य में कार्यकर्ताओं व महागठबंधन की मजबूत सरकार बनीं है। इस मजबूत सरकार में बैजनाथ राम को मंत्री बनने का मौका मिला है जो हम सभी को और क्षेत्र को गौरवांवित करता है। इनके मंत्री बनने से पार्टी और संगठन के साथ-साथ सरकार को मजबूती मिलेगी और लातेहार व राज्य का चहुंमुखी विकास होगा। इस दौरान शिक्षा एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार के साथ-साथ झारखंड का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। कहा कि हम बतौर कार्यकर्ता जनता के बीच आए हैं। सरकार और पार्टी कार्यकर्ताओं व महागठबंधन के मार्गदर्शन में जिले का समुचित विकास होगा, और कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की भी रक्षा के लिए जो भी कार्य करना हो उसे किया जाएगा।

इस दौरान बैद्यनाथ राम ने कहा की उत्पाद विभाग एवं शिक्षा विभाग का पूरी जानकारी हमें है,क्योंकि पूर्व में भी मैं इन विभागों का मंत्री रह चुका हूं। कम समय में बेहतर काम करना हम सभी के लिए चुनौती है। जिसका निर्वहन पूरी ईमानदारी पूर्वक कर करेंगे। उन्होंने कहा कि अवैध शराब को बंद कर राजस्व को बढ़ाया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की बहाली एवं छात्रों की विद्यालय में उपस्थित बढ़ाने को लेकर ठोस कार्य किया जाएगा। मौके पर गोपाल सिंह मानिक गंझू, सुदामा गुप्ता, जय कुमार सिंह, विशाल भाष्कर, सुनील कुमार, शुभम कुमार, अख्तर अंसारी, नागेंद्र प्रसाद, रिंकू कक्षप,आर्षेन तिर्की, मदन सिंह, पिंटू सिंह, हादिम अंसारी, अरशद अंसारी, विवेक गुप्ता, चंदन कुमार, अशोक यादव, इनायत करीम, मोहम्मद रिजवान, पिंकू, मोहन राम, संजय पासवान, रविंद्र प्रजापति पिंटू प्रसाद, राजू प्रसाद समेत बड़ी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंत्री बनने पर डॉ. इरफान अंसारी व दीपिका पांडेय सिंह को कांग्रेसियों ने दी बधाई

➲ **मंत्रियों का अनुभव का लाभ निश्चित रूप से हेमंत सोरेन के कैबिनेट को मिलेगा : असगर खान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** कांग्रेस प्रखंड कमिटि ने हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री बने डॉ. इरफान अंसारी एवं दीपिका पांडेय सिंह को बधाई दिया है। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इन्हें मंत्री बनाया जाना ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण क्षण है, इस शपथ ग्रहण से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता को भी आशा और उम्मीद है कि दोनों मंत्री अपने कार्यकलापों के जरिए न सिर्फ मंत्री पद की गरिमा में चार चांद लगाएंगे, बल्कि राज्य की जनता एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं पर खरा भी उतरेंगे। आगे यह भी कहा कि कम समय में दोनों मंत्री बेहतर काम करेंगे और जनता की अपेक्षा को पूरा करेंगे, इसके लिए हम सभी आश्वस्त हैं। बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता रामयश पाठक, निर्मल कुमार भारती, संजय दुबे, मोफील खान, श्री राम शर्मा, छोटू, गिदियोंन खाखा, करनालुस एक्का, बालजी उरांव, कैलाश बैठा, दामोदर उपाध्याय, छटन राम, सागर प्रजापति, मो. रसीद, हसनैन खान, अरुण भारती, बाबर खान, साजिद खान, लखन जायसवाल, बजरंगी सिंह समेत कई लोग शामिल हैं।

### वैद्यनाथ राम के हेमंत सरकार मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद चंदवा में हुआ भव्य स्वागत

**जिले के विकास में अहम कड़ी साबित होगा वैद्यनाथ राम का मंत्री बनाना: सितमोहन मुंडा**



स्वागत करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एक बार पुनः हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद सोमवार को हुई नई हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री मंडल के विस्तार में लातेहार से झामुमो विधायक वैद्यनाथ राम को मंत्री बनाये जाने के बाद चंदवा में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। मंगलवार के रांची से लातेहार लौट के क्रम में चंदवा स्थित इंदिरा गांधी चौक के समीप झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा व बिससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू की अगुवाई में कार्यकताओं के द्वारा मंत्री वैद्यनाथ राम का भव्य स्वागत करते हुए मंत्री मानने पर बधाई दी गयी। विधायक श्री राम ने कहा कि जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने हुए झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को घरातल व उतारना व क्षेत्र की विकास को गति देना उनका लक्ष्य होगा। वहीं झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, बिससूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश गंझू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक वैद्यनाथ राम का मंत्री बनाया जाना लातेहार जिले के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा, वैद्यनाथ राम अपने पुराने अनुभव का इस्तेमाल कर अल्प समय मे ही जिले की विकास को नई दिशा देंगे। बता दें कि नई हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल में विधायक वैद्यनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का मंत्री बनाया गया है। इन्हें मंत्री बनाये जाने पर बधाई देने वालो में राजकुमार साहू, बिससूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, मो. इजहार, रंजीत उरांव, जतरु मुंडा, बबलू राही, मो. सरफराज, ब्रह्मदेव प्रजापति, सुमन सुनील सोरेंग, रसीद खान, रामपाल उरांव, बिनेश्वर उरांव, शिक्षक संघ के बेलाल अहमद समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### जेसीबी ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**चंदवा।** सोमवार की देर शाम चंदवा में एक बार फिर से बेकाबू रफ्तार का कहर देखने को मिला। जिसमे बाइक सवार युवक अशोक उरांव पिता तिला उरांव (एकमहुआ चंदवा) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना चंदवा-मल्हान-मैकलुस्कीगंज पथ अंतर्गत दुबी पम्प के समीप सोमवार देर शाम की है। बताया जाता है कि मृतक बाइक जेएच 01सीएफ 8258 से माल्हन से दुबी होते चंदवा बाजार की ओर जा रहा था, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही जेसीबी वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुर्घटना के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए व जेसीबी बाइक सवार युवक के शरीर को रौंदते हुए फरार हो गई। एनएच से गुजर रहे चंदवा पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि रोहित यादव व माल्हन मुखिया जतरु मुंडा के द्वारा इसकी सूचना चंदवा थाना को दी, सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

### मनिका प्रखंड में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया 76वां स्थापना दिवस



उपस्थित छात्र-छात्राएं व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय राजकियकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 76वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। वहीं कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत अभाविप राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे, जिला संयोजक उत्तम कुमार, विद्यालय के शिक्षक रामकुमार चिक बड़ाइक, शिक्षिका अर्चना सिंह, आशुतोष पाठक, धीरज गुप्ता, मुकुंद प्रसाद, डिग्री कॉलेज उपाध्यक्ष चंदन कुमार और अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय में परिषद से परिचय विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर कई शिक्षक,शिक्षकेतर कर्मी, व सैंकड़ों की संख्या में छात्र उपस्थित थें।

### अभिनंदन विजय सभा का सफल आयोजन को लेकर भाजपा ने की बैठक



बैठक में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित भाजपा पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह के आवास पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के निदेर्शानुसार दिन मंगलवार को मनदीप कुमार की अध्यक्षता में विजय संकल्प सभा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बैठक किया गया। वहीं बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 11 जुलाई 2024 दिन गुरुवार को को अभिनंदन विजय संकल्प सभा का सफल आयोजन को लेकर व्यापक चर्चा की गई। वहीं अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा मनिका 11:00 बजे स्थान,अगरबत्ती फैक्ट्री महेश सिंह मनिका विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम रखा गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह अपने हाथों से बूथ अध्यक्ष व गणमान्य कार्यकताओं को सम्मानित करेंगे। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा, धर्मजीत राय, शंकर दुबे, लव कुमार दुबे, हरिचरण यादव, अजीत यादव, अरुण ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

### खतियानी रैयत के दाखिल खारिज नामांतरण करने हेतु शिविर का आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह के आदेशानुसार लातेहार अंचल के विभिन्न पंचायतों मे खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियो एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल खारिज नामांतरण करने हेतु 9 जुलाई से लेकर 20 जुलाई तक विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 09 जुलाई को पंचायत भवन हेठपोचरा, 10 जुलाई को पंचायत भवन कैमा, 11 जुलाई को पंचायत भवन डीही, 12 जुलाई को पंचायत भवन पाण्डेयपुरा, 13 जुलाई को पंचायत भवन परसही, 15 जुलाई को पंचायत भवन तरवाडीह, 16 जुलाई को पंचायत भवन नावागढ़, 18 जुलाई को पंचायत भवन डेमू, 19 जुलाई को पेसरार, 20 जुलाई को पंचायत भवन जालिम कला में समय निर्धारित है।

### सर्पदंश से युवती अचेत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत के तुरीसोत ग्राम में सर्पदंश से एक 22वर्षीय युवती अचेत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कुमारी 22वर्ष पिता जगन गंझु ग्राम तुरीसोत, मुरपा थाना बालूमाथ निवासी अपने घर मे सोई हुई थी। जहां एक विषैले सांप से उसे काट लिया। जिससे युवती अचेत हो गयी। घटना के बाद परिजनों द्वारा युवती को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### जन वितरण प्रणाली दुकानदार के आकस्मिक निधन पर दुकानदार संघ ने शोक व्यक्त किया



शोक व्यक्त करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत फुलसू पंचायत निवासी सह पीडीएस दुकानदार गौरी सिंह (60) की आकस्मिक निधन पर जन प्रणाली दुकानदार संघ ने गणेश राणा के आवास में दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। जन प्रणाली दुकानदार संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ने कहा की मृतक सिंह 1983 से पीडीएस दुकान चलाकर ईमानदारी से लोगों का सेवा किया है। आगे बताया कि गौरी सिंह बिल्कुल स्वस्थ थे। 6 जुलाई को अचानक सीने में दर्द हुआ। उनके परिजन इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही मौत हो गई। गौरी बहुत ही मिलनसार व हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। इनकी आकस्मिक निधन पर पीडीएस दुकानदार संघ गहरा शोक व्यक्त करती है। शोक व्यक्त करने वालो में मुख्य रूप से कुंवर प्रसाद, उमेश प्रसाद, उदय प्रसाद, नरसिंह सिंह, महेश पासवान, गणेश राणा, दिवाकर सिंह, अवध केशरी, मुकेश साव सहित अन्य पीडीएस दुकानदार शामिल थे।

## सीसीएल स्थानीय लोगो की मांगों को पूरा नहीं करेगा तो मैं गमछा बिछाकर धरने पर बैठ जाऊंगा : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते सांसद कालीचरण सिंह।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में ट्रक मालिको का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। आयोजित धरना कार्यक्रम में चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह पहुंचे। मौके पर बोलते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि 25 हजार टन तक के कोयला का उठाव ट्रक मोड़ से किया जाए। क्योंकि विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिको के रोजगार का साधन ट्रक है। उन्होंने मौके पर उपस्थित मगध महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ को निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय लोगो की बदौलत मैं आज सांसद बना हूँ। इसलिए मेरी पहली प्राथमिकता स्थानीय लोगो की हितों की रक्षा करना है। अगर सीसीएल स्थानीय लोगो की मांगों को पूरा नहीं करेगा तो मैं गमछा बिछाकर स्थानीय लोगों के साथ धरने पर बैठ जाऊंगा। ट्रक मालिक वर्ष 2018 का निर्धारित भाड़ा मांग रहे हैं तो इसमें गलत क्या है। वही आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कामेश्वर राम ने कहा कि हमलोग वर्ष 2018 का निर्धारित भाड़ा लागू करने की लड़ाई लड़ रहे है। कुछ ट्रांसपोटर भाड़ा तोड़ने की नीयत से बिहार/उत्तर प्रदेश,उड़ीसा समेत अन्य राज्य की गाड़िया लाकर भाड़ा तोड़ने का काम रहे है। हमलोगों की मांग है विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिको द्वारा जो लिस्ट बनाया गया है। वैसे ही ट्रकों का सीसीएल द्वारा फॉर्मेट निर्गत किया जाए। विस्थापित सह भाजपा नेता चेतलाल राम ने कहा कि जीएम मगध द्वारा ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया गया था। कि 25 हजार टन कोयला का उठाव ट्रक मोड़ से होगा लेकिन इसके विपरीत इसका उठाव हाइवा से हो रहा है और ट्रक मालिको के हक को छिना जा रहा है। अगर हमलोगों की मांगों को माना नही गया तो हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे ।मैं खुद ट्रक मालिक रहा हूं। इनलोगो का दर्द मुझे मालूम है। मौके पर परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायण, बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा, त्रिवेणी साव, सत्यनारायण साव, कुलदीप यादव, कमलेश सिंह, सुनील यादव, नरेश यादव, नामेश्वर गुप्ता, दिलीप कुमार, मिथुन साव, रंजीत यादव, राजेश राम, गगेश्वर यादव, शम्भू साव, अभिनव कुमार, अमन सिन्हा, मदन साव, मो. कल्लू, मुकेश राम, मो.शमद, रंजीत गुप्ता, मो. शामिल, हनी खान, दिलीप पासवान, गोविंद यादव, पंकज सिन्हा, विनय कुमार,सोनू कुमार, आशीष कुमार, राजेन्द्र राम, खुशियाल साव, गिरेन्द्र यादव, अरुण केशरी, पंकज केशरी, बबलू चौरसिया, मोनू कुमार, पाली उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बेतला पंचायत सचिवालय में विशेष रूप से कैंप का हुआ आयोजन

**बेतला।** झारखंड सरकार के निर्देश में बरवाडीह प्रखंड के कुटमु चौक के समीप पुराने पंचायत सचिवालय भवन में कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में मुख्य रूप से बरवाडीह अंचल अधिकारी मनोज कुमार, अंचल निरीक्षक सुरेश राम, अंचल के बड़ा बाबू मनोज कुमार, अमीन झमन सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर रामनाथ कुमार, बेतला मुखिया मंजू देवी, पोखरी कल मुखिया नीतू देवी, केचकी के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह समेत कई लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान बेतला, केचकी व पोखरी कला से सैकड़ो लोग अपने जमीन के उत्तराधिकारी हक पाने के लिए अंचल अधिकारी को आवेदन दिया। इस दौरान अंचला अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार के निर्देश पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जिन लोगों का कैंप के माध्यम से आवेदन प्राप्त हुआ है। उसे शीघ्र ही सरकारी प्रावधान के तहत निष्पादन किया जाएगा।

### एक दिवसीय जागरूकता उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** जिला स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन संयुक्त रूप से जनजाति अस्पताल मानन चोटाग लातेहार में एक दिवसीय जागरूकता उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लातेहार जिला के सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, स्कूल साधन सेवी, एवं शिक्षको ने इस कार्यशाला में भाग लिया। सभी प्रखंड के एक एक प्रति भागियोने ने इस कार्यशाला में भाग लिया। जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार के उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिला मलेरिया कैन्सल्टर सुनील कुमार सिंह ने फाईलेरिया रोग से बारे में बताया की मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से ग्रसीत हो जाते हैं। इस का लक्षण एवं प्रभाव पाँच से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाईलाज बीमारी है। जानकारी एवं जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता हैं। पीरामल फाउंडेशन सीडी टीम के कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से फाईलेरिया बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी दी गई।

### खतियानी रैयत के दाखिल खारिज को लेकर बारी में लगा शिविर



शिविर में उपस्थित अधिकारी व अन्य।

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के आदेशानुसार चंदवा अंचल के विभिन्न पंचायतों मे खतियानी रैयत के उत्तराधिकारीयो एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल खारिज नामांतरण करने हेतु 9 जुलाई से लेकर 20 जुलाई तक विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 9 जुलाई को पंचायत भवन बारी,10 जुलाई को पंचायत भवन सासंग,11 जुलाई को पंचायत भवन चंदवा,12 जुलाई को पंचायत भवन कामता,13 जुलाई को पंचायत भवन तरहसी सेरक,15 जुलाई को पंचायत भवन चकला, 16 जुलाई को पंचायत भवन मालहन,18 जुलाई को पंचायत भवन डुमारो,19 जुलाई को पंचायत भवन बेतर बरवाटोली तथा 20 जुलाई को बोरसीदाग में आयोजित किया गया है। मंगलवार को बारी में आयोजित शिविर में खतियानी रैयत के उत्तराधिकारी हेतु तीन आवेदन प्राप्त हुए जिसमें अंचल के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उक्त शिविर का लाभ लेने की अपील अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने की है। मौके पर अंचल निरीक्षक ऋषिदेव कमल मुखिया सुष्मिता कुमारी पूर्व मुखिया जागे उरांव कर्मचारी जनेश्वर राम समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नवागढ़ में छात्र अभिनंदन सह छात्र सभा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम लातेहार नगर मंत्री मुकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने कहा कि स्थापना काल से लेकर आज तक 75 वर्ष हो जाने तक विद्यार्थी परिषद का यात्रा समाज परिवर्तन छात्र जीवन का परिवर्तन का बदलाव में अहम भूमिका रहा है। विद्यार्थी परिषद के द्वारा चलाए गए बहुत से अभियान जैसे परिषद की पाठशाला, ऋतुमति अभियान, परिसर चलो अभियान, आज इस तरह से कॉलेज कैंपस में स्थापित हो रहा है कि इस विषय को लेकर आज समाज में व्यक्ति निर्माण को लेकर अपने जीवन में इस अभियान को चलाने का काम कर रहे हैं। विद्यार्थी परिषद के मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यक्रम 9 जुलाई राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस, 6 दिसंबर सामाजिक समरसता, दिवस 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस, 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जयंती व जनजाति गौरव दिवस, 19 नवंबर नारी शक्ति दिवस जैसे राष्ट्रीय त्योहार को लेकर देश में पॉजिटिविटी संदेश देने का काम कर रहा है। वहीं मौके पर प्रधानाध्यापिका आरती कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हित को लेकर कॉलेज कैंपस में आंदोलन करते रहती है। हम सभी शिक्षक को विद्यार्थी परिषद के साथ मिलकर राष्ट्र का पुनर्निर्माण करने में अपना अहम भूमिका निभाने का काम करें।

## जिप सदस्य ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



योजना का शिलान्यास करते जिप सदस्य व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के कई पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग योजना अंतर्गत पश्चिमी जिला परिषद मद से जिप सदस्य बलवंत सिंह के द्वारा दिन मंगलवार को जनता की जरूरत से जुड़ी कई कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़कर व पट अनावरण करके किया गया। वहीं मनिका पंचायत के भदईबथान में पीसीसी पथ निर्माण,हाई स्कूल प्लस टू विद्यालय के समीप शौचालय निर्माण,कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में शौचालय निर्माण,पल्हेया पंचायत सचिवालय का मरम्मती कार्य,पूर्णी पल्हेया स्थित अंबेडकर स्थल के समीप चबूतरा निर्माण व जान्हों पंचायत के ग्राम मतनाग स्थित मंदिर परिसर के समीप चबूतरा निर्माण का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न किया गया। वहीं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मनिका में छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा जिप सदस्य बलवंत सिंह का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर युवा नेता सागर कुमार यादव,समाजसेवी मथुरा यादव,मुखिया पति भरदुल उरांव,रंजीत कुमार, अमित कुमार, बलराम यादव, शंभू यादव, पंकज यादव, सुरेंद्र यादव, अरुण ठाकुर, कामेश्वर राम, पप्पू कुमार, वार्ड सदस्य मोती पासवान, राजेश कुमार शर्मा, अनुज कुमार, उत्तम कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मनिका अंचल कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के विरोध में भाजयुमो ने घेराव कर किया ताला बंदी

## सांसद कालीचरण सिंह कार्यक्रम में हुए शामिल

➲ **सांसद ने सीओ व बीडीओ को लगाई फटकार कहा कार्यशैली में करें सुधार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धरना स्थल पर उपस्थित सांसद।

**मनिका।** मनिका अंचल कार्यालय में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचार व घूसखोरी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा मनिका के तत्वाधान में दिन सोमवार को अंचल कार्यालय घेराव सह तालाबंदी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकित राज गोलू ने किया। वहीं कार्यक्रम में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि मनिका अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के द्वारा अंचल कार्यालय में व्यापक पैमाने में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर रही है। जाति स्थानीय के नाम पर लोगों को कई दिन तक दौड़ाया जा रहा है साथ ही फोरलेन के लिए हो रहे भूमि अधिग्रहण में अंचल के द्वारा एलपीसी के नाम पर पैसा का उगाही किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने अंचल अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला को बुलाकर फटकार लगाया उन्होंने कहा कि जनता के द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही है की सीईओ एवं बीडीओ अपनी कार्यशैली में सुधार करें। इस तरह के कार्यशैली की शिकायत किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, मुकेश पांडे, कौशल किशोर प्रसाद, बबन पासवान, शंकर दुबे, गंगा यादव,अवधेश सिंह,सोनू सिकंदर, धर्मजीत राय,लव कुमार दुबे, अमरेंद्र कुमार, शीला देवी, अंजू देवी,गुड्डी देवी, उषा देवी, अश्विनी सिंह, मनदीप कुमार, अजय कुमार गुप्ता,चंदन कुमार, विकास तिवारी, विश्वनाथ राय, मुनेश्वर सिंह अमरदीप कुमार, धर्मेंद्र राम, पचु प्रसाद, रामदयालु सिंह, रिंकू राय,समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जीएसटी पर गोपनीयता


जून 2024 में वस्तु एवं सेवा कर का कुल संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.7 फीसदी अधिक है। परंतु इस जानकारी को सामान्य तरीके से यानी ब्योरों के साथ प्रेस विज्ञप्ति की मदद से नहीं जारी किया गया। इस बार कर संग्रह के आंकड़ों को संवाददाताओं को अनौपचारिक तौर पर बताया गया। खबर यह भी है कि आगे से इसे ऐसे ही जारी किया जाएगा। यह बदलाव परेशान करने वाला है और इससे बचा जाना चाहिए। ऐसे समय में जबकि पारदर्शिता और सूचनाओं का समय पर जारी होना अहम हो चुका है, खासकर यह देखते हुए कि भारत अधिक से अधिक विदेशी निवेश जुटाना चाहता है, तो एक नियमित बन चुकी प्रक्रिया को खारिज करना गलत साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि यह ऐसे समय पर हुआ है जब महज चंद रोज पहले ही भारत सरकार के बॉन्ड को पहली बार एक वैश्विक सूचकांक में शामिल किया गया है। वित्तीय बाजार विश्लेषकों और निवेशकों समेत कई लोग इन पर नियमित नजर रखते हैं। चूंकि सकल घरेलू उत्पाद जैसे आधिकारिक आंकड़े एक अंतराल के बाद जारी होते हैं, ऐसे में जीएसटी संग्रह इस बात को लेकर व्यापक समझ देने में मदद करता है कि अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन कैसा है। इससे ऐसा माहौल बनता है कि मानो सरकार बहुत अधिक कर संग्रह कर रही है। यह कई स्तरों पर गलत है।सकल जीएसटी संग्रह अकेले केंद्र सरकार का नहीं होता है। इसमें राज्यों की भी हिस्सेदारी होती है। इसमें क्षतिपूर्ति उपकर का संग्रह भी शामिल होता है जिसका इस्तेमाल उस कर्ज को चुकाने में किया जाता है जिसे महामारी के दौरान राज्यों की राजस्व कमी को दूर करने के लिए लिया गया था। पारदर्शिता और देश की स्थिति बताने के लिये जीएसटी की पुरानी व्यवस्था आवश्यक है।

# जीवाश्म ईंधन का हल

राज्य और केंद्र सरकारों के राजस्व का बहुत बड़ा हिस्सा जो एक अनुमान के मुताबिक देश के सकल घरेलू उत्पाद का करीब तीन फीसदी है, जीवाश्म ईंधन से हासिल होता है। जीवाश्म ईंधन से हासिल होने वाला कर और गैर कर राजस्व देश के समस्त रक्षा बजट से अधिक है और वह केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य पर किए जाने वाले व्यय से भी अधिक है। परंतु हमारे सामने केवल यही नहीं बल्कि बदलाव की जटिलता की भी चुनौती होगी। जब हम कम जीवाश्म ईंधन की खपत करेंगे तो फंड के कई स्त्रोत सूख जाएंगे। जीवाश्म ईंधन के कारोबार में शामिल सरकारी कंपनियों के राजस्व में भी कमी आएगी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सब्सिडी चाहने वाले माध्यमों को और अधिक मदद की आवश्यकता होगी। अलग-अलग राज्यों की राजस्व पर निर्भरता भी अलग-अलग है। कोयला खनन के कारण कुछ राज्य मसलन ओडिशा आदि का रॉयल्टी राजस्व अधिक है जबकि अन्य राज्य मसलन महाराष्ट्र आदि कर राजस्व पर निर्भर हैं। ऐसे में समस्या केवल यह नहीं है कि गैर जीवाश्म ईंधन से अतिरिक्त राजस्व कैसे जुटाया जाएगा बल्कि इन राजस्व को सभी अंशधारकों की संतुष्टि के हिसाब से साझा करना भी एक जटिल काम है। उदाहरण के लिए कर तैयार करने में राज्य की स्वायत्तता के मुद्दे को लेते हैं। पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के दायरे में नहीं लाने की एक वजह यह भी थी कि मौजूदा मूल्यवर्धित कर यानी वैट की व्यवस्था राज्य सरकारों को स्वतंत्रतापूर्वक कर निर्धारण की सुविधा देती है। जीएसटी के तमाम लाभों के बावजूद वह राज्यों की स्वायत्तता के स्तर पर उपयुक्त नहीं। वैट से परे कोई भी कदम उन राज्यों को चिंतित कर सकता है जो राजस्व के मामले में स्वायत्तता बनाए रखना चाहते हैं।

# नेपाल में सत्ता का अपवित्र गठबंधन





-श्याम भाटिया

पड़ोसी मुल्क नेपाल में सियासी लुका-छिपी का खेल बरसों-बरस से जारी है। हिमालयी राष्ट्र के लोकतंत्र का दुर्भाग्य यह है, शटल कॉक की मानिंद सियासत अस्थिर है। इधर सोलह वर्षों का सियासी लेखा-जोखा टटोला जाए तो नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड की अल्पमत सरकार को हटाकर शेर बहादुर देउबा और केपी शर्मा ओली का नया गठबंधन अब सत्तारूढ़ होने की तैयारी में है। प्रचंड सरकार मे शामिल सीपीएन-यूएमएल के आठ मंत्रियों ने इस्तीफा देकर अपनी मंशा साफ कर दी है, वे अब इस सरकार का संवैधानिक हिस्सा नहीं हैं। इससे पूर्व नेपाली कांग्रेस के मुखिया शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के सुप्रीमो केपी शर्मा ओली ने मिलकर नेपाल में बारी-बारी से सरकार बनाने का फैसला लिया है। ओली गुट के वजीरों के सामूहिक त्यागपत्र के बाद नेपाल में 2022 से काबिज प्रचंड की सरकार अलविदा होने की स्थिति में है। नेपाल में नया गठबंधन कब काबिज होगा, भारत समेत पूरी दुनिया की नजर इस पर रहेगी। यह राजनीतिक बदलाव चंद घंटों या चंद दिनों में संभव है, क्योंकि प्रधानमंत्री प्रचंड का साफ कहना है, वह इस्तीफा नहीं देंगे, जबकि प्रचंड गुट के मुताबिक प्रचंड सरकार विश्वास मत का सामना करेगी। नेपाली संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, नेपाली संसद में बहुमत होने वाले प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर बहुमत सिद्ध करना होता है।

नेपाली संविधान के अनुच्छेद 76(2) के अनुसार तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने 25 दिसंबर 2022 को सीपीएन-मायोवादी सेंटर के मुखिया पुष्प कमल दहल प्रचंड को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड ने 26 दिसंबर को नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। यह महज संयोग था या इसके भी कुछ सियासी मायने हैं, यह सियासी टीकाकारों के मूल्यांकन का विषय है। इस दिन आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की 130वीं जयंती थी। संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता के तौर पर उभरे प्रचंड को इस पद पर गंभीर दावेदार नहीं माना जा रहा था। इस चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटों पर कब्जा करके सबसे बड़ी पार्टी बन गई। नेपाल में 276 सीटों वाले सदन में बहुमत के लिए 138 सीटें हासिल करना अनिवार्य है। सीपीएन-यूएमएल के खाते में 78 सीटें आईं, जबकि प्रचंड की पार्टी को महज 32 सीटों पर ही सफलता मिली। केवल 32 सीट जीतने के बावजूद प्रचंड गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हो गए। प्रचंड को नेपाल के सबसे बड़े विजयी दल- नेपाली कांग्रेस का साथ मिल गया। यह बेमेल गठबंधन अंततः 15 मार्च 2022 को टूट गया। सियासत के चतुर खिलाड़ी प्रचंड ओली की पार्टी के बूते सरकार बचाने में सफल रहे। करीब-करीब दो साल में यह तीसरी बार सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नई सरकार में डेढ़ साल तक केपी शर्मा ओली पीएम बनेंगे, जबकि बचे हुए कार्यकाल पर शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बनेंगे।

> पेंडुलम की मानिंद नेपाली सियासी दंगल में हार न मानने वाले प्रधानमंत्री प्रचंड अंत तक सरकार बचाने की जुगत में रहे। उन्होंने इस सियासी संक्रमण काल से उभरने के लिए पहली जुलाई को आपात बैठक बुलाई, लेकिन राजनीतिक हवा को भांपते हुए अंतिम क्षणों में इस बैठक को निरस्त कर दिया। अंततः गठबंधन सरकार को बचाने की सारी कवायद विफल हो गई।

पेंडुलम की मानिंद नेपाली सियासी दंगल में हार न मानने वाले प्रधानमंत्री प्रचंड अंत तक सरकार बचाने की जुगत में रहे। उन्होंने इस सियासी संक्रमण काल से उभरने के लिए पहली जुलाई को आपात बैठक बुलाई, लेकिन राजनीतिक हवा को भांपते हुए अंतिम क्षणों में इस बैठक को निरस्त कर दिया। अंततः गठबंधन सरकार को बचाने की सारी कवायद विफल हो गई। इस्तीफा न देने पर अड़े हताश एवं निराश प्रचंड को नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण सलाह देते हैं, बदलते सियासी परिदृश्य के चलते अल्पमत में आई प्रचंड सरकार को खुद इस्तीफा देने की पहल करनी चाहिए, ताकि नेपाल में नए गठबंधन की सरकार स्थापित हो सके। नेपाल में यूं तो संसदीय लोकतंत्र का शंखनाद 1951 में हो गया था, लेकिन इसे नेपाली राजशाही ने 1960 और 2005 में निलंबित कर दिया। 2008 में धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की स्थापना के साथ ही दुनिया की अंतिम राजशाही का अंत हो गया। 2015 में नया संविधान लागू हुआ तो नेपाल संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। यहां का संविधान बहुजातीय, बहुभाषी, बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक विशेषताओं से लबरेज है। कहने को तो, नेपाल और भारत में रोटी-बेटी का संबंध है। सियासी भाषा में नेपाल को भारत का लघु भ्राता भी कहा जाता है, लेकिन नेपाल की आयु भारत से दो गुना से भी ज्यादा है। दस्तावेजों के मुताबिक नेपाल का आधिकारिक रूप से गठन 25 सितंबर 1768 में हुआ था। भारत के मानिंद नेपाल कभी भी उपनिवेशिक बंधन में नहीं रहा है, जबकि भारत का आधिकारिक गठन 15 अगस्त 1947 में हुआ। नेपाल भारत से 178 वर्ष, 10 महीने और 21 दिन बड़ा है।

किंग्स कॉलेज, लंदन में किंग्स इंडिया इंस्टीट्यूट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर एवं आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन थिंक टैंक में उपाध्यक्ष (अध्ययन एवं विदेश नीति) हर्ष वी. पंत नेपाल में सियासी करवट पर कहते हैं, सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कांग्रेस वैचारिक रूप से अलग हैं। मुझे नहीं लगता, ऐसी गठबंधन सरकार लंबे समय तक टिकाऊ होगी। इसमें कोई शक नहीं, यह विवशताओं का गठबंधन है। नेपाल की माली हालत को देखते हुए मध्यावधि चुनाव मुफीद नहीं रहेगा। अच्छा रहेगा, यह गठबंधन कार्यकाल मुकम्मल करे। नए गठबंधन के सामने दो पड़ोसी देश-चीन के बीच संबंधों को संतुलित रखना एक बड़ी चुनौती होगी। ओली को चीन समर्थक माना जाता है, जबकि नेपाली कांग्रेस मध्यमार्गी कहलाती है। नेपाली कांग्रेस पार्टी के भारत के संग दशकों पुराने रिश्ते हैं। इस पार्टी की स्थापना 1947 में भारतीय शहर कोलकाता में हुई थी। नेपाली कांग्रेस और इसके मुखिया शेर बहादुर देउबा भारत के हितैषी माने जाते हैं। इसमें कोई शक नहीं, ओली की अब की सियासत भारत विरोधी और चीन समर्थक रही है। ऐसे में भारतीय शासकों को घबराने की कतई जरूरत नहीं है, क्योंकि इस नए गठबंधन में नेपाली कांग्रेस बड़ी ताकत के रूप में शामिल है। उम्मीद की जाती है, केपी शर्मा ओली चाहकर भी भारत का फिलहाल कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। ओली की विषैली भाषा और चीन परस्त नीतियां आए दिन अपना फन नहीं उठा पाएंगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### सबसे चौड़ा एक्सप्रेस हाई वे

देशभर में एक्सप्रेसवे का जाल बिछाया जा रहा है. दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि देश का सबसे चौड़ा एक्सप्रेसवे कहां है. इस एक्सप्रेसवे पर 6-8 नहीं कुल 14 लेन हैं. दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे देश का सबसे चौड़ा एक्सप्रेसवे है. यह एक्सप्रेसवे डासना और गाजियाबाद के रास्ते दिल्ली को मेरठ से जोड़ता है.

इस एक्सप्रेसवे की लंबाई 96 किलोमीटर है. इसके 4 सेक्शन हैं. इस एक्सप्रेसवे पर 23 छोटे-बड़े पुल, 10 फ्लाईओवर, 3 रेलवे ब्रिज और 35 अंडरपास हैं. पूरे एक्सप्रेसवे पर कुल 4500 स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं. बता दें कि इस एक्सप्रेसवे पर केवल 27 किलोमीटर का रास्ता ही 14 लेन का है. बाकी हिस्सा केवल 6 लेन का ही है. इस एक्सप्रेसवे की शुरूआत दिल्ली में सराय काले खां से होती है.

**कब हुआ शुरू**

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का पहला सेक्शन मई 2018 में आम लोगों के लिए खोला गया था. यह सेक्शन हजरत निजामुद्दीन ब्रिज से यूपी बॉर्डर तक है. इसके बाद सितंबर 2019 में डासना से हापुड़ सेक्शन और अप्रैल 2021 में दिल्ली बॉर्डर से डासना व डासना से मेरठ का सेक्शन आम पब्लिक के लिए खोल दिया गया था.

**टोल टैक्स**

सराय काले खां से काशी टोल प्लाजा (मेरठ) तक कार, जीप, वैन और दूसरे हल्क वाहनों के लिए 160 रुपये लगते हैं. वहीं, मिनीबस और हल्के कर्मशियल व्हीकल के लिए 250 रुपये देने पड़ते हैं. दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के कारण दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और हापुड़ के बीच कनेक्टिविटी काफी बेहतर हो गई. यह इन इलाकों में बिजनेस के लिए काफी लाभदायक रहा. इस एक्सप्रेसवे को बनाने में 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च हुआ. इस रास्ते दिल्ली से मेरठ पहुंचने में करीब 45 मिनट लगते हैं. पहले यह समय 2.5 घंटे था।

# शिव के वरद पुत्र

## विचार-प्रवाह

-अशोक प्रवृद्ध

**विद्यापति** शिव एवं शक्ति दोनों के प्रबल भक्त थे। शक्ति के रुप में उन्होंने दुर्गा, काली, भैरवि, गंगा, गौरी आदि का वर्णन अपनी रचनाओं में यथेष्ठ किया है। मिथिला के लोगों में यह बात आज भी व्याप्त है कि जब महाकवि विद्यापति काफी उम्र के होकर रुग्न हो गए तो अपने पुत्रों और परिजनों को बुलाकर यह कहा कि मेरी इच्छा है कि मैं गंगा के किनारे गंगाजल को स्पर्श करता हुआ अपने दीर्घ जीवन की अन्तिम सांस लूं। अतः आप लोग मुझे गंगालाभ कराने की तैयारी में लग जाएं। परिवार के लोगों ने महाकवि का आज्ञा का पालन करते हुए चार कहरियों को बुलाकर महाकवि के जीर्ण शरीर को पालकी में सुलाकर सिमरिया घाट गंगालाभ कराने के लिए चल पड़े। आगे-आगे कहरिया पालकी लेकर और पीछे-पीछे उनके सगे-सम्बन्धी। रात-भर चलते-चलते जब सूर्योदय हुआ तो विद्यापति ने पूछा- भाई, मुझे यह तो बताओ कि गंगा और कितनी दूर है? साथ चलने वालों ने बताया कि अभीकरीब पौने दो कोस दूर है । इस पर महाकवि ने वहीं अपनी पालकी रोक देने की आज्ञा दी और कहा कि गंगा यहीं आएंगी। साथ चलने वालों के गंगा तक चलने की प्रार्थना करने पर भी वे नहीं माने और कहते रहे कि हमें और आगे जाने की जरुरत नहीं। गंगा यहीं आएगी। इतना कहकर महाकवि ध्यानमुद्रा में बैठ गए। पन्द्रह-बीस मिनट के अन्दर गंगा अपनी उफनती धारा के प्रवाह के साथ वहां पहुंच गयी। सभी लोग आश्चर्य में थे। सर्वप्रथम गंगा को दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया, फिर जल में प्रवेश कर एक गीत की रचना की और प्रार्थना करते हुए उसमें अपनी प्राण त्याग दी ।

देश के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ रमेश शरण जी के निधन की अत्यंत दुखदः सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
ओम शांति
**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

देश भर में चल रहे एक्पेड्मांकेनाम कार्यक्रम के तहत आज कोडरमा जिला प्रशासन द्वारा तिलैया ब्लॉक मैदान में आयोजित पौधा वितरण एवं पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर मैंने भी एक पौधा लगाया ।
**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**नरेंद्र मोदी** की सरकार में लोको पायलट्स के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है।गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट्स 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं। **– राहुल गांधी,कांग्रेस**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

# किसानों को निश्चित मूल्य नहीं निश्चित आय जरूरी

## सामयिक

**टी. एन. नाइनन**

**देश** के किसानों के समक्ष जो समस्या है वह फसल कीमतों से अधिक आय से संबंधित है। सरकार 2,000 रुपये प्रति क्विंटल से कम कीमत पर गेहूं खरीदती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी यह लगभग इसी कीमत पर मिल सकता है। परंतु चावल, जिसका भारत एक प्रमुख निर्यातक है वह एक अलग तस्वीर पेश करता है। भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपना चावल सबसे सस्ती कीमत पर बेचता है। इसके बावजूद इसकी कीमत इतनी आकर्षक है कि किसान भारी मात्रा में धान का उत्पादन करते हैं। बल्कि ऐसे राज्यों में भी धान बोया जाता है जहां भूजल स्तर काफी कम हो चुका है। जबकि इन किसानों को अन्य फसलों का रुख करना चाहिए, खासकर तब जबकि धान की सरकारी खरीद की कीमत उतनी आकर्षक नहीं रह जाए। किसान ऐसा नहीं करते और यह अपने आप में हमें कुछ बताता है।

यदि सरकार वैश्विक कीमतों के समान कीमतों की पेशकश करे तो क्या प्रदर्शनकारी किसान लौट जाएंगे? शायद धान किसान लौट जाएं लेकिन गन्ना किसान नहीं लौटेंगे। उधर रबर जैसी फसल उगाने वाले किसान उच्च आयात शुल्क रूपी संरक्षण जारी रखना चाहेंगे। यानी अलग-अलग फसल के लिए अलग-अलग कीमत जारी रहेगी। सरकार प्रदर्शनकारी किसानों से चाहे जिस तरह निपटे लेकिन फसलों को तार्किक बनाना जरूरी है। इसके साथ ही उत्पादन में सुधार भी जरूरी है। खेतों में बहुत बड़ी तादाद में लोग काम करते हैं। ऐसे में प्रति व्यक्ति आय कम है और किसान गरीब महसूस करते हैं और उनके मन में निराशा का भाव रहता है। ज्यादातर किसान इसलिए गरीब हैं क्योंकि श्रमशक्ति का आधा हिस्सा खेती में है और राष्ट्रीय आय का केवल सातवां हिस्सा उत्पादित करता है। समस्या का हल खेतों में नहीं बल्कि कारखानों में है। अधिशेष श्रमिकों को श्रम आधारित विनिर्माण में खपाया जा सकता है। वे कारखाने में उत्पादन बढ़ाएंगे और उन्हें अधिक भुगतान मिलेगा। यदि खेतों में कम लोग काम करेंगे तो उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी। तब किसान सुनिश्चित आय को लेकर कम चिंतित होंगे।

विनिर्माण क्षेत्र में समुचित रोजगार के अभाव में लोग दूसरे पेशों का रुख कर रहे हैं। आर्थिक जनगणना के मुताबिक 5.8 करोड़ ऐसे प्रतिष्ठान हैं जिनमें काम करने वाले 70 फीसदी लोगों को कोई भुगतान नहीं किया जाता। इनमें से आधे अपने घरों से काम कर रहे थे। घर से बाहर काम करने वालों के पास कोई तयशुदा ढांचा नहीं था। इनमें से अधिकांश को वास्तव में प्रतिष्ठान नहीं कहा जा सकता। वे बस किसी तरह काम चला रहे हैं। बिना समुचित रोजगार के समस्या का विस्तार खेतों से परे भी होना तय है।

पुनश्चः किसी को यह अभियान शुरू करना चाहिए कि एफसी कोहली को भारत रत्न दिया जाए। उनका कुछ दिन पहले 96 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। केवल एमएस स्वामीनाथन (कृषि में) और वर्गीज कुरियन (डेरी में) ने ही लोगों के जीवन और देश के आर्थिक परिदृश्य में बदलाव लाने में कोहली से अधिक योगदान किया है। उन्होंने टाटा कसल्टेंसी सर्विसिज में सॉफ्टवेयर सेवा उद्योग की बुनियाद रखी जो देश का सबसे बड़ा निर्यातक है और लाखों लोगों का रोजगार प्रदाता भी है। उनका काम यहीं तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने सिस्टम्स इंजीनियरिंग शिक्षा को बढ़ावा दिया और ऐसे सॉफ्टवेयर विकसित करने के पाठ्यक्रम तैयार किए जो उनके मुताबिक सामान्य कंप्यूटर पर 40 घंटे में निरक्षरता समाप्त कर सकता था। वह एकदम सहज तरीके से रहते थे लेकिन उनका प्रदर्शन एम विश्वेश्वरैया और एपीजे अब्दुल कलाम जैसा था। अब तक केवल इन्हीं दो इंजीनियरों को भारत रत्न मिला है।

## लेटर टू एडिटर

### अंकुश लगे

**राष्ट्रीय** अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक 2019 में प्रतिदिन हत्या की औसतन 79 घटनाएं हुई हैं। सन् 2018 के मुकाबले हालांकि इसमें 0.3 फीसदी की कमी अवश्य आई है मगर फिर भी चिंता बरकरार है। सरकार द्वारा कानूनी सख्ती के साथ ही कठोर दंड प्रक्रिया का निर्धारण जरूरी है तभी अपराधों पर नियंत्रण हो सकेगा।

**–अमृतलाल जमशेदपुर**

### कांग्रेस की हकीकत

**महागठबंधन** जीतते हुए भी हार गया। तेजस्वी का तेज धूमिल न पड़ता यदि कांग्रेस की राजशाही खुली आंखों से बिहार की रगों को पहचान पाती। कांग्रेस देश की उबड़खाबड़ पगडंडियों पर चलकर ही वह राजपथ तक पुनः पहुंच पायेगी। केन्द्रीय सत्ता का शीर्ष नेतृत्व इसमें सफल रहा। ज्यादा नम्बर मिलने के बावजूद मैरिट पर नीतीश को घोषित कर दिया।

**–दिव्या, रांची**

# बिजली क्षेत्र की बिगड़ती हालत और महंगी होती बिजली

## उर्जा

**नागेन्द्र सिंह**

उदय योजना के तहत वित्तीय सहायता मुहैया कराई गई जो प्रमुख रूप से राज्य सरकारों द्वारा जारी किए गए बॉन्ड के रूप में थी। इन्हें सरकारी बैंकों ने खरीदा और इनके माध्यम से 2019 तक वित्तीय और परिचालन सुधार किए जाने थे। व्यापक लक्ष्य यही था कि समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीऐंडसी) नुकसान को 15 फीसदी तक लाया जाए और आपूर्ति की समग्र लागत तथा एसीएस-एआरआर के नाम से प्रचलित कुल हासिल सालाना राजस्व के अंतर को समाप्त किया जाए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बॉन्ड जारी किए गए जबकि वितरण कंपनियों के प्रदर्शन में कोई खास सुधार नहीं हुआ। एटीऐंडसी नुकसान बढ़कर 21.7 फीसदी हो गया जबकि एसीएस-एआरआर का अंतर 50 पैसे प्रति यूनिट हो गया। यहां तक कि एसीएस-एआरआर अंतर में मामूली सुधार भी मोटे तौर पर इसलिए हुआ क्योंकि बिजली की कीमतों में सार्थक और पारदर्शी सुधार के बजाय उद्योग जगत समेत प्रीमियम उपभोक्ताओं के लिए शुल्क दरों में भारी इजाफा किया गया। यह तब जबकि बिजली क्षेत्र पर उत्पादकों का बकाया बढ़ता जा रहा था। खासकर स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों और राज्य सरकारों से मिलने वाली प्रत्यक्ष शुल्कवाली बिजली सब्सिडी 2016 से करीब 32 फीसदी बढ़ी है। देश में विद्युत वितरण सुधार के लिए तीन लाख करोड़ रुपये की योजना इस बात को रेखांकित करती है कि तमाम राज्यों समेत देश का



राजनीतिक वर्ग इस क्षेत्र की बुनियादी ढांचागत कमी को दूर कर पाने में विफल रहा है और वह हैः शुल्क दरों में सुधार। इस नए कार्यक्रम का नाम- रिफॉर्म बेस्ड ऐंड रिजल्ट लिंक्ड रीवैंप्ड डिस्ट्रिब्यूशन स्कीम, इसके उद्देश्य को सामने रखता है। सन 2015 में उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की यह दूसरी योजना है लेकिन बीते 15 वर्षों में यह इस तरह की पांचवीं योजना है। इससे पता चलता है कि कैसे इस बीच तमाम केंद्र और राज्य सरकारें राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील इस क्षेत्र के मूल्य सुधार से हिचकती रहीं और लक्षित लाभार्थियों की सब्सिडी कम करने से भी पीछे हटती रहीं। नई योजना ने मूल उदय केलक्ष्य को 2024-25 तक बढ़ा दिया है और बिजली क्षेत्र की अन्य सभी सुधार योजनाएं इसमें समाहित होंगी। उदाहरण के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण, पारेषण नेटवर्क सुधार और कृषि क्षेत्र के लिए स्वच्छ ऊर्जा नेटवर्क जैसी योजनाएं। परंतु इसमें कुछ उपयुक्त समायोजन किए गए। ऋण वितरण को कुछ न्यूनतम बुनियादी मानकों से जोड़ा गया है और फंड जारी करने के पहले हर वर्ष इसकी समीक्षा की जाएगी। असल परीक्षा यह है कि सरकार अपने इरादों में कितनी कामयाब हो पाती है।

मई 2020 में जब स्पष्ट था कि उदय के लक्ष्य हासिल नहीं होंगे, तब वितरण कंपनियों को 1.2 लाख करोड़ रुपये का राहत पैकेज दिया गया ताकि वे अपना बकाया निपटा सकें। आवंटन इस आधार पर किया गया कि महामारी के कारण मांग में अचानक कमी आई। इस बार स्मार्ट मीटरिंग और कृषि फीडरों को अलग और सौर ऊर्जा चालित करने पर जोर है। दोनों पहल अहम हैं क्योंकि सौर पंप सेट राज्यों को कृषि क्षेत्र की भारी बिजली सब्सिडी से बचा सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### डायरिया रोकथाम के लिए कार्यशाला



**रामगढ़ ।** छतरमांडू समाहरणालय सभा कक्ष में सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्टॉप डायरिया कैंपेन के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला हुआ। उपायुक्त ने केंद्र सरकार द्वारा डायरिया के रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया की रोकथाम साफ सफाई और ओआरएस की वितरण संबंधी आयोजित की जाने वाली कार्यक्रमों के संबंध में सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद से विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए डायरिया के बचाव हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

### कोचिंग का मना स्थापना दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सनराइज अकेडमी में धूमधाम से कोचिंग का 8वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षिका नेहा कुमारी , पल्लवी सिन्हा, रजनीश प्रसाद और कमलेश मेहता ने केक काटकर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं के बीच केक और मिठाई का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया। नेहा कुमारी उर्फ जूली ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नये ऊर्जा का संचार होता है। छात्र-छात्राओं के तरो ताजगी के लिए पढ़ाई के साथ समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

### सौंदा डी में मां विपत्तारिणी की पूजा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इस वर्ष भी बंगाली समाज के तत्वावधान में मंगलवार को सौंदा डी दुर्गा मंडप में मां बिपत्तारिणी की पूजा हुई। पूजा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। पंडित दिलीप चटर्जी ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराया। श्रद्धालुओं ने मां बिपत्तारिणी को 13 तरह के फल, 13 तरह के फूल व 13 तरह के मिठाई चढ़ाकर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-शांति व समृद्धि की कामना की गई। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में जोयदेव गुप्ता, संजय यादव, सुरेश खरवार, दीपक सिंह, मधु भंडारी, अंशु, रिशु, अजीत झा सहित दर्जनों महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

### 25 को ट्रांसपोर्टिंग होगी ठपः सतीश



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को ले 25 जुलाई को सयाल से चलने वाली ट्रांसपोर्टिंग ठप करने का निर्णय लिया है। इसी आलोक में संघ द्वारा ट्रांसपोर्टिंग जाम करने को लेकर मंगलवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक के नाम नोटिस दिया गया है। महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा कि 7 फरवरी को क्षेत्रीय कमिटी द्वारा सीसीएल प्रबंधन को 13 सूत्री मांग-पत्र दिया गया था। इस बावत प्रबंधन के साथ वार्ता भी हुई थी। लेकिन अभी तक किसी भी मांगो पर पहल नहीं की गई। नोटिस देने वालों में संजय मिश्रा, संतोष ठाकुर, अजीत सिन्हा, बिनोद कुमार, शंकर सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, प्रभाष दस, रामश्रृष्ठ, रेखा कुमारी, लाल मोहन महली, शिवनंदन दास, राजीव रंजन, लक्ष्मन गोस्वामी, शेखर सरकार, शंकर कुमार, सन्नी कुमार सिंह, भारत शर्मा आदि शामिल थे।

### अरूण सिन्हा ने दीपिका पांडे को दी बधाई



**रामगढ़।** दीपिका पांडे सिंह को मंत्रीमंडल में शामिल किये जाने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने उन्हें बधाई दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि वैसे तो दीपिका पांडे सिंह महगामा की विधायक हैं। लेकिन उनका रामगढ़ से भी काफी लगाव है। उन्होंने कहा कि दीपिका पांडे सिंह एक ऐसी नेत्री हैं जो हमेशा जरूरत मंद लोगों की मदद को तत्पर रहती हैं। दीपिका पांडे सिंह के मंत्री बनने पर आनंद प्रताप सिंह, संतोष सिंह, खोगेंद्र साव, केडी मिश्रा, प्रमोद सिंह आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### प्रगति संघ क्लब में विपत्तारणी पूजा



**कुजू।** रामगढ़ जिला की कुजू बंगाली टोला प्रगति संघ क्लब में दुर्गा स्वरूपा माँ विपत्तारणी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । पूजा में 13-13 तरह के फल , फूल और मीठा चढ़ाकर पूजा अर्चना की जाती है । इस मौके पर पुरोहित मानस चक्रवर्ती के द्वारा व्रतियों को विधिवत्त पूजा अर्चना कर संकल्प कराया गया । पूजा में कुल 70 व्रतियों ने उपवास रखकर माँ की पूजा की । पूजा अर्चना के बाद हवन किया गया तत्पश्चात पूजा उपरांत सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला किया और एक दूसरे को सुहागन रहने की कामना की । मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष अचिंतया सरकार , सचिव आशीष कुमार मुखर्जी , कौशिक मुखर्जी , बबला मुखर्जी , रंजीत बनर्जी, सागर कुंडू, सरोज चटर्जी , रुद्राक्ष मुखर्जी ,व्रतियों में मंजू सरकार , सोमा मुखर्जी , रिंपा मुखर्जी , उषा मुखर्जी , साधना सेन, तनु सेन , सीमा लायक , सरस्वती चक्रवर्ती , सपना देवी , सहित दर्जनों व्रती मौजूद थे ।

### मजदूरों की सभी समस्याओं का निदान करेगी जनता मजदूर संघ : निशि पांडेय



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को बरका-सयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना अंतर्गत पोटंगा एवं बेस वर्कशॉप में मजदूरों/कर्मचारियों से जनसंपर्क कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। निशी पांडेय ने कहा कि मजदूरों के हर छोटे-बड़े समस्याओं का निराकरण जनता मजदूर संघ ने अपने हाथों में लिया है। किसी भी मजदूर को किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी हो तो वे सीधे संघ के पदाधिकारी से या मुझसे संपर्क कर सकते हैं।

# समाजसेवी रामेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**जन जागरण केंद्र को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्पित : संजय सिंह**

**जाति धर्म से परे समेकित प्रयास करना स्व. रामेश्वर सिंह के जीवन का रहा उद्देश्य : उमेश प्रताप**

**रामेश्वर सिंह ने महात्मा गांधी और जय प्रकाश नारायण के विचारों से प्रेरित होकर 1978 में जन जागरण केंद्र की स्थापना की थी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रख्यात समाजसेवी सह जन जागरण केंद्र के संस्थापक स्वर्गीय रामेश्वर सिंह के जयंती पर प्रतिमा स्थापना समारोह धोबियाडीह स्थित जन जागरण केंद्र में हुआ। पूजा अर्चना कर अतिथियों ने प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्व. रामेश्वर सिंह की पत्नी शारदा सिंह, प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप, पंकज सिंह, जनजागरण केंद्र सचिव संजय सिंह, निदेशक अजय सिंह, डॉ एसपी सिंह, विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, शालिनी कुमारी, डॉ एसबी सिंह, सत्यदेव कुमार, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, जयमंगल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, प्रदान संस्था से बाली देवी, डॉ मनोज, बीएस गुप्ता, चंद्रमोहन पटेल, कलाल साहा, अरविंद कुमार, कुलदीप कुमार, भिखारी मियां, गंदौरी रविदास, रघुनन्दन गोप सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव संजय सिंह व संचालन पंकज सिंह ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन संस्था के निदेशक अजय कुमार ने किया। आंदोलन के साथी रहे उमेश प्रताप ने उनकी जीवन यात्रा का उल्लेख करते हुए उनके प्रेरणादाई आचरण का अनुसरण करने का सलाह दिया। उन्होंने कहा कि रामेश्वर सिंह सामाजिक अव्यवस्था, गैर बराबरी, गरीबी और भ्रष्टाचार को देखकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया था। महात्मा गांधी और लोकनायक जय प्रकाश नारायण के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने वर्ष 1978 में जन जागरण केंद्र (जेजेके) नामक संस्था की स्थापना की। इस संस्था के माध्यम से अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़े वर्ग के गरीबों व अनाथों का उत्थान के लिये उल्लेखनीय कार्य किया। सामाजिक सदभावना, शैक्षणिक, संस्कृति और आर्थिक उन्नयन हेतु जाति धर्म से परे एकजुट होकर समेकित प्रयास करना उनके जीवन का उदेश्य रहा। इसी लक्ष्य को पाने के लिये उन्होंने अनाथालय एवं महाविद्यालय की स्थापना की।

केंद्र के सचिव संजय सिंह ने कहा कि अपने पिता सह मार्गदर्शक स्व. रामेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर स्वयं को सौभाग्यशाली एवं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ, उनकी कमी हमेशा खलती है। वे असाधारण व्यक्ति एवं प्रतिभा के धनी थे जिनके बताये मार्गो पर चलकर संस्था को आगे बढ़ाकर समाज से जुड़कर कार्य करने को लेकर दृढ़संकल्पित हूं। स्व. रामेश्वर सिंह की जीवनी पर उल्लेख करते हुए पत्नी, पुत्र व भाई भावुक हो उठे और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाजसेवी रामेश्वर सिंह जी का जन्म 9 जुलाई 1956 ई० को जिला सारण के मोतीराजपुर गांव में हुआ था। रामेश्वर सिंह बचपन से ही वे प्रतिभा के धनी, जुझारू एवं कर्मठ इंसान थे। इनकी प्रारंभिक शिक्षा सारण जिले से हुई। उनकी पावन स्मृति के अवसर पर जन जागरण केंद्र आश्रम परिसर बरही में प्रतिमा स्थापना समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अंत में पौधारोपण किया गया। मौके पर जनजागरण केंद्र समन्वयक चितरंजन महतो, राजेन्द्र यादव, लक्ष्मण ठाकुर, कृतिस्वर्ण कुजूर, ओमप्रकाश कुशवाहा, बीरेंद्र ठाकुर, गूंज संस्था से अजित सिंह, प्रकाश ठाकुर, बीरेंद्र सिंह, अरुणा खलखो, कैलाश महतो, प्रमोद सिंह, अमित गिरी, स्वीटी कुमारी, विकास कुमार, भिखारी मियां, नरेश कुमार, आरती कुमारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग जिला कौशल समिति की बैठक

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कौशल समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला के बेरोजगार युवक युवतियां को प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए जिला कौशल विकास योजना के कार्य एवं अद्यतन स्थितियों पर चर्चा की गई। मौके पर जिले के युवाओं के हुनर और स्किल्स को देखते हुए कार्ययोजना बनाने तथा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देने की बात कही। जिला कौशल विकास प्लान 2024/ 25 को तैयार करने एवं इसके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। स्थानीय जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण हेतु नए सेक्टर/जॉब रोल का चयन करने पर विचार किया गया। कौशल केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक युवतियों के लिए स्थानीय नियोजन एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# ग्रामीणों को ग्राम सभा कर दिया जायेगा वन अधिकार पट्टा : डीसी

**रामगढ़ में अबुआ बीर अबुआ दिशोम को लेकर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा पूरे नियम के तहत दिया जाएगा। राज्य सरकार ने अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को वन अधिकार पट्टा दिया जाएगा। यह बात मंगलवार को टाउन हॉल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में डीसी चंदन कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि वन अधिकार समिति के अध्यक्ष और सभी सदस्यों को पूरी जानकारी भी दी जा रही है। डीसी ने कहा कि कई बार नियमों का पालन नहीं होने और दस्तावेजों की कमी होने की वजह से वनाधिकार पट्टा नहीं मिल पा रहा था। कई बार बहुत छोटी कमी की वजह से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस बार ग्राम सभा करने, 15 सदस्यों में दो तिहाई एसटी और ओटीएफडी एवं एक तिहाई महिलाओं को शामिल करने जैसी बेसिक जानकारी लोगों को दी जा रही है। सदस्यों और पदाधिकारी को इस कार्यशाला में बताया गया कि कैसे कोई आवेदन एक्सेप्ट होता है और किस वजह से वह रिजेक्ट हो जा रहा है। राज्य से नामित सीएसओ के रिसोर्स पर्सन द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारी का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत चार तरह के अधिकार पट्टा धारकों को दिए गए हैं। व्यक्तिगत उपयोग, जमीन का सामुदायिक उपयोग, संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन के जिम्मेदारी पट्टा धारकों पर होगी। सरकारी योजनाओं के लिए एक हेक्टेयर तक का उपयोग किया जा सकता है।

नए सिरे से 2005 के उपरांत जंगल उजाड़ना, खेती के अधिकार को आवासीय अधिकार में परिवर्तन करना और वन पट्टा का बाद में व्यावसायिक उपयोग करना निषेध है।

**अभियान मुख्य लक्ष्य :** डीसी चंदन कुमार ने बताया कि अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान का मुख्य लक्ष्य नए दावों का सृजन और सत्यापन, उचित मानचित्रों के साथ नए दावे तैयार करना, पुराने और अस्वीकृत दावों की समीक्षा करना, सामुदायिक अधिकारों पर विशेष ध्यान रखना, सभी हितधारकों का प्रशिक्षण देना, उपयोग के लिए तैयार टेंप्लेट उपलब्ध कराना, पट्टा वितरण के पश्चात उसका विकास करना है। बैठक में डीएफओ नितिश कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसी गीतांजलि कुमारी रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, दुलमी अंचल अधिकारी मदन महली शाहिद सभी अधिकारी मौजूद थे।

## बरही : बकाये वेतन को लेकर ऊर्जा मित्रों ने एरिया बोर्ड को सौंपा ज्ञापन

**बरही।** हजारीबाग विद्युत एरिया बोर्ड को बरही डिविजन के सभी ऊर्जा मित्रों ने 6 माह का बकाया वेतन के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। बताया कि मेसर्स सांई कम्प्युटर लिमिटेड द्वारा सभी उर्जा मित्र का 6 माह का बकाया वेतन नहीं दिया गया है। कंपनी अपना कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए कुछ उर्जा मित्रों का पीएफ का पैसा अकाउंट में जमा कर दिया है। हमलोगों का प्रिंटर एवं मोबाईल यह कह के जमा करवा लिया गया कि आपलोगों का सभी बकाया वेतन आपके अकाउंट में भेज दिया जायेगा। महिनों बीत गया लेकिन किसी के अकाउंट में वेतन नही आया है। ज्ञापन में कौशल किशोर कौशिक, मो रब्बानी, सदानंद सिन्हा, संजीव घोष, अक्षय कुमार पांडेय, आशीष कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, संतोष चौधरी, प्रदीप कुमार राणा, कौलेश्वर यादव, रामप्रसाद राम, छट्टू गुप्ता, दिलिप पंडित, संजय कुमार, शेखर कुमार, अभय कुमार, सुमन कुमार गुप्ता, अजय रविदास, कौशल ठाकुर, विनय प्रसाद, आजाद अंसारी सहित सैकड़ों हस्ताक्षर शामिल है।

### दारू में पत्रकार पर मामला दर्ज

**दारू।** पुनाई पंचायत के बसरिया मे डीलर द्वारा चावल की कालाबाजारी की खबर संकलन कर रहे एक दैनिक अखबार के पत्रकार नरेश सोनी के खिलाफ डीलर और उसके पुत्रों ने मारपीट किया था। मारपीट की सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। पत्रकार के आवेदन पर दारु थाना मे कांड संख्या 66/24 मे आरोपी डीलर व तीन अन्य कर खिलाफ मामला दर्ज किया गया । डीलर पर मामला दर्ज होने के बाद आरोपी डीलर रामप्रवेश सिंह के आवेदन पर पत्रकार के खिलाफ झूठे मामले मे गंभीर धारा में मामला दर्ज किया गया । पत्रकार की बेरहमी से मारपीट के बाद पत्रकार जगत में काफी गुस्सा व्याप्त है और दारु थाना प्रभारी की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठाये जा रहे है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता सह प्रशिक्षण

**छात्रों और शिक्षकों को यातायात नियमों की दी गयी जानकारी**



**हजारीबाग ।** जिला सड़क सुरक्षा टीम के तत्वावधान में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता-सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रोजबड स्कूल में किया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा टीम के रोड इंजिनियर एनालिस्ट शारिक इकबाल तथा आईटी सहायक अरविन्द कुमार ने विद्यार्थियों और शिक्षको के बीच सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण बारिकीयों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि, पूरे जिले में अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अरविन्द ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों उसमे उल्लंघन के फलस्वरूप लगने वाली जुर्माना राशि, सड़क दुर्घटनाओ के कारण उससे बचने के उपाय के बारे में बताया। शारीक ने बताया कि सड़क हादसे में हुए घायलों लोगों की मदद करने वाले व्यक्ति को जिला प्रशासन द्वारा 2 हजार रूपए की पुरुस्कार राशी दी जाती है और मदद करने वाले लोगो को पुलिस के द्वारा परेशान नहीं किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना डरे घायलों की मदद कर एक अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाये।

**विद्यार्थी हुये पुरस्कृत :** कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विद्यार्थियों से प्रश्न भी किये गए और सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कृत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा-7 की कविता कुमारी, कक्षा 9 की पिहू कुमारी, कक्षा 8 के अविनाश कुमार शामिल रहे। उक्त मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अजय कुमार ने कार्यक्रम की काफी सराहना करते हुए बताया की सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा बच्चो को यातायात के प्रति जागरूक कर सराहनीय कार्य किया जा रहा है।



## कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी, लोहरदगा।

### Panchayat Health Camp Route Plan

| Nameof Block | Place | Date | NameOf Doctor | MobileNo | NameOf Team Member | MobileNo |
|---|---|---|---|---|---|---|
| CHCKURU | AWCKOLSIMRI3rd | 10.07.2024 | Dr.Nirupma Topno | 7091776561 | TausifAnsari (CHO)<br>KiranTirkey (ANM) | 8235403180<br>6201972840 |
| | AWCCHIRNA, KAKARGARH | 12.07.2024 | Dr.AnjulanAind | 8757282868 | ArtiKumari(CHO)<br>Mariam Kispotta(ANM) | 8051147595<br>9693739412 |
| | AWCUTKAORAON TOLI, KAIRO | 19.07.2024 | Dr.RakeshKumar | 9431776305 | SevlenSoy(GNM)<br>NamitaLakra(GNM)<br>Rajmani Kumari(ANM)<br>PawanKumarSahu( Pharmacist) | 8210186909<br>6299304083<br>7070021354<br>7061025315 |
| | SALGIBAJARTAR | 24.07.2024 | Dr.AjitKumar Mandal | 9430346266 | ChandniKumari(GNM)<br>Varsha Kumari(GNM)<br>MurshidAnsari(Pharmacist)<br>RubiKumari(LT) | 8252904820<br>6206638748<br>8409474475<br>8340436123 |
| | AWCCHIRI NAWATOLI | 31.07.2024 | Dr.AjitKumar Mandal | 9430346266 | JuhiKumari(CHO)<br>ReenaKumari(ANM)<br>ManitaKumari(LT)<br>SheelaMundari<br>MuktiKerketta | 7857096824<br>6203785907<br>6200470539<br>6200426695<br>9110050456 |
| Lohardaga Sadar | AWC Kutmu | 7/9/2024 | Dr.Samita Tirkey | 7319716826 | ShobhaKujur,CHO PramilaKumari,ANM Ablene Kujur,ANM ManishKumar,MPW Abid Ansari,FP BTT | 9113155125<br>9304540131<br>9955526237<br>7903621662<br>7761986339 |
| | PanchayatBhawan Harmu | 7/12/2024 | Dr.Samita Tirkey | 7319716826 | PunamKispotta,CHO Sangeeta Sahu,ANM Ritu Prajapati,ANM ManishKumarMPW AbidAnsari,FPBTT | 9006101378<br>6200046595<br>9973557485<br>7903621662<br>7761986339 |
| | PanchayatBhawan Hesal | 7/15/2024 | Dr.Amrita Gaurav | 8987486705 | Pratima Kumari,ANM Kamal Roshni Minz,ANM TanweerZakiAsraf,MPW Abid Ansari,FP BTT RubyKhatoon,BTT | 7061068275<br>9110946533<br>9122893736<br>7761986339<br>6200094130 |
| | AWCIrgaonChotka Toli | 7/19/2024 | Dr.Samita Tirkey | 7319716826 | RupaOraon,ANM LalitaKumari,ANM Alok Kumar,MPW Abid Ansari,FP BTT Geeta Devi,BTT | 9798304659<br>9572092212<br>9905581715<br>7761986339<br>7004215617 |
| | PanchayatBhawan Manho | 7/23/2024 | Dr.Amrita Gaurav | 8987486705 | SnehiSnehlataMinz,CHO Anita Sahu,ANMAlka Sahur,ANM AbidAnsari,FPBTT NamanPrajapati,RKSKBTT | 7979804011<br>8252798027<br>7903127770<br>7761986339<br>9905808052 |
| | PanchayatBhawan Bagha | 7/26/2024 | Dr.Samita Tirkey | 7319716826 | Nirali Toppo,ANM LalitaKumari,ANM Alok Kumar,MPW AbidAnsari,FPBTT RubyKhatoon,BTT | 7061025992<br>9572092212<br>9905581715<br>7761986339<br>6200094130 |
| | PanchayatBhawan Arkosa | 7/30/2024 | Dr.Samita Tirkey | 7319716826 | Chonhen Kerketta,CHO SupriyaNidhiMinz,ANM Sarojini Tirkey,ANM AbidAnsari,FPBTT RubyKhatoon,BTT | 8102363730<br>9122372550<br>7979997170<br>7761986339<br>6200094130 |
| | PanchayatBhawan Juriya | 7/31/2024 | Dr.Amrita Gaurav | 8987486705 | PunamKispotta,CHO Sangeeta Sahu,ANM Ritu Prajapati,ANM ManishKumarMPW AbidAnsari,FPBTT | 9006101378<br>6200046595<br>9973557485<br>7903621662<br>7761986339 |
| Bhandra | BaragainPanchayat Bhawan | 7/10/2024 | Dr.AkashKumar | 9060343323 | Nita Lakra ANM<br>Ram Kumar Mahto<br>Benkat Oraon<br>Pramila DeviAsha<br>SunitaDeviAsha<br>MunnaMunda/RakeshMTS | 7856837585<br>8340734720<br>9304854557<br>8002700279<br>9955203728<br>9572528137 /9798233279 |
| | TotoAWC | 7/12/2024 | Dr.Lusy Linda | 9661814174 | JyotiHurhuriaANM<br>TajeOraon MPW<br>Benkat Oraon<br>SudhaDeviSahiyaSathi<br>JirmainDevi<br>MunnaMunda/RakeshMTS | 6203794660<br>9771236501<br>9304854557<br>8210629430<br>9113370307<br>9572528137 /9798233279 |
| | BitpiAWC | 7/22/2024 | Dr.NirmalaShantiLakra | 8340355215 | RenuKumariANM<br>Ram Kumar Mahto<br>Benkat Oraon<br>SukhmaniOraon<br>MunnaMunda/RakeshMTS | 6200180059<br>8340734720<br>9304854557<br>7857061742<br>9572528137 /9798233279 |
| | PjhriNear DhananjayHouse | 7/29/2024 | Dr.OmKumar | 7765070660 | AnitaKumariANM<br>Rajeshwer Tirkey MPW<br>Benkat Oraon<br>RakibaTabasum<br>LaxmiDeviSahiya Sathi<br>MunnaMunda/RakeshMTS | 9931576679<br>9798337056<br>9304854557<br>9523405658<br>9661666552<br>9572528137 /9798233279 |
| Senha | A/wChandkopa | 12.07.2024 | Dr.VinodSurin | 7739292922 | Rajmani Lakra<br>JankuKumari<br>UrmilaKumari<br>MansoorAnsari | 9973701679<br>6201400519<br>8294371854<br>7739407706 |
| | A/wHeswey | 17.07.2024 | DR.Sanjit Anand | 8102143085 | DeepsikhaKumari<br>Nomi Xaxa<br>SimaKumari<br>Dk Giri | 7643978543<br>8757725917<br>9955914333<br>8084636372 |
| | A/wJhaljamira | 23.07.2024 | DrRanjita Kachhap | 9835327214 | PramilaEkka<br>SushmaKumari<br>Biraj Tirkey | 9006679773<br>9771802362<br>9801259178 |
| | A/wButi | 26.07.2024 | Dr.AnujRoshanMinz | 9570066000 | Sweeta Kumari<br>RoshniLakra<br>AshaDivyaToppo<br>Dk Giri | <br>6202979388<br>9693040951<br>8084636372 |
| Kisko | AWCNichePakhar | 08.07.24 | Dr.SazidullahKhan | 9162139885 | RoshanKerketta-SN Manju Tigga -ANM ManjulaEkka-ANM Anil Yadav-MPW | 9110065951<br>6200864337<br>9709122489<br>8409815704 |
| | MiddleSchoolSiram | 10.07.24 | Dr.AK Oreya | 9308364550 | RoshanKerketta-SN SunutaHemrom-ANM Matilda Topno-ANM | 9110065951<br>6201363470<br>7481826044 |
| | BazarTandKharcha | 15.07.24 | Dr.NikitaBodra | 9693458082 | RoshanKerketta-SN Shobha Toppo-ANM BinodTanaBhagat-MPW | 9110065951<br>8969261518 |
| | AWC Dumarpath | 19.07.24 | Dr. AK Oreya<br>Dr.PawanKumar Prajapati | 9308364550<br>9955019622 | RoshanKerketta-SN Manju Tigga -ANM ManjulaEkka-ANM Anil Yadav-MPW | 9110065951<br>6200864337<br>9709122489<br>8409815704 |

PR 329007 (Lohardaga) 24-25 (D)

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

# निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का केंद्रीय मंत्री ने लिया जायजा जतायी नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। जिले के तिलैया बाइपास में एनएच 20 निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में हो रही देरी के साथ-साथ लापरवाही के लिए एनएच के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। फोरलेन का निर्माण कार्य वर्ष 2022 में ही पूरा करना था। बता दें कि बरही से कोडरमा के जेजे कॉलेज तक साढ़े 27 किलोमीटर फोरलेन सड़क का निर्माण चल रहा है। निर्माण कार्य को वर्ष 2022 में ही पूरा कर लेना था, मगर आज भी फोरलेन का निर्माण कार्य जारी है। हालांकि तीन किलोमीटर के तिलैया बाइपास में तीन पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अंडरपास और नाला निर्माण में लापरवाही पर केंद्रीय मंत्री नाराज जताई। वहीं उन्होंने अंडरपास और नाला निर्माण में बरती गई लापरवाही को जल्द से जल्द सुधार करने का निर्देश एनएच के अधिकारियों को दिया। इसके साथ ही सड़क से ऊंची नाली बनाए जाने के कारण बाइपास में जगह-जगह भारी जल जलाव की समस्या भी उत्पन्न हो गई थी, जिसकी शिकायत लगातार स्थानीय लोग में सुजीत लोहानी, प्रदीप केडिया, आशीष केडिया, मनोज अग्रवाल, नन्द राय आदि ने बाईपास की नाली, रोड, डिवाइडर आदि की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। निरीक्षण के क्रम में जिला प्रशासन में एसडीओ रिया सिंह व एनएच के अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा जगह-जगह मौजूद स्थानीय लोगों ने फोरलेन निर्माण में बरती गई लापरवाही के कारण हो रही समस्याओं की ओर केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया।

### अगस्त तक निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने एनएच के निर्माण में जो भी खामियां पाई गई हैं, उसे जल्द से जल्द ठीक करने का निर्देश दिया। साथ ही अगस्त तक एनएच का निर्माण कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम एनएच और निर्माण कंपनी के अधिकारियों को दिया।

### खामियों में सुधार करने का अधिकारियों को निर्देश

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि फोरलेन के निर्माण में हो रही देरी और लापरवाही के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फोरलेन निर्माण की प्लानिंग और नक्शा में कई खामियां है, जिसका सुधार एनएच के निर्माण के समय होना चाहिए था। इसके साथ ही उन्होंने सर्विस रोड पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। मौके पर अनूप जोशी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, चंद्रशेखर जोशी, हरि पंडित, मनोज साव, रवि यादव, अशोक राय, रघु सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### वीएलई को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

कोडरमा। डीपीआरसी सभागार में डिजिटल पंचायत योजनांतर्गत सभी वीएलई का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आहूत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी ऋतुराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षक हर्ष कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में वेब मैनेजर देवेन्द्र कुमार, प्रफुल्ल कुमार, डीपीएम ई पंचायत सत्यजीत हिमवान आदि लोग मौजूद थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की जांच



गिद्धौर। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच की गई और उन्हें दवाइयाँ दी गईं। डॉ. अंजली कुमारी भगत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में एएमएम बिमला कुमारी, जीएएन रिंकू कुमारी, प्रमालिष्ट अनिल कुमार, सहीया साथी सुचिता देवी और स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मी उपस्थित थे। महिलाओं की जांच में हेमोग्लोबिन, एचआईवी जैसे अन्य जांच किए गए। इस अवसर पर दर्जनों गर्भवती महिलाएं उपस्थित थीं।

### तंबाकू के दुष्परिणामों को रोकने के लिए चलाया गया छापेमारी अभियान



चतरा। सदर थाना और स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को चतरा चौक और शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू और तंबाकू जनित पदार्थों के दुष्परिणामों को रोकने के लिए एक छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद, राज्य नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर अश्विन, सलाहकार राजीव, राज्य कार्यक्रम सहायक धीरज कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजेश शर्मा और जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम चतरा रश्मि दूबे ने किया।छापेमारी के दौरान, टीम ने कुल 3 प्रतिष्ठानों से 600 रुपये का जुमार्ना वसूल किया। इसके अतिरिक्त, टीम ने यह भी जांच की कि क्या शिक्षण संस्थानों में बच्चों को तंबाकू के खतरों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और क्या उन्हें तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है।

### आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुईं उपायुक्त

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में अबुआ आवास योजना से नाम कट जाने, गैरमजरूआ जमीन पर कब्जा करने, मकान बनाने से रोकने, अवैध निर्माण, जबरन जमीन पर कब्जा करने, लग्न रसीद निर्गत करने, पेयजल आपूर्ति करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात् उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

### दीपिका पांडेय को मंत्री बनने पर कृषको ने दी बधाई

कुंदा(चतरा)। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता और आपदा प्रबंधन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के मंत्री बनने पर कृषक मित्रों में खुशी की लहर है।कृषक मित्रों ने उन्हें जीत की बधाई दी और कहा कि उनके मंत्री बनने से हेमंत कैबिनेट और मजबूत होगा। कृषक मित्रों ने मिठाई बांटकर और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने को लेकर कैम्प का आयोजन



सतगावां (कोडरमा)। दिव्यांग छात्रों का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने को लेकर प्रखंड सभागार में सोमवार को शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प का विधिवत उद्घघाटन बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओम प्रकाश बड़ाईक तथा बीईईओ शेख शकील अहमद ने संयुक्त रूप से किया। कैंप में 76 दिव्यांग छात्रों ने भाग लिया। जिसमें कुल 28 छात्रों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र के लिए चयन किया गया। वहीं 32 छात्रों को रिनपास, ईएनटी विभाग तथा सदर अस्पताल रेफर किया गया। मौके पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.धनंजय कुमार, जेनरल फिजिसियन डॉ. कुमारी प्रियांशु, राजीव रंजन, मनोज कुमार, सुनील कुमार, पवन कुमार, अशोक कुमार उपाध्याय, उमेश कुमार यादव, सुजीत कुमार, शशिकांत प्रसाद, शहजाद आलम, रेखा कुमारी, साधना माथुरी, विनोद कुमार, हिमांशु समेत दिव्यांग बच्चे व अभिभावक मौजूद थे।

## भाजयुमो कार्यकताओं ने किया अंचल कार्यालय का घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। हंटरगंज भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गुन्जीत कुमार के नेतृत्व में अंचल कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के विरोध में भाजयुमो कार्यकताओं ने अंचल कार्यालय का घेराव और तालाबंदी की।भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी ने कहा कि हेमंत सोरेन और इस गठबंधन सरकार में चतरा जिले के सभी अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। लोग सालों से चक्कर लगा रहे हैं और जाति और आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया ने कहा कि जमीन दाखिल खारिज को लेकर अंचल कार्यालय में सिर्फ पैसा वसूली का काम चल रहा है। आम जनता ने इस बार ठान लिया है कि इस भ्रष्ट सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकेंगे और गद्दी से हटाएंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र सिंह मुन्ना, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री दीपक शर्मा, नागेन्द्र यादव, रामाश्रय कुमार, पंकज ठाकुर, रौशन सिंह, जय प्रकाश सिंह, देवकुमार पासवान, राकेश कुमार, गुड्डु साव, अनुज सिंह, विजय यादव, दीपक वर्मा, राजेश यादव, राजा कुमार मालाकार, शिवम कुमार, अमरजीत कुमार, इत्यादि दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विभावि के पूर्व वीसी डॉ.रमेश शरण के निधन पर माकपा ने जताया शोक

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का राज्य सचिवमंडल प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, जन विज्ञान आंदोलन के संगठनकर्ता, झारखंड के जाने-माने आर्थिक विशेषज्ञ और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व उप कुलपति डॉ. रमेश शरण के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। ज्ञात हो कि अचानक बीमार पड़ने और ईलाज के दौरान सोमवार की रात्रि कोलकाता के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। शोक प्रकट करते हुए सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि डॉ.रमेश शरण रांची विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक भी रहे थे, उन्होंने झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और उस अर्थव्यवस्था में आदिवासियों की परंपरागत भूमिका पर विशेष अध्ययन कर कई पुस्तकें भी लिखीं थी। वे जन विज्ञान आंदोलन के एक सक्रिय नेतृत्वकर्ता और झारखंड साइंस फोरम के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने राज्य में डायन प्रथा और विभिन्न प्रकार के आंविश्वासों के खिलाफ छात्रों और जन विज्ञान कार्यकताओं की एक टीम बनाकर सुदूर गांवों में लगातार अभियान चलाया था, उनके निधन से झारखंड में जन विज्ञान आंदोलन को भारी क्षति हुई है। सीपीएम का राज्य सचिवमंडल उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करता है। साथ ही उनके परिवार को शोक संवेदना प्रेषित करता है।

## सिमरिया बीपीओ को हटाने की मांग प्रमुख ने एसडीओ को सौंपा आवेदन



सिमरिया। प्रखंड प्रमुख रोहन साव ने सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) के खिलाफ दर्जनों शिकायत की को सूची सौंपा है। प्रमुख ने आवेदन में कहा है कि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) राजेश पासवान बिना रिश्वत के कोई काम नही करते है। उन्होंने प्रखंड के जबड़ा, पुंडरा और सबानों पंचायत के प्रशासनिक सूची को अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपे हैं जिसमे बीपीओ द्वारा आज तक ऑनलाइन नही करने दिया गया है। जिससे सैंकड़ों लाभुको को योजना का लाभ नही मिल पाया है। उन्होंने आवेदन में आगे कहा है अदि योजना ऑनलाइन भी हो गया है तो बीपीओ जियो टैग नही होने दिया और अगर जियो टैग हो भी गया तो बीपीओ उसे अपने लॉगिन में रखे हुए है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि जांचों उपरांत करवाई करते हुए बीपीओ को सिमरिया से हटाने का मांग किया है।वहीं एसडीओ ने समुचित करवाई करने का आवाशन दिए है।

## चतरा प्रेस क्लब के नेतृत्व में चलाया जा रहा पौधारोपण अभियान



चतरा। पत्रकार संघ पत्थलगड़ा ने प्रेस क्लब चतरा के अध्यक्ष सुनील कश्यप के निर्देशन में मंगलवार को पत्थलगड़ा थाना परिसर में पौधारोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व पत्रकार संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने किया। इस अवसर पर चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा और पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्रीकांत राणा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेस क्लब चतरा द्वारा 6 जुलाई से 20 जुलाई तक पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर साल बरसात के मौसम में कम से कम एक-दो पेड़ लगाने चाहिए। इससे पृथ्वी की सुंदरता बढ़ती है और पर्यावरण भी प्रभावित नहीं होता है। उन्होंने पत्रकार संघ द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान की सराहना की।इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष सुनील दांगी, सचिव मोहम्मद सिराजुल, उपसचिव कैलाश दांगी, अभिषेक सिंह, मनीष सिंह, सुनील राम के अलावा कई आई बी आरबी के पुलिस जवान भी उपस्थित थे।

## कृषि पदाधिकारी को ग्रीन हाउस नेट खोलने को लेकर दिया आवेदन

कोडरमा। प्रखंड के पांडेयडीह पंचायत ग्रीन हाउस नेट खोले जाने को लेकर कृषि पदाधिकारी को ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में बताया गया है कि मनोज यादव पिता स्व. नारायण यादव पांडेयडीह पंचायत निवासी खाता नंबर 23 प्लॉट नंबर 430 में कृषि विभाग द्वारा बनाये गये ग्रीन हाउस नेट जो तीन वर्ष पूर्व बनाया गया था, जिसके बाद उपयोग नहीं किया गया और लगाने के दो महीने बाद ही खोलकर रख दिया। वहीं ग्रामीण राजेंद्र यादव व बोधराम यादव ने बताया कि ग्रीन हाउस नेट लगने के बाद दो महीने के बाद ही खोल दिया गया। इसे लेकर ग्रामीणों ने कृषि पदाधिकारी से इसकी जांच कर सामान बरामद्गी करने की मांग की है। वहीं इस मामले पर आवेदन मिलने के बाद कृषि पदाधिकारी ने कहा कि इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब में डूबे तीनों लड़कों का शव बरामद, गांव में पसरा मातम



कोडरमा। चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनाथाम में सोमवार को तालाब में नहाने गये एक युवक समेत दो लड़के की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। घटना के बाबत चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि सभी लड़के अपने घर के पास स्थित एक तालाब में सोमवार को नहाने गये थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ। जब देर शाम तक सभी घर नहीं लौटे तो परिवार के सदस्यों ने चिंता व्यक्त की। इसके बाद वह तालाब के आसपास के इलाकों में छानबीन की, मगर तीनों का कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तालाब में उनकी तालाश शुरू की। घंटों खोजबीन के बाद रात में दो शवों की बरामद्गी हो गयी, जबकि रात हो जाने के कारण एक शव बरामद नहीं हो सका। मंगलवार सुबह फिर से खोजबीन शुरू की गयी तो तीसरे शव को भी बरामद किया गया। वहीं मृतकों की पहचान 19 वर्षीय सोहेल अंसारी, 12 वर्षीय शाहबाज अंसारी और 12 वर्षीय अरबाज अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी शवों का मंगलवार को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। वहीं बताया जाता है कि मृत लड़के आपस में रिश्तेदार थे और इनमें एक जयपुर से शादी समारोह में भाग लेने पहुंचा था।

## डीसी ने लोगों की सुनी समस्याएं, शीघ्र निष्पादन का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास,राशन, भूमि विवाद, विद्युत, सड़क, धान अधिप्राप्ति के बकाया राशि भुगतान, पेयजलापूर्ति, आंगनवाड़ी समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में चतरा देवरिया के एक बच्ची के नाना ने अपनी नतनी का कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन दिया उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि मैं सहदेव भुइयां पिता स्वर्गीय जयराम भुइयां ग्राम कैलाश नगर पंचायत देवरिया प्रखंड चतरा का स्थानीय निवासी हूं। मेरी नतनी रूपा कुमारी कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन हेतु फॉर्म जमा की थी। जो की नामांकन लिस्ट में नाम नहीं आया। मैं अत्यंत गरीब और दिव्यांग हूं। मेरी नतनी की मां नहीं है। मेरी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। नामांकन हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा की जाय। उपायुक्त ने आवेदन का अवलोकन कर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कस्तूबा विद्यालय में बच्ची का नामांकन कराएं साथ ही जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति समेत अन्य सरकारी योजनाओं से नियमसंगत लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### श्रद्धा-भक्ति के साथ हुई विपत्तारिणी पूजा



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। बंग समुदाय का विपत्तारिणी पूजा शहर के विभिन्न काली मंदिरों में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामान्तो काली मंदिर, स्टेशन काली मंदिर में पंडित अरिंदम बनर्जी ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई। वहीं सैकड़ों की संख्या में इन मंदिरों में महिला पुरुष व बच्चे सहित अन्य श्रद्धालु भक्त मौजूद थे। वहीं पूजा अर्चना के बाद बंग महिला श्रद्धालु भक्तों ने 13 गांठ वाला विपत्ति नाशक धागा परंपरा के अनुसार अपने-अपने हाथों में बांधा। उल्लेखनीय रहे की प्रति वर्ष विपत्तारिणी पूजा के मौके पर मां काली की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ होती है। इस अवसर पर बंग समाज की महिला श्रद्धालु 13 प्रकार के फल, फूल, मिठाई का भोग माता के दरबार में चढ़ाते हैं। इसके बाद 13 गांठ बंधे लाल धागा हाथ में बांधते हैं। मान्यता है की भक्ति भाव के साथ मां विपत्तारिणी पूजा करने से जीवन में आने वाली विपत्ति टल जाती है। पूजा को लेकर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा। यह पूजा आगामी शनिवार को भी मनाई जाएगी।

### रंगदारी मांगने के आरोप में पांच युवक गिरफ्तार



चतरा। सदर थाना पुलिस ने रंगदारी मांगने के मामले में 8 जुलाई को पांच युवकों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार युवकों के पास से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा गोली और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई थीं। पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार चतरा ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के गोडरा गांव में आरकेएस कंपनी का क्रशर प्रोजेक्ट चल रहा है। रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से दो बार फायरिंग और धमकी दी गई थी। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या-201/24 एवं 220/24 दर्ज किया गया था। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक चतरा द्वारा इंस्पेक्टर विपीन कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान मुकेश राणा, कौशल पासवान, दिनेश्वरी पासवान, कैलाश राणा और कृष्णा सिंह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध सदर थाना कांड संख्या 231/24 दिनांक 08/07/2024 धारा-308(5)/3(5) बीएनएस-2023 एवं 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### टंडवा में सड़क दुघर्टना में पत्नी की मौत, पति घायल



टंडवा(चतरा)। आम्रपाली कोल परियोजना के पास एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। कुमडांग खुर्द निवासी पृथिया भुइयां और उनकी पत्नी रमणी देवी अपने घर से टेम्पो से किसी मेहमानी में जा रहे थे तभी आम्रपाली जीएम ऑफिस के पास कोयले से लदे वाहन की चपेट में आकर उनका टेम्पो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में रमणी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पृथिया भुइयां की रीढ़ की हड्डी टूट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से घायल को प्राथमिक उपचार के लिए हजारीबाग अस्पताल भेजा गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया।स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने आम्रपाली प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि परियोजना की खराब व्यवस्था के कारण यह हादसा हुआ है। विस्थापित नेता आशुतोष मिश्रा ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



कोडरमा। उपायुक्त के निर्देशानुसार मुहर्रम पर्व को लेकर डीएसपी पुरूषोत्तम कुमार और डीएसओ अविनाश पुरेंदु की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था संाारण को लेकर बिरसा मुंडा सांस्कृति भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। वहीं उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि पर्व आपसी एकता व भाईचारा का प्रतीक है। वहीं उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की एवं कहा कि पर्व के अवसर पर जिले के सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों पर शांतिपूर्ण रूप से इबादत करें। वहीं उन्होंने प्रखंड स्तर पर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया। जिलेवासियों से अपील है कि मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने एवं सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करें। उन्होंने ज्वलनशील पदार्थो का प्रयोग न करने, तय मार्ग एवं समय पर जुलुस निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। बैठक में उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी आदि लोग मौजूद थे।

### डायरिया के संक्रमण से बचाव के लिए चलाया गया जन जागरूकता अभियान



गिद्धौर। डारिया के संक्रमण को रोकने के लिए प्रखंड कार्यालय सभागार में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, जिला स्वच्छता अधिकारी मंगल सिंह बांदा और जिला कोऑर्डिनेटर अरुण मिश्रा ने ग्रामीणों को बरसात के पानी का बिना जांच किए उपयोग न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बरसात के पानी में डारिया के संक्रमण का खतरा रहता है, इसलिए जल की जांच करवा कर ही उसका उपयोग करना चाहिए। सभी मुखिया को निर्देश दिया गया कि जिस पंचायत में चापानल या जलमिनर खराब है, उसकी सूचना पीएचडी विभाग को दें और उसे जल्द से जल्द बनवाएं ताकि आम ग्रामीण शुद्ध जल का उपयोग कर सकें। बैठक में निर्मला देवी, सुमीरा कुमारी, डेगन गंझु, मुकेश साव, दिगंबर पांडेय और दर्जनों जलसहिया महिलाएं उपस्थित थीं।

### द प्रेस क्लब चतरा के पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

चतरा। नवगठित द प्रेस क्लब चतरा के नवनियुक्त अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त रमेश घोलप से शिष्टाचार मुलाकात की। उपायुक्त ने द प्रेस क्लब चतरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। शिष्टमंडल ने पत्रकारों की समस्याओं से भी उपायुक्त को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परमानंद आर्य, सचिव जितेंद्र तिवारी, संयुत सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष अलख कुमार सिंह और कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर धीरेंद्र प्रसाद, नौशाद आलम, दीनबंधु, प्रवीण रस्तोगी, चंद्रेश शर्मा, संजीत मिश्रा, सत्येंद्र मित्तल, नवीन पांडे, संजय कुमार, रवि कुमार, रूपेश कुमार, गौतम सिंह, मो तसलीम, प्रदीप वर्मा और मो शाहफहद अली सहित अन्य शामिल थे। मालूम हो कि जिले में चतरा प्रेस क्लब चतरा और दो प्रेस क्लब चतरा नामक दो संगठन बनाया गया है।

स्पीड न्यूज

## चेंबर सदस्यों को संबोधित करेंगे जुस्को के एमडी



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभागार में टाटा स्टील यूटिलिटिज एंड इंफ्रास्ट्रकचर सर्विसेस लिमिटिड के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा अपने अन्य वरीय अधिकारियों वरीय महाप्रबंधक (पीएसडी) विजय प्रकाश सिंह, महाप्रबंधक (टाउन ऑपरेशन) रविन्द्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक (वाटर एंड वाटर वेस्ट सर्विसेस) संजीव झा के साथ प्रोक्योरमेंट विभाग के डीजीएम राजीव वर्मा के साथ चैम्बर भवन, बिष्टुपुर में 11 जुलाई को संध्या 6.15 बजे पधारकर व्यवसायी एवं उद्यमियों को संबोधित करेंगे।

## 25 को होगी मेहंदी डिजाइन प्रतियोगिता

**जमशेदपुर।** जाकिरनगर वेस्ट के विजन इंग्लिश स्कूल प्रांगण मे अगामी 25 जुलाई को एक दिवसीय मेहंदी डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिस मे भाग लेने का शुल्क मात्र 50 रुपये है। यह प्रतियोगिता प्रातः 10:30 बजे से 12 बजे तक है। इस प्रतियोगिता के कन्वेनर सैयद खलील अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को ट्राफी व प्रमाण-पत्र दिये जीयेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु मोबाइल संख्या 8521483887 पर बात कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

## चौकीदार स्थापना समिति की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर चौकीदार स्थापना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई। रूरल एसपी, स्थापना उप समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। जिलांतर्गत चौकीदारों के कुल 306 रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशन के विषय पर विस्तृत चर्चा किया गया तथा सर्वसम्मति से विकाज्ञन प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया।

## चांडिल क्षेत्र में आज बाधित रहेगी बिजली

**चांडिल।** बुधवार को चांडिल अनुमंडल के कई क्षेत्र में सुबह दस बजे से तीन बजे तक 11 केवीए लाईन में आवश्यक मेंटेनेंस के कार्य को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगा। इसमें चांडिल क्षेत्र के डोबो, पुड़िसिली है। ईचागढ़ क्षेत्र में तुता, बोड़ा, हरतालडीह, लावा। कुकडू के ईंचाडीह, हेंसालोंग, जानुम, सपादा सहित इस क्षेत्र के कई गांव सामिल है। नीमडीह के सिरका, तिलला, चेलियामा, बाड़ेदा, रघुनाथपुर क्षेत्र सामिल है। जानकारी चांडिल विद्युत सहायक अभियंता लालजी महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## मायुमं ने केंद्रीय राज्य मंत्री से मांगी एंबुलेंस

**चांडिल।** मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष संजय चौधरी ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से क्षेत्र के लोगों के लिए एंबुलेंस की मांग की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह भाजपा सांसद संजय सेठ सोमवार को चौका स्थित दादुर बागान पहुंचे तथा लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित हवन पूजन और महाभंडरा में शामिल हुए। मंच के अध्यक्ष संजय चौधरी ने संजय सेठ का स्वागत किया। मंत्री ने मंच के अध्यक्ष संजय चौधरी को एंबुलेंस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मौके पर अरुण सिंह, नंदु गुप्ता, सपन गुप्ता सहित काफी संख्या मे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मोबाइल चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मोबाइल चोर गिरोह का एक सक्रिय सदस्य सीताराम उरांव उर्फ मोटा उरांव नामक युवक रापचा मैदान के पीछे जंगल में नशापान कर रहा है। उस सूचना के आधार पर गम्हरिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जिसे देखकर एक युवक भागने लगा जिसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सीताराम उरांव उर्फ मोटा उरांव झोपड़ी स्कूल बलरामपुर बताया।

# नारायणा का स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) के 19वें संस्करण का शुभारंभ

- 06 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर 2024 को ऑफलाईन परीक्षा दे सकेंगे छात्र-छात्राएं
- 07 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 एवं 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाईन होगी परीक्षा
- एनसैट से नारायणा के किसी भी कोर्स में 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



एनसैट का ब्रोसर लांच करते निदेशक श्याम भूषण व सहयोगी शिक्षकगण।

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी /नीट एकेडमी, जमशेदपुर द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) के 19वाँ संस्करण का शुभारंभ हुआ। इस परीक्षा का आयोजन भारत के 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 300 शहरों के 3000 से अधिक स्कूलों में 06 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर 2024 को ऑफलाईन और 07 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 एवं 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाईन मोड में आयोजित की जायेगी।

इस प्रतियोगिता परीक्षा में छात्र हमारी वेबसाईट पर घर बैठे ऑनलाईन आदेवन कर सकते है या नजदीकी नारायणा केन्द्र पर जाकर परीक्षा से 5 दिन पहले तक आवेदन कर सकते है, तथा उपरोक्त वेबसाईट पर परीक्षा का सिलेबस, सैंपल प्रश्न पत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है। इस तरह का आयोजन न केवल जमशेदपुर बल्कि भारत में अपने आप में एक अनूठा पहल है, जिसके माध्यम से पांचवी कक्षा से लेकर ग्यारहीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों की तैयारी को गति देने के लिए नारायणा की यह पहल काफी उत्साहवर्धक साबित होती है। एनसैट की परीक्षा में इस बार देशभर से तीन लाख छात्र-छात्राएं बैठेंगे, इसमें झारखंड से 30 हजार छात्र- छात्राएं होंगे। ये सभी छात्र-छात्राएं परीक्षा में बेहतर कर नारायणा से इंजीनियरिंग और मेडिकल कोचिंग में शत प्रतिशत तक स्कॉलरशिप हासिल कर सकेंगे। संस्थान के निदेशक श्याम भूषण ने बताया कि बीते 18 वर्षों में 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं इस स्कॉलरशिप से निःशुल्क कोचिंग की सुविधा ले चुके हैं।

## ऑबजेक्टिव टाइप होगी परीक्षा : श्याम भूषण

नारायणा कोचिंग सेंटर के नेशनल एकेडिक हेड सह जमशेदपुर केन्द्र के निदेशक श्री श्याम भूषण ने बताया कि यह परीक्षा ऑबजेक्टीव टाईप का होगा एवं इसमें साइन्स, मैथ्स एवं मेन्टल एबिलिटी से प्रश्न पूछे जाएगें, परीक्षा की अवधि एक घंटे की रहेगी। यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी, ऑफलाईन परीक्षा का पहला सत्र प्रातः 10.30 बजे से 11.30 बजे तक होगी जिसमें कक्षा 5वीं से 8वीं तक के छात्र शामिल होंगे एवं द्वितीय सत्र संध्या 4 बजे से 5 बजे होगी जिसमें कक्षा 9वीं से 11वीं के छात्र शामिल होगें, वहीं



परीक्षा के बारे में जानकारी देते श्याम भूषण।

ऑनलाईन परीक्षा का पहला सत्र प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक होगी जिसमें कक्षा 5वीं से 11वीं तक के छात्र शामिल होंगे तथा द्वितीय सत्र संध्या 7.00 बजे से 8.00 बजे तक होगी, जिसमें कक्षा 5वीं से 11वीं तक के छात्र शामिल होंगे।

श्री भूषण ने बताया कि इस टेस्ट का मकसद छात्रों में प्रतियोगी क्षमता विकसित करना है। यही नहीं इस टेस्ट के जरिए छात्र ऑल इंडिया लेवल पर अपनी रैंकिंग भी जान सकते हैं, साथ ही साथ विद्यार्थियों को ये जानने का मौका मिलेगा कि अभी तक उनकी एन.टी.एस.ई., ओलिमपियाड, के.वी.पी.वाई., आई.आई.टी., नीट एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा का कितनी तैयारी हो चुकी है।

# अपने आसपास पानी जमा न होने दें, डेंगू फैल सकता है : उपायुक्त

- हर अस्पताल में डेंगू मरीजों के लिए दो-दो बेड रिजर्व रखने के निर्देश
- डीसी ने डेंगू रोकथाम को लेकर की बैठक, स्वास्थ्य विभाग को तैयार रहने का निर्देश
- स्कूली बच्चों के बीच प्रशासन चलायेगा जागरूकता अभियान
- घरों में डेंगू लार्वा पाये जाने पर जुर्माना वसूलने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में डेंगू रोकथाम को लेकर एहतियातन कदम उठाये जाने के संबंध में समाहरणालय सभागार में बैठक आहूत की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एमजीएम उपाधीक्षक डॉ नकुल चौधरी, नगर निकाय पदाधिकारी, टीएमएच व अन्य निजी चिकित्सा संस्थानों तथा नर्सिंग होम के प्रतिनिधि, जुस्को सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में डेंगू के दो मामले जिला में हैं और दोनों मरीज दूसरे स्थानों से आए हैं, स्थिति सामान्य है। जिला अंतर्गत सभी सरकारी व निजी अस्पताल प्रबंधन को डेंगू मरीजों के लिए दो बेड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया तथा सिविल सर्जन को डेंगू टेस्ट किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सभी चिकित्सा संस्थानों को निर्देशित किया गया कि डेंगू जांच का निर्धारित दर ही मरीजों से लें अन्यथा जांच में पकड़े जाने पर जिला प्रशासन द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डेंगू



डेंगू के खिलाफ तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में डीडीसी, एसडीओ और सिविल सर्जन व निकाय पदाधिकारीगण।

लार्वा पाये जाने वाले घरों में संबंधितों से 500 रु. जुर्माना वसूला जाएगा, लगातार प्रशासन के दिशा निर्देशों की अवहेलना पर दोषियों को ज्यादा आर्थिक दंड लगाया जाएगा। साथ ही सभी संबंधितों को युद्ध स्तर पर एन्टी लार्वा के छिड़काव का निर्देश दिया गया।

पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल ने कहा है कि डेंगू एक वायरल और गंभीर फ्लू की तरह संक्रमित रोग हैं, जो संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। ऐसे में जिलेवासियों से अपील है कि अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान रखें, अपने घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने दें, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। उन्होने स्वास्थ्य विभाग की टीम को जांच किट की उपलब्धता, क्यूआरटी का गठन, हेल्पलाइन नंबर जारी करने, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग टीम चिन्हित करने तथा संभावित स्थलों और पिछले वर्ष के हॉट स्पॉट जोन में डेंगू लार्वा जांच के निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकाय के पदाधिकारियों एवं जुस्को के प्रतिनिधि को फॉगिंग, साफ-सफाई तथा शहरी क्षेत्र में डेंगू को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभागीय पदाधिकारी को स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता लाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रार्थना सभा (एसेंबली) एवं वर्ग कक्षा (क्लास) में डेंगू से बचाव को लेकर जानकारी दें, बच्चों को पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने के बारे में बताएं, हमेशा मच्छरदानी के अन्दर ही सोएं, बच्चों के माता, पिता व समुदाय के साथ बैठक करें, स्कूल कैंपस, फील्ड व स्कूल के आस-पास में कही भी पानी का जमाव नहीं होने दे जिसमें डेंगू मच्छर का लार्वा पनप सकता है।

## पटमदा डिग्री कॉलेज में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**जमशेदपुर।** सड़क सुरक्षा को लेकर युवाओं में जागरूकता आये, यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाते समय सुरक्षित रहें इस बाबत जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार विभिन्न शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पटमदा डिग्री कॉलेज एवं इंटर कॉलेज, जल्ला में सड़क सुरक्षा से संबंधी जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गयी। जागरूकता अभियान के दौरान लगभग 500 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर जागरूक किया गया। युवाओं को सडक सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई साथ ही दो पहिया वाहन चालक एवं उनके सहयात्री को हेलमेट लगाने एवं चार पहिया वाहन सवारों को सीट बेल्ट लगाने हेतु समझाया गया। नियमित हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकार यातायात नियमों का पालन कर अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा करने की अपील की गयी। जागरूकता अभियान के दौरान युवाओं को लाइसेंस प्राप्त करने के नियम एवं तरीको के बारे में अवगत किया गया।

## इतिहास गवाह है कि युवा जब जागता है तो परिवर्तन होता है : विद्युत वरण महतो

- पोटका प्रखंड कार्यालय पर भाजयुमो की ओर से प्रर्दशन पर युवाओं की उमड़ी भीड़
- बीडीओ को दिया गया 13 सूत्री ज्ञापन

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**पोटका।** युवा विरोधी नीति और पोटका प्रखंड व अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर की ओर से प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रदर्शन सह तालाबंदी कार्यक्रम किया गया। भाजयुमो के द्वारा बीडीओ पोटका को जिला मंत्री गणेश सरदार के नेतृत्व में 13 सूत्री ज्ञापन भी दिया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपाई शामिल हुए। जमशेदपुर के सांसद विधुत वरण महतो बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा की इतिहास गवाह है की जब युवा आंदोलित होता है तो परिवर्तन दिखाई पड़ता है। प्रदर्शन के माध्यम से भाजयुमो झारखंड सरकार को सतर्क करने आया है की वे प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करें, घुसपैठिया पर रोक लगाए, युवाओं को रोजगार दे। अन्यथा झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

## सौम्य दीप ने किया नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण में क्रांतिकारी आविष्कार का दावा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एक इंजीनियर, सौम्य दीप, जिन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग और नवीकरणीय ऊर्जा में विशेषज्ञता हासिल की है, ने ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आविष्कार का दावा किया है। वर्तमान में विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के प्रशासक के रूप में कार्यरत सौम्य दीप को नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान में गहरी रुचि है। वे 2004 में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा 'मौसम नियंत्रण प्रणाली' की अवधारणा के लिए सराहे गए थे।



इंजीनियर सौम्य दीप।

सौम्य दीप ने फ्लाय व्हील ऊर्जा भंडारण प्रणाली (FESS) की दक्षता और ऊर्जा भंडारण क्षमता को बढ़ाने की एक नई प्रक्रिया विकसित की है। इस प्रक्रिया का पेटेंट 19 जून 2024 को कोलकाता में बौद्धिक संपदा भवन में किया गया और 5 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय आधिकारिक पेटेंट कार्यालय पत्रिका में प्रकाशित किया गया। इस पेटेंट का शीर्षक ओवर यूनिटी एफिशिएंसी फ्लायव्हील बनाने की प्रक्रिया है।

## जेएनएसी के ठेका सफाई कर्मी समस्या समाधान के लिए पहुंचे डीसी ऑफिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मंगलवार को सुबह 11 बजे जमशेदपुर अक्षेस के सफाई कर्मचारी अपने समस्याओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें कहा गया है कि झारखंड सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है और ना ही समय पर वेतन दिया जाता है, भविष्य निधि रकम सही सही भविष्य निधि कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है, ईएसआईसी परिचय पत्र भी नहीं दिया गया है, हाजिर कार्ड एवं आई कार्ड नहीं दिया गया है, सुरक्षा साधन भी उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तथा अन्य श्रम लाभों से लम्बे समय से वंचित रखा गया है। यदि कोई मजदूर अपना हक का मांग करता है तो उस सफाई मजदूर के साथ दुर्व्यवहार एवं अपमानित करते हुए ठेकेदार जबरन काम से बैठा देता है।

## रंगारंग कार्यक्रम से 10 दिवसीय एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कैडेट्स के साथ अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** एन सी सी ग्रुप मुख्यालय रॉची के अंतर्गत 37 झारखण्ड बटालियन एन सी सी जमशेदपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आदित्यपुर के प्रांगण में आयोजित अंतर ग्रुप गर्वनर बैनर सह संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-12 का प्रशिक्षण अपने समापन पर है। मंगलवार दिनांक 09 जुलाई 2024 को सांस्कृतिक कार्यकम सह समापन समारोह आयोजित किया गया। यह एन सी सी शिविर विगत दिनांक 01 जुलाई 2024 से प्रारम्भ होकर 10 जुलाई 2024 तक चलने वाले इस दसदिवसीय शिविर में कुल कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत 39 शिक्षण संस्थानों एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रॉची के सभी 08 एनसीसी बटालियनों के 687 एन सी सी कैडेटों ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आज एनसीसी शिविर के सांस्कृतिक सह समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट डीन क्लिनिकल ब्रिगेडियर एचसी बंधु, सेना मेडल एव आमंत्रित अतिथि में स्टेशन मुख्यालय के एडम कमाण्डेण्ट ले० कर्नल राजेश गुप्ता, एनआईटी आदित्युपर के रजिस्ट्रार, व अन्य अधिकारीगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सांस्कृतिक सह समापन समारोह कार्यक्रम में शिविर में आए एन सी सी कैडेटों ने एक से बढकर एक रंगारंग प्रस्तुति देकर कार्यकम में आए अतिथियों एवं एनसीसी कैडेटों के मन को मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद एन सी सी शिविर में भाग लेने वाले उन कैडेटों को पुरस्कृत किया गया जिन्होने शिविर में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गार्ड आफ आनर, कर्तव्य पथ, पीएम रैली, कल्चरल एवं बेस्ट कैडेट का चयन किया गया। बेस्ट एनसीसी ऑफिसर के लिए उम्दा प्रदर्शन के आधार पर जूनीयर विंग वर्ग में थर्ड आफिसर अंतरा चक्रवर्ती, सेंट मैरिज हिन्दी उच्च विद्यालय को अवार्ड प्रदान किया गया। बेस्ट केयर टेकर ऑफिसर धनरंजन शर्मा रहे।

## एक नजर में

### याद किये गये वीर शहीद किशन दुबे



**जमशेदपुर।** मंगलवार को झारखंड के लाल वीर शहीद किशन दुबे के पुण्यतिथि पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद् जमशेदपुर और अन्य नागरिकों ने पुष्पांजलि देकर झारखंड के लाल को उनकी वीरता एवं देश प्रेम के लिए नमन किया। मौके पर भारत माता की जय एवं शहीद किशन दुबे अमर रहे के नारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। ज्ञात हो वीर शहीद कॉन्स्टेबल किशन कुमार दुबे, सुपुत्र श्रीमती जगमाया देवी कश्मीर के कुपवाड़ा करम पोस्ट नौगांव में तैनात थे। 9 जुलाई 2015 को वीर गति को प्राप्त हुए, श्रीनगर के बारामूला सेक्टर की लीपा घाटी में 9 जुलाई, 2015 को पाकिस्तानी फौज और रेंजर की गोलीबारी में जमशेदपुर के परसुडीह कीताडीह त्रिमूर्ति चौक निवासी सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवान किशन दुबे शहीद हो गये थे। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष विनय यादव एवं जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में सभी पूर्व सैनिकों ने अपनी श्रद्धांजलि झारखंड के लाल किशन दुबे को अर्पित की। मौके पर सत्येंद्र कुमार सिंह एल बी सिंह, सुखविंदर सिंह, जसवीर सिंह, वरुण कुमार, हवलदार मनोज सिंह, पेट्टी अफसर शैलेंद्र कुमार सिंह, हवलदार सतेंद्र सिंह, पेट्टी ऑफिसर संजय कुमार सिंह, सीपीओ आर पी ठाकुर उपस्थित थे।

### सरायकेला : साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त रविशंकर से मिले दर्जनों फरियादी




**सरायकेला।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने साप्ताहिक जनता दरबार लगाया। उपायुक्त ने जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं समाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगों की समस्याएं सुनी तथा जांचोपरांत समाधान का आवश्वासन दिया। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान मुख्य रुप से भूमि सम्बन्धित मामले, आपसी बटवारा, विस्थापित क्षेत्र में ग्राम प्रधान को सरकारी प्रोत्साहन राशि देने, ग्राम प्रधानों के साथ प्रखंड स्तर पर हर माह बैठक कराने, चांडिल डैम निर्माण की अधिग्रहित भूमि के लंबित मुआवजा भुगतान, धन अधिप्राप्ति के लंबित मुआवजा भुगतान कराने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, हटाने समेत विभिन्न मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### गम्हरिया व आसपास में हुई मां विपत्ततारिणी पूजा



**गम्हरिया।** कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मां विपत्तरीनी की धूमधाम से पारंपरिक विधि विधान से पूजा की गयी। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर क्षेत्र में स्थित विभिन्न मंदिरों में माता विपत्तारिणी की पूजा अर्चना कर सभी विपत्तियों और आने वाले हर संकटों से मुक्ति दिलाने की कामना की। इस पूजन को लेकर प्रात:काल से विभिन्न मंदिरों में महिलाओं की भीड़ लगी रही। इस पूजा में 13 का विशेष महत्व है। इसीलिए पूजा के दौरान 13 प्रकार के फल, 13 प्रकार के फूल, 13 प्रकार के मिष्टान्न आदि लेकर मां विपत्तारिणी को अर्पित किया जाता है। पूजा के बाद परिवार के सभी सदस्य अपनी कलाई या बांह में लाल रंग का धागा बांधते हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर विपत्तारिणी पूजा की शुभकामनाएं दी।

### जेबीवीएनएल के जीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड विद्युत वितरण लिमिटेड के महाप्रबंधक से मिलकर बिजली से जुड़ी आमजन की समस्याओं के संबंध में वार्ता की। समस्याओं में बिजली बिल में विसंगतियों के समाधान करने की मांग की। विद्युत महाप्रबंधक ने करनडीह में कायार्पालक अभियंता को 16 को कैंप लगाने को कहा। साथ ही अगस्त में बिरसा नगर में कैंप लगाने की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि नए कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन ही एकमात्र विकल्प है, यदि कोई गड़बड़ी करे तो उस पर कानूनी कार्रवाई के लिए उपभोक्ता स्वतंत्र है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नू, जिला मंत्री विकास गुप्ता, बिरसा नगर पूर्वी के मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार, बारीडीह मंडल अध्यक्ष विजय नारायण सिंह, नवीन कुमार, दर्शन सिंह एवं सुनील प्रसाद इत्यादि शामिल थे।

### डॉ अजय ने किया जनकल्याण एक्सप्रेस को रवाना



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य डॉ अजय कुमार ने मंगलवार को बारीडीह चौक से जनकल्याण रथ को रवाना किया। इससे पूर्व कांग्रेस के वरीय नेताओं की उपस्थिति में डॉ अजय कुमार ने जनकल्याण रथ का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जमशेदपुर के लोगों की सभी प्रकार की जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का एक मात्र समाधान यह जनकल्याण रथ है। यह जनकल्याण रथ प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक शहर के सभी क्षेत्रों में एक निश्चित स्थान पर खड़ा रहेगा। जहां लोग आधार कार्ड, वोटर कार्ड में ऑनलाइन सुधार करा सकते हैं। इसके साथ लोग वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। योजनाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# गोपाल यादुका मर्डर केस में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष शंभू जायसवाल थें शामिल : तेजस्वी

एजेंसी

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार और उनकी पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने चर्चित गोपाल यादुका मर्डर केस में जनता दल यूनाईटेड के प्रखंड अध्यक्ष शंभू जायसवाल के शामिल होने का आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि पूर्णिया के भवानीपुर बाजार में विगत दिनों मारवाड़ी व्यवसायी गोपाल यादुका की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

तेजस्वी यादव ने कहा कि गोपाल यादुका के परिजनों का आरोप है कि पुलिस सीसीटीवी में कैद मुख्य आरोपियों को बचा रही है तथा किसी और को फंसा रही है। हत्याकांड में सम्मिलित सरकारी पार्टी के पदाधिकारियों को क्यों बचाया जा रहा है? क्या यह संयोग है अथवा प्रयोग कि अधिकांश आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता सत्ताधारी दल के नेताओं के इर्द-गिर्द ही क्यों रहती है? पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि इस मर्डर केस में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष व जमीन कारोबारी शंभू जायसवाल का नाम आ रहा है। तेजस्वी यादव ने आरोप भी लगाया कि पुलिस किसी और को जानबूझकर फंसा रही है। दरअसल, तेजस्वी का इशारा राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बेटे राजा पर था। राजा को पुलिस ने इस केस में आरोपी बनाया है। पुलिस ने उसपर हत्या की सुपारी देने का आरोप भी लगाया है।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि व्यवसायी गोपाल यादुका की हत्या में भी सत्ता के लोग संलिप्त हैं। बावजूद इसके निदेर्शों को फंसाकर पुलिस उसे जेल में डाल दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिले में जितनी भी आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, उस सभी घटना में सत्ता पक्ष के लोगों का नाम आता है। कि सत्ता आते-जाते रहती है। किसी को इसका घमंड नहीं करना चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि पहले भी पूर्णिया में हुए शक्ति मल्लिक हत्याकांड में मेरा नाम घसीटा गया था। तत्कालीन एसपी विशाल शर्मा ने जांच के बाद मुझे क्लीन चिट दे दी। तेजस्वी ने एसपी से अपील करते हुए कहा कि मृत गोपाल यादुका के परिजनों को पुलिस के अभी तक के जांच पर विश्वास नहीं है। उन्हें कानून के तहत काम करना चाहिए न कि किसी के दबाव में। उन्होंने कहा कि हमलोग इस बात को विधानसभा में उठाने का काम करेंगे और इस चर्चित हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित करवाने का काम करेंगे।

### परिवार को न्याय दिलाना मेरी जिम्मेदारी

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि जिम्मेदार विपक्ष के रूप में परिवार को न्याय दिलाना मेरी जिम्मेदारी है। स्व. यादुका के परिजन पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। सीसीटीवी फुटेज में भी शूटर का मिलान नहीं हो रहा है। यह सत्ता संरक्षित लोगों के द्वारा किया गया वारदात है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस भी सत्ता के कहने पर काम कर रही है। जब मृतक के परिजन धमदाहा के जदयू प्रखंड अध्यक्ष शंभू जायसवाल का नाम इस हत्याकांड में बता रहे हैं तो फिर यहां की पुलिस इन्हें अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है। बिहार के सुशासन बाबू इसकी जांच करवाने के बजाय निर्दोषों को फंसाने का काम करती है।

## स्पीड न्यूज

### कांडी के युवक की विशाखापट्टनम में मौत



कांडी। थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत तेलिया निजामत गांव निवासी स्व. जयराम प्रजापति के पुत्र शिव शंकर प्रजापति की कार्य स्थल पर हुए एक हादसे में मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह 8:50 बजे की है। ज्ञात हो कि घर से 50 दिन पहले शिव शंकर प्रजापति विशाखापट्टनम के कल्पतरु कंपनी के द्वारा बनवाए जा रहे एक मॉल के भवन निर्माण में सेटरिंग का काम करने गया था। उसकी ड्यूटी 8:00 बजे सुबह से 9:00 बजे रात तक थी। ड्यूटी शुरू करने के 45 मिनट बाद वह काम करने के लिए ऊपर चढ़ रहा था। इसी दौरान ब्रेसिंग पाइप के खुल जाने से वह एकाएक पीठ के बल ऊपर से गिर गया। बेहोशी की हालत में इलाज के लिए उसे विशाखापट्टनम के दमयंती हॉस्पिटल में ले जाया गया। लेकिन कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया। उसके दो अन्य भाई महेंद्र एवं गोपाल प्रजापति भी वही काम कर रहे थे। जबकि एक रिश्तेदार लालू प्रजापति भी वहीं पर था। खबर लिखे जाने तक मृतक के शव का हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम हो रहा था। कंपनी के एमडी बाहर से लौटे हैं। मुआवजा आदि के विषय में निर्णय होनी है। उसके बाद देर शाम शव लेकर मृतक के भाई घर के लिए निकल सकते हैं। शव के गुरुवार तक घर पहुंचने की संभावना है। मौके पर मौजूद मृतक के परिजनों ने कंपनी से 40 लाख रुपए मुआवजा, बीमा की राशि, अंतिम संस्कार के लिए सहयोग एवं शव घर लाने के लिए एम्बुलेंस की मांग की है।

### योजनाओं का लाभ छात्राओं को दिलाने की जवाबदेही प्रधानाचार्य की


कांडी प्रखंड सह अंचल कार्यालय।

कांडी। सीडीपीओ सह बीडीओ राकेश सहाय ने मंगलवार को एक निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्राओं को इस योजना का लाभ सुनिश्चित रूप से मिले इसकी जवादेही संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य की है। यह बात स्पष्ट कर दिया गया है। यदि कोई भी योग्य छात्रा इस योजना से वंचित रहती है तो इसे स्कूल के प्रधानाचार्य की लापरवाही माना जाएगा। यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि किसी भी छात्रा को फॉर्म भरने के लिए प्रखंड कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य को यह जवाबदेही दी गई है कि छात्राओं का फॉर्म वे अपनी निगरानी में भरवाना सुनिश्चित करेंगे। उसके बाद छात्राओं के भरे हुए फॉर्म को संबंधित प्रधानाचार्य समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को या फिर प्रखंड कार्यालय में सीडीपीओ कार्यालय को रिसीव कराएंगे और इसकी विधिवत रिसीविंग लेंगे। निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी स्कूली छात्राओं को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिल जाए यह स्कूल के प्रधानाचार्य सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उनकी लापरवाही मानी जाएगी। क्योंकि स्कूल के प्रधानाचार्य को यह अच्छी तरह पता है कि कौन सी छात्रा योग्य है और किसे किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिलना चाहिए।

### सारण में कार से भारी मात्रा में शराब जब्त

छपरा। बिहार के सारण जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। उत्पाद विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र से होकर एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप जाने वाली है। इस सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में वाहन जांच शुरू की। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक लक्जरी कार की तलाशी में 25 कार्टन विदेशी शराब को बरामद किया गया।

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। पंचायत राज विभाग झारखंड सरकार के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में डिजीटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को पुराने समाहरणालय स्थित जिला परिषद भवन के सभागार में ऑनलाइन उन्मुखीकरण के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा पंचायती राज पदाधिकारी परमेश कुशवाहा, डीपीएम पंचायती राज शाहनवाज असगर, सीएससी मैनेजर कौशल किशोर एवं मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में डिजीटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को सीएसी द्वारा नामित मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद, जिला प्रबंधक कौशल किशोर एवं मनीष कुमार ने सात सत्रों में पावर प्वाइंट


कार्यक्रम की शुरूआत करते अतिथि।

प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रशिक्षण दिया। पंचायत राज विभाग के द्वारा पंचायत भवन में वीएलईस के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सरकारी सेवा जीटूसी सर्विस एवं गैर सरकारी सेवा बीटूसी सर्विस की जानकारी के साथ स्टेट टीम से आए मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रतिभागियों को पंचायत अंतर्गत मनरेगा की गतिविधियों एवं उसके पोर्टल पर एंट्री की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पंचायत विकास सूचकांक के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम से संबंधित रूपरेखा एवं उसमें पंचायती राज से जुड़े सीएससी संचालकों की भूमिका से उन्हें अवगत कराया गया एवं ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि के विभिन्न चरणों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीएससी के जिला प्रबंधक कौशल किशोर तथा मनीष कुमार ने गवर्नमेंट टू सिटीजन सेवाओं एवं अन्य सेवाओं का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। जिसमें पैन कार्ड की सेवा, पासपोर्ट की सेवा, बिजली एवं अन्य यूटिलिटी बिल भुगतान, डाक मित्र पोर्टल, एमएसएमई, उद्यम रजिस्ट्रेशन, ई-स्टाम्प सेवा, आइटीआर फाइलिंग, इलेक्शन कमीशन सेवा, जीवन प्रमाण पत्र, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नेशनल पेंशन स्कीम, टेली लॉ, डीजी पे, आईआरसीटीसी अन्तर्गत रेलवे टिकट, बस टिकट और हवाई जहाज के टिकट बुकिंग, ग्रामीण ई-स्टोर सेवा, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान, मुफ्त बिजली योजना, श्रमाधन पोर्टल पर श्रमिकों का निबंधन, फसल राहत योजना, सुखाड़ राहत योजना एवं गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस से संबंधित विविध सेवाओं का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मौके पर सभी पंचायत शिफ्टेड प्रज्ञा संचालक एवं डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज डिजिटल पंचायत प्रोजेक्ट गढ़वा अजीत कुमार सिंह, सौरभ दूबे आदि उपस्थित थे।

### जबरन अवैध संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार


गिरफ्तार अवधेश यादव।

धुरकी। थाना क्षेत्र अंतर्गत सगमा पंचायत के सोनडीहा गांव निवासी राजेंद्र यादव के 21 वर्षीय पुत्र अवधेश यादव ने अपने ही गांव में जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप में धुरकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर धुरकी थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी। धुरकी थाना कांड संख्या 97/24, धारा 64(1) 351/3/ भारतीय न्याय संहिता के आरोपी को पीड़िता के साथ घर में प्रवेश कर जबरन अवैध संबंध बनाने के आरोप में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन


वितरण करते संस्था के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद स्वरूप पूड़ी-सब्जी, बुन्दिया व रसगुल्ला का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रीतम (अनु) जायसवाल ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर संस्था के साप्ताहिक भंडारा मे सहयोग किया। मौके पर प्रीतम जायसवाल ने कहा कि फूड फॉर हंगर जचरतमन्दो के लिए वरदान साबित हो रहा है। जरूरतमन्दो को भोजन कराना सबसे सुंदर कार्य है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि संस्था का 34वें साप्ताहिक भंडारा में प्रीतम जायसवाल, रवि केशरी, चन्दन केशरी, दीपक आदि ने मिलकर भंडारा मे भरपुर सहयोग किया। आकाष ने कहा कि भंडारा में लोगों की सेवा करके मन को काफी सुकून मिलता है। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, शुभम गुप्ता, कन्हैया कुमार, लक्की मधेसिया, अमन कश्यप, सत्यम कश्यप, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

## जिप बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्ताव का अनुपालन कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने डीडीसी सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन प्रेषित कर जिला परिषद बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्तावों का अनुपालन कराने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को योग्य लाभुकों तक पहुंचने के लिए प्रस्तावों को संबंधित विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर अनुपालन कराना जनहित में अतिआवश्यक है।

जिपस श्रीमती शर्मा ने जिले के सभी अंचलों में विशेष अभियान चलाकर ग्राम स्तर पर ग्राम सभा आयोजित करते हुए वंचित सभी ग्रामों में वन अधिकार समिति पुनर्गठन कराने, योग्य सभी लाभुकों को सामुदायिक वन पट्टा एवं व्यक्तिगत वन पट्टा उपलब्ध कराने, सभी प्रखंडों में सरकार के निदेर्शानुसार यथाशीघ्र रोस्टर


बैठक में शामिल रंजनी शर्मा।

बनवाकर नियमित पंचायत सचिवालय संचालित कराने, शिलापट्ट पर सभी संबंधित पदाधिकारी, सभी विभाग के पंचायत कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों का नाम, पदनाम के साथ मोबाइल नंबर अंकित कराने, जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर भेंडर का निबंध एवं सामग्री उपलब्ध कराने की सत्यता की जांच कराने, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कमीर्यों का रोस्टर तैयार कर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य उप केन्द्रों को संचालित कराने, सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों का शीलापट्ट पर नाम, पदनाम के साथ मोबाइल नंबर अंकित कराने, जिले के सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों वाहन जिप चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, अमीन, सफाई कर्मी आदि सभी को लंबित मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान कराने, उद्घाटन, शिलान्यास संबंधित सरकार द्वारा जारी पत्र का अनुपालन का सभी विभागों में अनुपालन कराने, भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय में जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विशेष जनता दरबार का आयोजन कराकर जन समस्याओं का निष्पादन कराने जिला के सभी वन क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर वन सुरक्षा समिति का पुनर्गठन करते हुए वनों की अवैध कटाई, जोताई, कोड़ाई से सुरक्षा कराने आदि की मांग की है।

## 11 वर-वधुओं का सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। अवधूत भगवान राम निःशुल्क सामुहिक विवाह समिति प्रयागराज के तत्वावधान में लातेहार जिले के महुआडाढ़ थाना के ग्राम सोहरपाट में 11 वर-वधुओं का सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह बनौरा आश्रम रायगढ़ छत्तीसगढ़ के परमपूज्य प्रियदर्शी रामजी महाराज के निर्देशन तथा सामूहिक विवाह के आयोजक बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के द्वारा कराया गया। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 11 जोड़ा वर-वधुओं का विवाह उनके रिती रिवाज के अनुसार परमपूज्य प्रियदर्शी रामजी महाराज के निर्देशन में कराया गया। जिसमें महाराज के अलावे


मंडप में बैठे वर-वधु।

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह प्रयागराज से आए हुए परमार्थीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विवाह कार्य प्रातः 11 बजे प्रारम्भ किया गया तथा 2.30 बजे तक पूज्य बाबाजी के आशीर्वचन के साथ विवाह सम्पन्न किया गया। सभी नव-विवाहित जोड़ों को परमपूज्य प्रियदर्शी रामजी महाराज द्वारा तथा समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा उपहार स्वरूप 58 प्रकार के घरेलू समानों को दिया गया। जिसमें बक्सा, पलंग, साईकिल, कुर्सी टेबल, पंखा, बर्तनसेट, गद्दा, तकिया, रजाई सहित कुल 58 प्रकार के समान मौजूद थे।

सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा गया कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य


बारातियों का स्वागत करते लोग।

उद्देष्य समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करना है। साथ ही वैसे गरीब, असहाय जिनका विवाह आर्थिक अभाव के कारण पूर्ण नहीं हो पाता है वैसे गरीब असहाय वर-वधुओं का सामुहिक विवाह कराया जाता है। बताते चले कि परमपूज्य प्रातः स्मरणीय अघोरमूर्ति श्रद्धेय सुधीर भैया जी के ब्रह्मलीन होने के पश्चात उनके द्वारा सामाजिक कल्याण कार्य को आगे बढ़ाते हुए उनके द्वारा पूर्व में घोषित कार्यक्रम के अनुरूप सम्पन्न कराया गया। समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भविष्य में भी उनके द्वारा प्रारम्भ किए गए सामाजिक कल्याण कार्य को निरन्तर आगे बढ़ाते रहेगें। मौके पर रंधीर कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह, कृपा शंकर सिंह, अजय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, पंकज कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### आरके पब्लिक में पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग


बैठक करते अभिभावक व शिक्षक।

गढ़वा। शहर के आरके पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय के निर्देशन में कक्षा 6 से 12वीं के सभी शिक्षक एवं संबंधित कक्षा के अभिभावकों के साथ बैठक की गयी। इससे पूर्व पिछले रविवार को नर्सरी से कक्षा पांच तक के अभिभावक और शिक्षकों की बैठक आयोजित की गयी थी। इस अवसर पर संबंधित शिक्षक व सभी अभिभावकों से उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। स्कूल की तरफ से सभी अभिभावकों को सुझाव दिया कि वे अपने बच्चों की रीडिंग और राइटिंग पर विशेष ध्यान दें और बच्चों को जंक फूड, स्मार्टफोन एवं स्कूटी, बाइक से दूर रखें। अभिभावकों से यह भी आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों की डायरी नियमित देखें और उनकी गतिविधियों एवं संगति पर नजर रखें। साथ ही बच्चों के साथ समय व्यतीत करें और उनसे स्कूल की गतिविधियों की जानकारी लेकर समय-समय पर स्कूल को सूचित करें। मौके पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पाण्डेय ने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी है, इसके लिए अभिभावक और स्कूल को ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे नियमित अपने बच्चों को स्कूल भेजें और बच्चों की डायरी, फेयर कॉपी जरुर चेक करें। उन्होंने स्कूल द्वारा संचालित ऑनलाइन स्कूल एप्प के बारे में भी जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब एप्प के माध्यम से भी बच्चों को होमवर्क और अन्य सूचनायें भेजी जा रही हैं। अभिभावक स्कूल के संपर्क में रहें इससे बच्चों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों ने स्कूल के मार्गदर्शन में बच्चों के सर्वांगीण विकास की बात को स्वीकार किया और स्कूल के द्वारा प्रदत्त शिक्षा व आयोजित अन्य गतिविधियों की सराहना की।

### क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला पार्षद पहुंची बरडीहा हॉस्पिटल, गर्भवती महिलाओं को दी सुझाव


जांच करते डॉ कुलदेव चैधरी।

बरडीहा। बरडीहा जिला पार्षद अर्चना प्रकाश क्षेत्र भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरडीहा पहुंची। वहां उन्होंने हॉस्पिटल के क्रियाकलाप की जानकारी ली। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चैधरी गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कर रहे थे। डॉ चैधरी ने कार्यक्रम से संबंधित पूरी जानकारी दी। मौके पर गर्भवती महिलाओं को सम्बोधित करते हुए जिप सदस्य ने कहा कि एएनसी जनहित में काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि सही समय पर गर्भवती महिलाओं को जांच की सुविधा मिल जाये तो मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जानकारी के अनुसार पूरे देश में प्रत्येक माह 9 तारीख को एएनसी अर्थात प्रसव पूर्व जांच बिल्कुल निःशुल्क है। जिसमें चिकित्सीय परामर्श, रक्तचाप, ब्लड शुगर, लम्बाई, वजन, एनीमिया और संक्रमण के लिए खून जाँच, भ्रूण का धड़कन आदि शामिल है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए बास्केट फूड भी दिया जाता है। जिससे पोषक तत्व मिलता है। अर्चना प्रकाश ने नियमित जांच के लिए माताओं बहनों से आग्रह किया और अपने स्तर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधा देने का भरोसा दिलाया है। आपातकालीन सेवा में प्रशासन से निःशुल्क एम्बुलेंस की मांग की है और आश्वस्त किया कि बहुत जल्द उपलब्ध हो जाएगा।

## पेज एक का शेष

### शांति बहाली में...

140 करोड़ देशवासियों ने अपनी मेहनत से देश को बदला है और भारत विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय अपनी मातृभूमि की उपलब्धियों पर गर्व से सीना ऊंचा करते हैं। आप विदेशी दोस्तों के सामने देश की उपलब्धियों की लिस्ट रख देते हैं और वे सुनते रह जाते हैं। देशवासियों ने कड़ी मेहनत से भारत को सबसे मजबूत इकोनॉमी बना दिया है। मोदी ने कहा कि भारत-रूस की दोस्ती के लिए मैं विशेष रूप से अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन की सराहना करूंगा। रूस का नाम सुनते ही हर भारतीय के मन में पहला शब्द आता है-भारत के सुख-दुख का साथी और भारत का भरोसेमंद दोस्त। हमारा रिश्ता परस्पर मित्रता और भरोसे पर बना है।

### मोदी को रूस...

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा, मुझे क्रेमलिन में यह मानद पुरस्कार (ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू) प्रदान करते हुए खुशी हो रही है... यह दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में आपके द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान के लिए रूस की ईमानदारी से कृतज्ञता का प्रमाण है। आपने हमेशा हमारे देश के साथ व्यापक संपर्कों की सक्रिय रूप से वकालत की है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मॉस्को स्थित क्रेमलिन के सेंट कैथरीन हॉल में पीएम मोदी को अवॉर्ड से सम्मानित किया। पीएम मोदी को यह सम्मान रूस और भारत के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी और दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों के विकास में उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### कैंसर मरीजों के ...

60 साल पुराने भवन का जीर्णोद्धार : बैठक में 60 साल पुरानी रिम्स भवन का जीर्णोद्धार करने और परिसर का कायाकल्प करने पर निर्णय लिया गया। इसमें कुल 783 करोड़ की राशि खर्च होने का अनुमान है। रिम्स में 119 अनुबंधकर्मी स्टाफ को स्थायी करने पर सहमती बनी। दशहरा से पहले क्षेत्रीय नेत्र संस्थान शुरू करने के लि प्रोटोकॉल ऑफिसर की नियुक्ति का फैसला लिया गया। इस दौरान क्षेत्रीय नेत्र संस्थान शुरू किया जाएगा। एमआरआई मशीन की खरीदारी में सिंगल टेंडर के आड़े आने वाली समस्या को दूर कर रिपीट ऑर्डर पर मशीन खरीदने समेत कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। स्वास्थ्य मंत्री को 15 करोड़ की वित्तीय शक्ति और रिम्स डायरेक्टर को डेढ़ करोड़ की वित्तीय शक्ति प्रदान करने का फैसला लिया गया। इसके अलावा चिकित्सकों को प्रोमोशन देने का भी निर्णय लिया गया।

**रिम्स में इग्नू को मिलेगी जगह :** रिम्स में इग्नू को भी जगह मिल सकेगी, इस पर शासी परिषद की बैठक में इस पर भी मुहर लग गयी है। इसके अलावा पीजीडीएचएचएम समेत कई कोर्स की पढ़ाई भी संस्थान में हो सकेगी। बैठक में परिषद के सदस्य रांची के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, कांके के विधायक समरी लाल, रिम्स के निदेशक डॉ राज कुमार, रिनपास के डायरेक्टर, रांची विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं, एम्स के डायरेक्टर इस मीटिंग में ऑनलाइन जुड़े थे। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने रिम्स में पावरग्रिड विश्राम सदन का उद्घाटन किया

स्पीड न्यूज

### पुणे में जीका वायरस के दो और मरीज मिले

**मुंबई।** पुणे जिले के खराड़ी और कर्वे नगर इलाके में जीका वायरस से संक्रमित दो और मरीज मिलने से सनसनी फैल गई है। इससे पुणे में जीका संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुणे नगर निगम की टीम ने कर्वेनगर की 42 वर्षीय महिला और खराड़ी इलाके के 22 वर्षीय युवक के रक्त के नमूने रविवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी), पुणे भेजे थे। मंगलवार को एनआईवी की एक रिपोर्ट में उनके नमूनों में जीका के संक्रमण की पुष्टि हुई है।

### बडौली बने हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की बागडोर मोहन लाल बडौली के हाथ में सौंपी है। मंगलवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विधायक मोहन लाल बडौली को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 में मोहन लाल बडौली सोनीपत के राई निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार रहे और जीत हासिल की। इसे कांग्रेस के लिए एक निश्चित सीट माना जाता रहा था।

### अमेठी में सड़क हादसा पांच मरे और 12 घायल

अमेठी। उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के शुकुल क्षेत्र में मंगलवार भोर एक सड़क हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 12 से अधिक घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर किलोमीटर संख्या 68.8 के पास मंगलवार सुबह लगभग तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली से सिवान की तरफ जा रही बस एक अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गयी। हादसे में बस का बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान बस में बैठे पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि 12 लोग घायल हुए है।

### हिट एंड रन का मुख्य आरोपी मिहिर गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार सुबह हुए हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपित मिहिर राजेश शाह (24) को पुलिस ने शाहपुर से गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस की टीम ने आरोपित की मां और बहन को शाहपुर से हिरासत में लिया है। तीनों को पुलिस मुंबई लाकर पूछताछ कर रही है। मिहिर राजेश शाह पर वर्ली में नशे की हालत में कार चलाते हुए दुपहिया वाहन को टक्कर मारने का आरोप है। इस घटना में एक महिला कावेरी नाखवा की मौत हो गई थी और प्रदीप नाखवा घायल हो गए थे।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** जिले के थाना छोटेबेठिया अंतर्गत ग्राम बिनागुन्डा के जंगल में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया है। सर्चिंग के दौरान उसका शव, हथियार और नक्सल सामग्री बरामद की गई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि महिला नक्सली का शव बरामद हुआ है।

## निजी मुलाकात : रूस के राष्ट्रपति ने नोवो-ओगरियोवो सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री का किया स्वागत

# बहुत ऊर्जावान व्यक्ति हैं मोदी : पुतिन

एजेंसी

▸▸ प्रधानमंत्री मोदी ने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया है

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार रात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपने सरकारी आवास नोवो-ओगरियोवो पर एक निजी मुलाकात के तहत स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने देश की प्रगति के वास्ते किए गए कार्यों के लिए मोदी की प्रशंसा की। सरकारी समाचार एजेंसी तास की रिपोर्ट के मुताबिक, आवास पर अनौपचारिक बैठक के दौरान पुतिन ने मोदी से कहा कि मैं आपको दोबारा प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई देना चाहता हूं। मुझे लगता है कि यह कोई इत्तेफाक नहीं है, बल्कि आपके कई वर्षों के काम का नतीजा है। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि आपके अपने विचार हैं। आप बहुत ऊर्जावान व्यक्ति हैं, जो भारत और भारतीय लोगों के हित में परिणाम प्राप्त करने में सक्षम हैं। पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना पूरा जीवन अपने लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया है और लोग इसे महसूस कर सकते हैं। मॉस्को के बाहर सरकारी आवास पर चाय के दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच अनौपचारिक बैठक के दौरान मोदी ने अपने देश में हुए हालिया चुनावों को याद करते हुए कहा कि भारत के लोगों ने उन्हें मातृभूमि की सेवा करने का मौका दिया है। इस पर, पुतिन ने कहा कि आपने अपना पूरा जीवन भारतीय लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया है और वे इसे महसूस कर सकते हैं। तास की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि आप सही कह रहे हैं, मेरा एक ही लक्ष्य है - मेरा देश और इसकी जनता। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में नोवो-ओगरियोवो में उनकी मेजबानी के लिए राष्ट्रपति पुतिन के प्रति आभार व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह दो करीबी मित्रों और विश्वसनीय साझेदारों की बैठक थी। दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने निजी मुलाकात के लिए नोवो-ओगरियोवो स्थित अपने सरकारी आवास पर स्वागत किया। इसने कहा कि यह दोनों नेताओं के लिए भारत-रूस मैत्री का जश्न मनाने का अवसर है। इस यात्रा को व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ और संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मॉस्को पहुंचने के तुरंत बाद मोदी ने कहा कि वह भविष्य के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के लिए उत्सुक हैं और भारत और रूस के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा।'' प्रधानमंत्री ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि भारत शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए सहायक भूमिका निभाना चाहता है।

## भारत-रूस शिखर वार्ता : 2030 तक 100 अरब डॉलर होंगे व्यापार

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने 22वीं द्विपक्षीय वार्ता में आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने तथा आपसी व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

दोनों देशों ने संपर्क सुविधाएं बढ़ाने के लिए चेन्नई वल्दिवस्तक समुद्री गलियारे पर भी बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत यूरेशिया आर्थिक संघ व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने का भी फैसला किया। शिखरवार्ता के दौरान दोनों देशों ने सहयोग के 9 दस्तावेजों को स्वीकार किया। इनमें रूस के सदूर पूर्व में सहयोग तथा ध्रुवीय अनुसंधान संबंधी करार शामिल हैं। दोनों पक्षों ने औषधि व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही व्यापारिक संगठनों के बीच सहयोग संबंधी करार भी किए। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने दोनों देशों के बीच हुई वार्ता की जानकारी देते हुए बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव में हवाई हमले में बच्चों की मौत की घटना के बारे में मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को अपनी चिंता से अवगत कराया। मोदी ने इसे एक हृदय विघारक घटना बताया। विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पुतिन का ध्यान रूसी सेना में लगाए गए कुछ भारतीयों की ओर आकृष्ट कराया तथा उन्हें सेवा मुक्त कर भारत भेजे जाने पर जोर दिया।



मास्को में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गले मिलते रूस के राष्ट्रपति पुतिन

## हाथरस हादसे में एसडीएम समेत 6 अधिकारी निलंबित

एजेंसी

▸▸ भगदड़ की एसआईटी रिपोर्ट पर सरकार ने बड़ी कार्रवाई
▸▸ दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ से 121 लोगों की हुयी थी मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग के बाद हुई दुर्घटना को लेकर एसआईटी ने मंगलवार को जांच रिपोर्ट सौंप दी। योगी सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। हाथरस जिले के सिकन्दराराऊ में दो जुलाई को साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने दो सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। एसआईटी ने 02, 03 और 05 जुलाई को घटना स्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता एवं प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी शामिल है। इसके अलावा घटना के संबंध में प्रकाशित समाचार की प्रतियां, स्थलीय विडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का संज्ञान लिया गया। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। जांच समिति ने अब तक हुई जांच व कार्यवाही के आधार पर हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। जांच समिति ने कार्यक्रम आयोजक तथा तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज ने अपने दायित्व के निर्वहन करने में लापरवाही बरती। एसडीएम सिकन्दराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किये आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया। उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया गया। एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की। इसके आधार पर सरकार ने एसडीएम सिकंदराराऊ, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिकंदराराऊ, थानाध्यक्ष सिकन्दराराऊ, तहसीलदार सिकन्दराराऊ, चौकी इन्चार्ज कचौरा एवं चौकी इन्चार्ज पोरा को निलंबित कर दिया है। एसआईटी के मुताबिक आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। अनुमति के लिए लागू शर्तों का अनुपालन नहीं किया गया। आयोजकों द्वारा अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त एवं सुचारू व्यवस्था नहीं की गई। न ही कार्यक्रम के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया। आयोजक मंडल से जुड़े लोग अव्यवस्था फैलाने के दोषी पाए गए हैं। आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया गया। स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास किया गया। सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध के आपस में मिलने की छूट दी गई।

### सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिख फॉर जस्टिस पर पांच साल के लिए और प्रतिबंध बढ़ा दिया है। मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी की है। देश की अखंडता और संप्रभुता पर अघात करने की वजह से इस संगठन के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। यह संगठन अलग खालिस्तानी राष्ट्र बनाने की दिशा में सक्रिय हो चुका है। यह संगठन लगातार राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। 2019 में पहली बार सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध लगाया गया था। गृह मंत्रालय ने तब अधिसूचना जारी कर इस संगठन को देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। जनमत संग्रह की आड़ में संगठन उग्रवाद और अलगाववाद की विचारधारा को प्रचारित कर रहा है।

## शेयर बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड

▸▸ सेंसेक्स 391 अंक बढ़कर 80,351 पर पहुंचा और निफ्टी 112 अंक बढ़कर 24,433 पर हुआ बंद
▸▸ ऑटो, फार्मा व एफएमसीजी के शेयरों में रही तेजी


**मुंबई।** शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों ने ऑटो, फार्मा और एफएमसीजी शेयरों की अगुआई में नई ऊंचाई को छुआ, जिसमें मारुति सुजुकी इंडिया सबसे ज्यादा लाभ में रही। दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार ने स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कारों पर पंजीकरण कर माफ करने की घोषणा की है, जिसके चलते ऑटो शेयरों के भाव चढ़ गए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कारों और प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों पर पंजीकरण कर को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह माफ करने की घोषणा की है। इसके बाद मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में 6.52 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और यह 12,807 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 391 अंक बढ़कर 80,351 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 112 अंक बढ़कर 24,433 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 143 अंक बढ़कर 52,568 अंक पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक भी फायदे के साथ बंद हुए। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू और वैश्विक दोनों कारक बाजार की गति को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, एफएमसीजी और ऑटो जैसे उपभोग क्षेत्र लाभ में अग्रणी हैं, जो मानसून और खरीफ की बुवाई में प्रगति से उत्साहित हैं। निवेशक पहली तिमाही के आय परिणामों का इंतजार कर रहे हैं, जो बाजार की दिशा तय करेंगे।

## केजरीवाल पर पूरक चार्जशीट के बाद अदालत ने जारी किया प्रोडक्शन वारंट

शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को 12 जुलाई को पेश होने का निर्देश

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मंगलवार को प्रोडक्शन वारंट जारी कर आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से केजरीवाल के खिलाफ दायर पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए प्रोडक्शन वारंट जारी किया। दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आबकारी नीति मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई ने 26 जून 24 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई को गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने सीबीआई की ओर से केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग नहीं करने और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के आग्रह के बाद यह आदेश पारित किया था। इससे पहले ईडी की ओर से दर्ज मामले में विशेष अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दी थी।

### आयुष्मान खुराना का गाना 'रह जा' रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने मंगलवार को अपना नया गाना रह जा रिलीज किया है। रह जा एक 'दिल को छू लेने वाला दिल तोड़ने वाला गाना है, जो आयुष्मान खुराना का एक अद्वितीय रोमांटिक गाना है जो दिल को छूता है। आयुष्मान अपने रोमांटिक गानों के लिए जाने जाते हैं क्योंकि उन्होंने पानी दा रंग, साड़ी गली आजा, मिट्टी दी खुशबू, नज्म नज्म और मेरे लिए तुम काफी हो जैसे हिट गाने दिए हैं। आयुष्मान कहते हैं कि इस गाने का विचार मुझे लगभग चार साल पहले आया था जब सिंथ-पॉप मुखड़ा मेरे मन में नहीं था, मैंने इस गाने के बोल लिखे हैं और इसकी धुन भी बनाई है, जबकि प्रोग्रामिंग हिमेंशु ने की है, जिसमें मेरे थोड़े बहुत इनपुट हैं।

### दिल्ली में किडनी रैकेट का भंडाफोड़ महिला डॉक्टर समेत सात गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को एक अंतरराष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का भंड़ाफोड़ किया है। ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट के लोग एक किडनी डोनर से 4-5 लाख में किडनी लेते थे और रिसीवर को 20 से 30 लाख रुपये में बेचते थे। इस गिरोह की महिला डॉक्टर हर सर्जरी के 2 लाख रुपये ले रही थी। पुलिस के मुताबिक जिस अस्पताल में ये सर्जरी हो रही थी, वो नोएडा का बड़ा अस्पताल है। डोनर और रिसीवर को दिल्ली के जसोला के एक फ्लैट में रखा जाता था। बांग्लादेश हाई कमीशन के कई फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस ने इस रैकेट के सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनका कनेक्शन बांग्लादेश से है। रैकेट का मास्टरमाइंड भी बांग्लादेश का ही है। एक बड़े निजी अस्पताल की सीनियर डॉक्टर विजया कुमारी का भी नाम इसमें सामने आया है। उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया है। डॉक्टर के अलावा पिछले महीने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के नाम पर कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे। इसमें दावा किया गया था कि अंग दान करने वाले और अंग लेने वाले (दोनों बांग्लादेशी) के बीच संबंध है। गौरतलब है कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट को बड़े अस्पतालों में सीनियर सर्जन के जरिए ही किया जा सकता है। यह पूरी देखरेख में की जाने वाली एक बड़ी सर्जरी है। इसमें किसी एक व्यक्ति के शरीर से किसी अंग को निकालकर किसी दूसरे व्यक्ति के शरीर में लगाया जाता है।


VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## स्टेम विषयों में अब बेटियों की भागीदारी 40 प्रतिशत से अधिक

एजेंसी

### भविष्य में बेटों और बेटियों के बीच असमानता होगी दूर : राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ओड़िशा स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी बेटियां आदित्य एल-वन और चंद्रयान-3 जैसे प्रतिष्ठित साइंस मिशन का नेतृत्व कर रहीं हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टेम विषयों में अब बेटियों की भागीदारी 40 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में उपाधि, पदक एवं पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले कम है। उन्होंने भविष्य में बेटों और बेटियों के बीच असमानता की यह स्थिति दूर होने की आशा जताई। द्रौपदी मुर्मू ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विज्ञान की तार्किकता और परंपरा के संस्कारों को समन्वित करके आप आगे बढ़ रहे हैं। नाइसर के प्रतीक चिह्न में मैथ्स, बायोलॉजी, कैमिस्ट्री तथा फिजिक्स से जुड़े डिजाइन्स के साथ ईशोपनिषद से लिया गया कथन अंकित है विद्ययामृतमश्नुते। इसका भावार्थ यह है कि विद्या से व्यक्ति को अमृत प्राप्त होता है यानि विद्या-रूपी अमृत की संजीवनी पाकर व्यक्ति के कार्य अमर हो जाते हैं। उदाहरण के लिए, विश्व के महानतम वैज्ञानिकों में से एक सर सीवी रमन दशकों से हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन उनके द्वारा प्रतिपादित रमन इफेक्ट्स प्रासंगिक है और उस वैज्ञानिक सिद्धान्त के जरिये सीवी रमन सदैव अमर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सार्थक विद्या एवं ज्ञान वही है, जिसका प्रयोग मानवता की बेहतरी एवं उत्थान के लिए हो। मुझे इस वर्ष अप्रैल में भारत की पहली और विश्व की सबसे सस्ती कार और टी सेल थेरेपी का शुभारंभ करने का अवसर मिला। नाइसर में मेडिकल साइक्लोट्रॉन सुविधा की स्थापना के लिए कार्य किया जा रहा है। कैंसर के विरुद्ध हमारी लड़ाई में ये सब उपलब्धियां संपूर्ण मानव जाति के लिए एक नई आशा प्रदान करती हैं।